प्रकाशक :—
लालचन्द कोठारी
सादूल राजस्थानी रिसर्च इन्स्टीट्यूट
बीकानेर

मुद्रक :—
सुराना प्रिन्टिंग वर्क्स
४ २ अपर चितपुर रोड
कलकत्ता-७

प्रकाशकीय

श्री सादूल राजस्थानी रिसर्च-इन्स्टीट्यूट बीकानेर की स्थापना सन् १९४४ मे बीकानेर राज्य के तत्कालीन प्रधान मत्री श्री के० एम० पणिक्कर महोदय की प्रेरणा से, साहित्यानुरागी बीकानेर-नरेश स्वर्गीय महाराजा श्री सादूलसिंहजी बहादुर द्वारा सस्कृत, हिन्दी एव विशेषत राजस्थानी साहित्य की सेवा तथा राजस्थानी भाषा के सर्वाङ्गीण विकास के लिये की गई थी ।

भारतवर्ष के सुप्रसिद्ध विद्वानो एवं भाषाशास्त्रियो का सहयोग प्राप्त करने का सौभाग्य हमें प्रारभ से ही मिलता रहा है ।

सस्था द्वारा विगत १६ वर्षो से बीकानेर मे विभिन्न साहित्यिक प्रवृत्तिया चलाई जा रही हैं, जिनमें से निम्न प्रमुख हैं—

१. विशाल राजस्थानी-हिन्दी शब्दकोश

इस सबध में विभिन्न स्रोतों से सस्था लगभग दो लाख से अधिक शब्दो का सकलन कर चुकी है । इसका सम्पादन आधुनिक कोशा के ढंग पर, लबे समय से प्रारभ कर दिया गया है और अब तक लगभग तीस हजार शब्द सम्पादित हो चुके हैं । कोश मे शब्द, व्याकरण, व्युत्पत्ति, उसके अर्थ, और उदाहरण आदि अनेक महत्वपूर्ण सूचनाए दी गई हैं । यह एक अत्यत विशाल योजना है, जिसकी सतोषजनक क्रियान्विति के लिये प्रचुर द्रव्य और श्रम की आवश्यकता है । आशा है राजस्थान सरकार की ओर से, प्रार्थित द्रव्य-साहाय्य उपलब्ध होते ही निकट भविष्य में इसका प्रकाशन प्रारभ करना सभव हो सकेगा ।

२ विशाल राजस्थानी मुहावरा कोश

राजस्थानी भाषा अपने विशाल शब्द भडार के साथ मुहावरो से भी समृद्ध है । अनुमानत पचास हजार से भी अधिक मुहावरे दैनिक प्रयोग में लाये जाते हैं । हमने लगभग दस हजार मुहावरो का, हिन्दी में अर्थ और राजस्थानी मे उदाहरणों सहित प्रयोग देकर सपादन करवा लिया है और शीघ्र ही इसे प्रकाशित करने का प्रबध किया जा रहा है । यह भी प्रचुर द्रव्य और श्रम-साध्य कार्य है ।

यदि हम यह विशाल संग्रह साहित्य-जगत को दे सके तो यह संस्था के लिये ही नहीं किन्तु राजस्थानी और हिन्दी जगत के लिए भी एक गौरव की बात होगी।

३ आधुनिक राजस्थानी रचनाओं का प्रकाशन

इसके अन्तर्गत निम्नलिखित पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं—

१ कळायण, ऋतु काव्य। ले. श्री नानूराम संस्कर्ता

२. आभै पटकी, प्रथम सामाजिक उपन्यास। ले. श्री श्रीलाल जोशी।

३ वरस गांठ, मौलिक कहानी संग्रह। ले. श्री मुरलीधर व्यास।

'राजस्थान-भारती' में भी आधुनिक राजस्थानी रचनाओं का एक अलग स्तम्भ है जिसमें भी राजस्थानी कविताएं कहानियां और रेखाचित्र आदि छपते रहते हैं।

४ 'राजस्थान-भारती' का प्रकाशन

इस विख्यात शोधपत्रिका का प्रकाशन संस्था के लिये गौरव की वस्तु है। गत १४ वर्षों से प्रकाशित इस पत्रिका की विद्वानों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की है। बहुत चाहते हुए भी द्रव्याभाव, प्रेस की एवं अन्य कठिनाइयों के कारण, त्रैमासिक रूप से इसका प्रकाशन सम्भव नहीं हो सका है। इसका भाग ५ अङ्क १-४ 'डा० लुइजि पिओ तैस्सितोरी विशेषांक' बहुत ही महत्वपूर्ण एवं उपयोगी सामग्री से परिपूर्ण है। यह अङ्क एक विदेशी विद्वान की राजस्थानी साहित्य-सेवा का एक बहुमूल्य सचित्र कोश है। पत्रिका का अगला ७वां भाग शीघ्र ही प्रकाशित होने जा रहा है। इसका अङ्क १-२ राजस्थानी के सर्वश्रेष्ठ महाकवि पृथ्वीराज राठौड़ का सचित्र और वृहद् विशेषांक है। अपने ढंग का यह एक ही प्रयत्न है।

पत्रिका की उपयोगिता और महत्व के सम्बन्ध में इतना ही कहना पर्याप्त होगा कि इसके परिवर्तन में भारत एवं विदेशों से लगभग पत्र-पत्रिकाएं हमें प्राप्त होती हैं। भारत के अतिरिक्त पाश्चात्य देशों में भी इसकी मांग है व इसके ग्राहक हैं। शोधकर्ताओं के लिये 'राजस्थान भारती' अनिवार्यतः संग्रहणीय शोध-पत्रिका है। इसमें राजस्थानी भाषा, साहित्य, पुरातत्व, इतिहास, कला आदि पर लेखों के अतिरिक्त संस्था के तीन विशिष्ट सदस्य डा० दशरथ शर्मा, श्री नरोत्तमदास स्वामी और श्री अगरचन्द नाहटा की वृहद् लेख सूची भी प्रकाशित की गई है।

५ राजस्थानी साहित्य के प्राचीन और महत्वपूर्ण ग्रन्थों का अनुसधान, सम्पादन एव प्रकाशन

हमारी साहित्य-निधि को प्राचीन, महत्वपूर्ण और श्रेष्ठ साहित्यिक कृतियो को सुरक्षित रखने एव सर्वसुलभ कराने के लिये सुसम्पादित एव शुद्ध रूप मे मुद्रित करवा कर उचित मूल्य मे वितरित करने की हमारी एक विशाल योजना है। सस्कृत, हिंदी और राजस्थानी के महत्वपूर्ण ग्रथो का अनुसधान और प्रकाशन सस्था के सदस्यों की ओर से निरतर होता रहा है जिसका सक्षिप्त विवरण नीचे दिया जा रहा है—

६ पृथ्वीराज रासो

पृथ्वीराज रासो के कई सस्करण प्रकाश मे लाये गये हैं और उनमे से लघुतम सस्करण का सम्पादन करवा कर उसका कुछ अ श 'राजस्थान भारती' मे प्रकाशित किया गया है। रासो के विविध सस्करण और उसके ऐतिहासिक महत्व पर कई लेख राजस्थान-भारती में प्रकाशित हुए हैं।

७ राजस्थान के अज्ञात कवि जान (न्यामतखा) की ७५ रचनाओ की खोज की गई। जिसकी सर्वप्रथम जानकारी 'राजस्थान-भारती' के प्रथम अ क मे प्रकाशित हुई है। उसका महत्वपूर्ण ऐतिहासिक काव्य 'क्यामरासा' तो प्रकाशित भी करवाया जा चुका है।

८. राजस्थान के जैन सस्कृत साहित्य का परिचय नामक एक निवध राजस्थान भारती मे प्रकाशित किया जा चुका है।

९ मारवाड क्षेत्र के ५०० लोकगीतो का सग्रह किया जा चुका है। बीकानेर एव जैसलमेर क्षेत्र के सैकडो लोकगीत, घूमर के लोकगीत, बाल लोकगीत, लोरिया और लगभग ७०० लोक कथाऐं सग्रहीत की गई हैं। राजस्थानी कहावतों के दो भाग प्रकाशित किये जा चुके हैं। जीणमाता के गीत, पाबूजी के पवाडे और राजा भरथरी आदि लोक काव्य सर्वप्रथम राजस्थान-भारती' मे प्रकाशित किए गए हैं।

१० बीकानेर राज्य के और जैसलमेर के अप्रकाशित अभिलेखो का विशाल सग्रह 'बीकानेर जैन लेख सग्रह' नामक वृहत् पुस्तक के रूप में प्रकाशित हो चुका है।

११ जसवंत उद्योत 'मुंहता नैणसी री ख्यात' और अनोखी आन जैसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक ग्रंथों का सम्पादन एवं प्रकाशन हो चुका है।

१२. जोधपुर के महाराजा मानसिंहजी के सचिव कविवर उदयचंद भंडारी की ४० रचनाओं का अनुसंधान किया गया है और महाराजा मानसिंहजी की काव्य-साधना के संबंध में भी सबसे प्रथम 'राजस्थान-भारती' में लेख प्रकाशित हुआ है।

१३ जैसलमेर के अप्रकाशित १ शिलालेखों और 'भट्टि वंश प्रशस्ति' आदि अनेक अप्राप्य और अप्रकाशित ग्रंथ खोज-यात्रा करके प्राप्त किये गये हैं।

१४ बीकानेर के मस्तयोगी कवि ज्ञानसारजी के ग्रंथों का अनुसंधान किया गया और ज्ञानसार ग्रंथावली के नाम से एक ग्रंथ भी प्रकाशित हो चुका है। इसी प्रकार राजस्थान के महान विद्वान महोपाध्याय समयसुन्दर की ५६३ लघु रचनाओं का संग्रह प्रकाशित किया गया है।

१५. इसके अतिरिक्त संस्था द्वारा—

(१) डा. लुइजि पिओ टैस्सिटोरी, समयसुन्दर, पृथ्वीराज और लोकमान्य तिलक आदि साहित्य-सेवियों के निर्वाण-दिवस और जयन्तियां मनाई जाती हैं।

(२) साप्ताहिक साहित्यिक गोष्ठियों का आयोजन बहुत समय से किया जा रहा है, इसमें अनेकों महत्वपूर्ण निबंध लेख कविताएं और कहानियां आदि पढ़ी जाती हैं जिससे अनेक विध नवीन साहित्य का निर्माण होता रहता है। विचार विमर्श के लिये गोष्ठियों तथा भाषणमालाओं आदि का भी समय-समय पर आयोजन किया जाता रहा है।

१६ बाहर से ख्यातिप्राप्त विद्वानों को बुलाकर उनके भाषण करवाने का आयोजन भी किया जाता है। डा. वासुदेवशरण अग्रवाल, डा. कैलाशनाथ काटजू, राय श्री कृष्णदास, डा. जी. रामचन्द्रन्, डा. सत्यप्रकाश, डा. डब्लू. एलेन, डा. सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या, डा. तिबेरिओ-तिबेरी आदि अनेक अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विद्वानों के इस कार्यक्रम के अन्तर्गत भाषण हो चुके हैं।

गत दो वर्षों से महाकवि पृथ्वीराज राठौड़ आसन की स्थापना की गई है। दोनों वर्षों के आसन अधिवेशनों के अभिभाषक क्रमशः राजस्थानी भाषा के प्रकाण्ड

विद्वान् श्री मनोहर शर्मा एम० ए०, विसाऊ और प० श्रीलालजी मिश्र एम० ए०, हू डलोद, थे ।

इस प्रकार सस्था अपने १६ वर्षों के जीवन-काल मे, सस्कृत, हिन्दी और राजस्थानी साहित्य की निरतर सेवा करती रही है। आर्थिक सकट से ग्रस्त इस सस्या के लिये यह सभव नही हो सका कि यह अपने कार्यक्रम को नियमित रूप से पूरा कर सकती, फिर भी यदा कदा लडखडा कर गिरते पडते इसके कार्यकर्त्ताओ ने 'राजस्थान-भारती' का सम्पादन एव प्रकाशन जारी रखा और यह प्रयास किया कि नाना प्रकार की वाघाओ के वावजूद भी साहित्य सेवा का कार्य निरतर चलता रहे। यह ठीक है कि संस्था के पास अपना निजी भवन नही है, न अच्छा सदर्भ पुस्तकालय है, और न कार्य को सुचारु रूप से सम्पादित करने के समुचित साधन ही हैं, परन्तु साधनो के अभाव मे भी सस्था के कार्यकर्ताओ ने साहित्य की जो मौन और एकान्त साधना की है वह प्रकाश में आने पर सस्था के गौरव को निश्चय ही बढा सकने वाली होगी ।

राजस्थानी-साहित्य-भडार अत्यन्त विशाल है। अब तक इसका अत्यल्प अश ही प्रकाश में आया है। प्राचीन भारतीय वाङ्मय के अलभ्य एव अनर्घ रत्नों को प्रकाशित करके विद्वज्जनो और साहित्यिकों के समक्ष प्रस्तुत करना एव उन्हे सुगमता से प्राप्त कराना सस्था का लक्ष्य रहा है। हम अपनी इस लक्ष्य पूर्त्ति की ओर धीरे-धीरे किन्तु दृढता के साथ अग्रसर हो रहे हैं।

यद्यपि अब तक पत्रिका तथा कतिपय पुस्तको के अतिरिक्त अन्वेषण द्वारा प्राप्त अन्य महत्वपूर्ण सामग्री का प्रकाशन करा देना भी अभीष्ट था, परन्तु अर्थाभाव के कारण ऐसा किया जाना सभव नही हो सका। हर्ष की बात है कि भारत सरकार के वैज्ञानिक सशोध एव सास्कृतिक कार्यक्रम मत्रालय (Ministry of scientific Research and Cultural Affairs) ने अपनी आधुनिक भारतीय भाषाओ के विकास की योजना के अतर्गत हमारे कायक्रम को स्वीकृत कर प्रकाशन के लिये रु० १५०००) इस मद मे राजस्थान सरकार को दिये तथा राजस्थान सरकार द्वारा उतनी ही राशि अपनी ओर से मिलाकर कुल रु० ३००००) तीस हजार की सहायता, राजस्थानी साहित्य के सम्पादन-प्रकाशन

हेतु इस संस्था को इस वित्तीय वर्ष में प्रदान की गई है, जिससे इस वर्ष निम्नोक्त ११ पुस्तकों का प्रकाशन किया जा रहा है।

१ राजस्थानी व्याकरण—	श्री नरोत्तमदास स्वामी
२ राजस्थानी गद्य का विकास (शोध प्रबंध)	डा. शिवस्वरूप शर्मा अचल
३ अचलदास खीची री वचनिका—	श्री नरोत्तमदास स्वामी
४ हमीरायण—	श्री भंवरलाल नाहटा
५ पद्मिनी चरित्र चौपई—	,, ,, ,,
६ दलपत विलास	श्री रावत सारस्वत
७ डिंगल गीत—	,, ,,
८ पंवार वंश दर्पण—	डा. दशरथ शर्मा
९ पृथ्वीराज राठौड़ ग्रंथावली—	श्री नरोत्तमदास स्वामी और श्री बद्रीप्रसाद साकरिया
१० हरिरस—	श्री बद्रीप्रसाद साकरिया
११ पीरदान लालस ग्रंथावली—	श्री अगरचन्द नाहटा
१२ महादेव पार्वती वेलि—	श्री रावत सारस्वत
१३ सीताराम चौपई—	श्री अगरचन्द नाहटा
१४ जैन रासादि संग्रह—	श्री अगरचन्द नाहटा और डा. हरिवल्लभ भायाणी
१५. सदयवत्स वीर प्रबन्ध—	प्रो. मंजुलाल मजूमदार
१६ जिनराजसूरि कृतिकुसुमांजलि—	श्री भंवरलाल नाहटा
१७ विनयचन्द कृतिकुसुमांजलि—	,, ,, ,,
१८ कविवर धर्मवर्द्धन ग्रंथावली—	श्री अगरचन्द नाहटा
१९ राजस्थान रा दूहा—	श्री नरोत्तमदास स्वामी
२० वीर रस रा दूहा—	,, ,,
२१ राजस्थान के नीति दोहा—	श्री मोहनलाल पुरोहित
२२ राजस्थान व्रत कथाएं—	,, ,, ,,
२३ राजस्थानी प्रेम कथाएं—	,, ,,
२४ चंदायन—	श्री रावत सारस्वत

२५ भडुली— श्री अगरचन्द नाहटा
म विनय सागर
२६. जिनहर्ष ग्रथावली श्री अगरचन्द नाहटा
२७ राजस्थानी हस्तलिखित ग्रथो का विवरण ,, ,,
२८ दम्पति विनोद ,, ,,
२९ हीयाली-राजस्थान का बुद्धिवर्धक साहित्य ,, ,,
३० समयसुन्दर रासत्रय श्री भंवरलाल नाहटा
३१ दुरसा आढा ग्रथावली श्री बदरीप्रसाद साकरिया

जैसलमेर ऐतिहासिक सावन सग्रह (सपा० डा० दशरथ शर्मा), ईशरदास ग्रथावली (सपा० बदरीप्रसाद साकरिया), रामरासो (प्रो० गोवर्द्धन शर्मा), राजस्थानी जैन साहित्य (ले० श्री अगरचन्द नाहटा), नागदमण (सपा० बदरीप्रसाद साकरिया), मुहावरा कोश (मुरलीधर व्यास) आदि ग्रथो का सपादन हो चुका है परन्तु अर्थाभाव के कारण इनका प्रकाशन इस वर्ष नही हो रहा है ।

हम आशा करते हैं कि कार्य की महत्ता एव गुरुता को लक्ष्य मे रखते हुए अगले वर्ष इससे भी अधिक सहायता हमें अवश्य प्राप्त हो सकेगी -जिससे उपरोक्त सपादित तथा अन्य महत्वपूर्ण ग्रथो का प्रकाशन सम्भव हो सकेगा ।

इस सहायता के लिये हम भारत सरकार के शिक्षाविकास सचिवालय के आभारी हैं, जिन्होंने कृपा करके हमारी योजना को स्वीकृत किया और ग्रान्ट-इन-एड की रकम मजूर की ।

राजस्थान के मुख्य मन्त्री माननीय मोहनलालजी सुखाडिया; जो सौभाग्य से शिक्षा मन्त्री भी हैं और जो साहित्य की प्रगति एव पुनरुद्धार के लिये पूर्ण सचेष्ट हैं, का भी इस सहायता के प्राप्त कराने मे पूरा-पूरा योगदान रहा है। अत. हम उनके प्रति अपनी कृतज्ञता सादर प्रगट करते हैं।

राजस्थान के प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षाध्यक्ष महोदय श्री जगन्नाथसिंहजी मेहता का भी हम आभार प्रगट करते हैं, जिन्होने अपनी ओर से पूरी-पूरी दिलचस्पी लेकर हमारा उत्साहवर्द्धन किया, जिससे हम इस वृहद् कार्य को सम्पन्न करने मे समर्थ हो सके । सस्था उनकी सदैव ऋणी रहेगी ।

इतने थोड़े समय में इतने महत्वपूर्ण ग्रन्थों का संपादन करके संस्था के प्रकाशन-कार्य में जो सराहनीय सहयोग दिया है इसके लिये हम सभी ग्रन्थ सम्पादकों व लेखकों के अत्यंत आभारी हैं।

अनूप संस्कृत लाइब्रेरी और अभय जैन ग्रन्थालय बीकानेर, स्व० पूर्णचन्द्र नाहर संग्रहालय कलकत्ता जैन भवन संग्रह कलकत्ता महावीर तीर्थक्षेत्र अनुसंधान समिति जयपुर, ओरियंटल इन्स्टीट्यूट बड़ोदा भांडारकर रिसर्च इन्स्टीट्यूट पूना खरतरगच्छ बृहद् ज्ञान-भंडार बीकानेर, मोतीचंद खजांची ग्रन्थालय बीकानेर, खरतर आचार्य ज्ञान भण्डार बीकानेर, एशियाटिक सोसाइटी बंबई, आत्माराम जैन ज्ञानभंडार बड़ोदा मुनि पुण्यविजयजी मुनि रमणिक विजयजी, श्री सीताराम लालस श्री रविशंकर देराश्री पं. हरदत्तजी गोविंद व्यास जैसलमेर आदि अनेक संस्थाओं और व्यक्तियों से हस्तलिखित प्रतियां प्राप्त होने से ही उपरोक्त ग्रन्थों का संपादन संभव हो सका है। अतएव हम इन सबके प्रति आभार प्रदर्शन करना अपना परम कर्त्तव्य समझते हैं।

ऐसे प्राचीन ग्रन्थों का सम्पादन श्रमसाध्य है एवं पर्याप्त समय की अपेक्षा रखता है। हमने अल्प समय में ही इतने ग्रन्थ प्रकाशित करने का प्रयत्न किया इसलिये त्रुटियों का रह जाना स्वाभाविक है। गच्छतः स्खलनंक्वापि भवत्येव प्रमादतः हसन्ति दुर्जनास्तत्र समादधति साधवः।

आशा है विद्वद्वृन्द हमारे इन प्रकाशनों का अवलोकन करके साहित्य का रसास्वादन करेंगे और अपने सुझावों द्वारा हमें लाभान्वित करेंगे जिससे हम अपने प्रयास को सफल मानकर कृतार्थ हो सकेंगे और पुनः मां भारती के चरण कमलों में विनम्रतापूर्वक अपनी पुष्पांजलि समर्पित करने के हेतु पुनः उपस्थित होने का साहस बटोर सकेंगे।

निवेदक

लालचन्द कोठारी

प्रधान-मंत्री

सादूल राजस्थानी-इन्स्टीट्यूट

बीकानेर

बीकानेर

मार्गशीर्ष शुक्ला १५

सं. २०१७

दिसम्बर १९६०

सम्पादकीय

महोपाध्याय कविवर समयसुन्दर सतरहवीं शती के महान् विद्वान और सुकवि थे। प्राकृत, संस्कृत, राजस्थानी, गुजराती और हिन्दी मे निर्मित आपका साहित्य बहुत विशाल है। इधर कुछ वर्षों मे उसके अनुसन्धान व प्रकाशन का प्रयत्न भी अच्छे रूप मे हुआ है। मौलिक ग्रन्थों के साथ साथ इन्होने बहुत से महत्व-पूर्ण एव विविध विषयक ग्रन्थों पर टीकाएं भी रची है। राजस्थानी भाषा मे रचित इनकी रास चौपाई, स्तवन, सज्झायादि अनेकों पद्यबद्ध रचनाएँ तो है ही पर साथ ही षडावश्यक बालावबोध जैसी गद्य रचनाएँ भी प्राप्त हैं। आपकी पद्य रचनाओं मे सीताराम चौपाई सबसे बडी रचना है इसका परिमाण ३७०० श्लोक परिमित है। जैन परम्परा की रामकथा को इस काव्य मे गुम्फित किया है। कई वर्षों से इस महत्वपूर्ण ग्रन्थ के प्रकाशन का प्रयत्न चल रहा था और अनूप संस्कृत पुस्तकालय की सादूल ग्रन्थमाला द्वारा प्रकाशित करने के लिए लगभग १५ वर्ष पूर्व इसकी प्रेसकापी भी वहीं की एक प्रति से करवा ली गई थी पर उक्त ग्रन्थमाला का प्रकाशन स्थगित हो जाने से वह प्रेसकापी योंही पडी रही, जिसे अब सादूल राजस्थानी रिसर्च इन्स्टीट्यूट द्वारा प्रकाशित किया जा रहा है।

प्रस्तुत जैन रामायण (काव्य) का अनेक दृष्टियों से महत्व है। इसका मूलाधार प्राकृत भाषा का सीता चरित्र है जो अभी तक प्रकाशित नहीं हो पाया है। जैन राम कथा का सबसे

पहला ग्रन्थ विमलसूरि का पउमचरियं हिन्दी अनुवाद के साथ प्राकृत ग्रन्थमाला से प्रकाशित हो चुका है। इस ग्रन्थ का भी उल्लेख प्रस्तुत सीताराम चौ० में भी किया गया है पर सीता चरित्र—जिसके आधार से इस चौपाइ की रचना हुई—का प्रकाशन होना भी अत्यावश्यक है। दोनों ग्रन्थ प्राकृत भाषा में और प्राचीन हैं पर कथा एव नामों में कहीं कहीं अन्तर भी है।

प्रस्तुत सीताराम चौ की कथा का सर्व साधारण समझ सके इसलिए उसका संक्षिप्त सार भी ग्रन्थ के प्रारम्भ में दे दिया गया है। प्रो फूलसिंह और डा० कन्हैयालाल सहल के प्रस्तुत ग्रन्थ सम्बन्धी प्रकाशित लेखों को इस ग्रन्थ में देने के साथ साथ राजस्थानी भाषा की रामचरित सम्बन्धी रचनाएं और कविवर समयसुन्दर का विस्तृत परिचय भी भूमिका में दिया गया है। अन्त में चौपाइ में प्रयुक्त देशी-सूची भी दे दी गई है। शब्दकोष देने का विचार था पर ग्रन्थ बड़ा हो जाने से वह विचार स्थगित रखना पड़ा है। यों कथासार दे देने से ग्रन्थ को समझने में कोई कठिनाइ नहीं रहेगी।

अनूप संस्कृत लाइब्ररी की जिस प्रति से पहले नकल करवायी थी उसमें लेखन प्रशस्ति नहीं थी। फिर हमारे संग्रह की सं १७११ की लिखित प्रति से प्रेसकापी का मिलान किया गया। अन्त में अनूप संस्कृत लाइब्रेरी में ही कवि के स्वयं लिखित प्रस्तुत चौपाई की एक और प्रति प्राप्त हुई, सरसरी तौर से उससे भी मिलान कर लिया गया है। एवं स्व० पूरणचन्दजी नाहर के संग्रह की प्रति का भी इसके संपादन में उपयोग किया गया है।

इस तरह अपनी चिरकालीन इच्छा को फलवती होते देखकर हमे बडी प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है।

राजस्थानी शब्दकोष के निर्माण एवं प्रकाशन का प्रयत्न कई स्थानों मे काफी वर्षों से हो रहा है पर उसमें राजस्थानी जैन रचनाओ के शब्दों का उपयोग जहाँ तक नहीं होगा, वहाँ तक वह कार्य अधूरा ही रहेगा इसलिए ऐसे ग्रन्थों का प्रकाशन बहुत ही आवश्यक है।

जैनेतर राजस्थानी राम काव्यों मे चारण कवि माधोदास का राम रासो विशेष महत्व का है। उसे भी इन्स्टीट्यूट से प्रकाशित करने की योजना थी और डॉ० गोवर्द्धन शर्मा को उसके सम्पादन का काम भी सौंप दिया गया था पर वह समय पर पूरा नहीं हो सका इसलिए उसे प्रकाशित नहीं किया जा सका है। अगली योजना में इन्स्टीट्यूट को सरकार से प्रकाशन सहायता मिली तो उसे भी पाठकों की सेवा मे प्रस्तुत किया जायगा।

प्रस्तुत ग्रंथ सम्पादन मे जिन संग्रहालयों की प्रतियों का व जिन विद्वानों के लेखों का उपयोग किया गया है उनके प्रति आभार प्रदर्शित करना हमारा कर्तव्य समझते हैं।

अगरचन्द नाहटा
भँवरलाल नाहटा

अनुक्रमणिका

राजस्थानी का एक रामचरित काव्य

समयसुंदर रचित सीताराम चौपाई

(प्रो० फूलसिंह "हिमांशु")

कविवर समयसुदर का यह राजस्थानी रामकाव्य सं० १६७७ से ८३ के बीच रचा गया है इसका कथासार इस प्रकार है .—

राजा श्रेणिक के पूछने पर गौतम मुनि उन्हें कथा कहते हैं—वेगवती एव मधुपिंगल के जीव रानी वैदेही के गभ से क्रमश· सीता और भामंडल के नाम से उत्पन्न हुये। अयोध्या के राजा दसरथ की रानी अपराजिता से पद्म (राम) सुमित्रा से लक्ष्मण तथा कैकेयी से भरत और शत्रुघ्न उत्पन्न हुए। राम एवं सीता का परिणय। राम को राज्य दे दशरथ द्वारा जिन दीक्षा ग्रहण के निश्चय पर अपने स्वयम्वर मे राजा दशरथ का कौशल से रथ हाँकने पर कैकेयी द्वारा प्राप्त वर को भरत के राज्यतिलक के रूप मे माँगना। राम लक्ष्मण का सीता सहित बनवास गमन। दशरथ द्वारा दीक्षा ग्रहण। कैकेयी द्वारा ग्लानि अनुभव। भरत को भेज राम को लौटाने का प्रयत्न। कैकेयी का भी राम के पास प्रायश्चित करने हेतु पहुँचना। किन्तु राम द्वारा समझा कर वहीं भरत का राजतिलक।

बनवास —काल में कई कथा-प्रसंग। लक्ष्मण द्वारा कई विवाह। नन्दावर्त्त के राजा अतिवीर्य और भरत के बीच होने वाले युद्ध में राम-लक्ष्मण द्वारा नट वेश वना, अतिवीर्य को बन्दी बनाना दण्ड-

कारण्य में जटायु मिलाप। किसी नदी तट पर स्थायी निवास। लक्ष्मण द्वारा शम्बुक वध। रावण की बहिन चन्द्रनखा (शम्बुक की माता) द्वारा पुत्र शोक भूल कर राम-लक्ष्मण से प्रणय निवेदन। खरदूषण (चन्द्रनखा का पति) लक्ष्मण के बीच युद्ध। लक्ष्मण द्वारा विपत्ति का निर्धारित संकेत सिंहनाद रावण द्वारा छल से कर दिये जाने पर राम की अनुपस्थित में सीता-हरण। जटायु युद्ध। नकली सुग्रीव 'सहसगति का राम द्वारा वध। राम सुग्रीव मैत्री। हनुमान द्वारा सीता के पास लंका पहुँच राम का सन्देश लेना व लंका उजाड़ना। लक्ष्मण द्वारा कोटिशिला उठाना, नारायण के अवतार की पुष्टि। राम रावण युद्ध में लक्ष्मण की मूर्छा का विशल्या द्वारा मोचन। इसी बीच रावण द्वारा बहुरूपणी विद्या सिद्ध करना। रावण के चक्र से ही लक्ष्मण द्वारा रावण वध। मन्दोदरी चन्द्रनखा आदि का जिन दीक्षा ग्रहण करना। विभीषण का राज्याभिषेक। अयोध्या आगमन भरत द्वारा दीक्षा ग्रहण।

सीता के सम्बन्ध में लोकापवाद को सुन कर राम द्वारा गर्भवती सीता को वनवास। वज्रजंघ द्वारा बहिन मानकर सीता का स्वागत। लव कुश का जन्म। दोनों का विवाह, दोनों का अयोध्या पर आक्रमण। पिता पुत्रों का मिलन। सीता द्वारा अग्निपरीक्षा में सफल होने पर जिन दीक्षा-ग्रहण। इन्द्र की प्रशंसा पर दो देवों द्वारा राम लक्ष्मण के भ्रातृ प्रेम की परीक्षा में लक्ष्मण की मृत्यु। आगे चल कर राम द्वारा दीक्षाग्रहण तथा कैवल्य प्राप्त कर मोक्ष गमन। ग्रन्थान्त में ग्रन्थ महिमा एवं कवि परिचय 'सीताराम चउपई' की राम कथा संक्षेप में यही है। राम कथा से जुड़ी हुई और घटनायें भी ग्रन्थ में

वहुत है सम्पूर्ण रचना नौ खण्डों मे विभक्त है। जिनका नामकरण कवि ने प्रत्येक खण्ड के अन्त मे किया है।

महाकाव्य सर्ग वद्ध किया जाता है। यह रचना अनेक खंडों मे लिखी गई है और वहुत वडी है। जीवन का सर्वांगीण चित्रण हमें इसमे मिलता है। नायक स्वयं राम है जिनके वीरत्व में धीरत्व में सन्देह का कोई स्थान नहीं। वृत ऐतिहासिक है ही जिसमें पीछे कवि का महद्दुद्देश्य राम गुणगान स्पष्ट है। छन्द की विविधता, रसों का पूर्ण परिपाक, यह सब इस रचना को प्रवन्ध काव्य की कोटी में ला खड़ा करते है। कवि ने स्वय इस ओर सर्गान्त मे संकेत कर दिया है—इति श्री सीता राम प्रवन्धे।" इस प्रकार प्रस्तुत ग्रन्थ एक चरि-तात्मक प्रवन्ध काव्य सिद्ध होता है जिसमे अनेक का सम्वन्ध सूत्र नायक (राम) की कथा से जोड़ दिया गया है। चौपाई छन्द की अधिकता के साथ-साथ अन्य छन्द भी प्रयुक्त किये गये हैं अत. चौपाई की प्रधानता होने पर भी एवं 'प्रवन्ध' के पर्याय के रूप में भी 'चउपई' नाम रखा गया है।

ग्रन्थ का प्रारम्भ—ग्रन्थ का प्रारम्भ कवि ने परम्परानुसार मगलाचरण से किया है।

स्वस्तिश्री सुख सम्पदा, दायक अरिहत देव

× × ×

निज गुरुचरण कमल नमु, त्रिण्ह तत्व दातार

× × ×

समरू सरसति सामिनी, एक करूँ अरदास।

भाषा विचार—प्रस्तुत ग्रन्थ की भाषा शुद्ध मध्य युगीन राजस्थानी है। कवि की भ्रमणशील प्रवृत्ति के कारण बीच-बीच में गुजराती शब्दों का बहुल प्रयोग एवं सिंधी उर्दू फारसी आदि के शब्द भी स्वभावतः आ गये हैं पश्चिमी बोलचाल की भाषा होने के कारण ग्रन्थ अधिक सरस एवं मधुर हो गया है। शब्दों में रूप का उत्क्षेप है रूप कटुता नहीं। अकारान्त एवं इकारान्त शब्दों का बहुल प्रयोग है यथा—सीधउ पामउ, कालउ, साबउ, चालउ सोहइ, मांगइ आदि। विभक्तियाँ भी लुप्त ही रही हैं यथा—लगि, करि करे आदि।

फारसी आदि के विदेशी शब्द भी आ गये हैं यथा—फौज बकिस दिलगीर। सम्भवतः कवि के सिन्ध प्रवास का यह प्रभाव है।

वर्णन के अनुकूल शब्दावली का निर्माण कवि की अपनी विशेषता है। अनुकरण मूलक शब्द द्वारा भयानकता और भी बढ़ गई है

'पड़तइ सुवन भरा पिय काँपी सेपनाग सलसलिया
लंका लोक ठगल खलभलिया उदधि नीर ऊछलिया।

शैली—कवि कवि की शैली सरल है। कथा की दीर्घता के कारण सरल, सीधी सादी पद्धति में कवि कथा को कहता चला गया है। हाँ, जहाँ उसे वर्णन का थोड़ा भी अवकाश मिला है वहाँ बहुत लाघव से कुछेक शब्दों में वर्णन द्वारा चित्र खड़ा किया गया है जो अपने आप में पूर्ण है आकर्षक है।

कहावत एवं मुहावरों के प्रयोग से शैली और भी आकर्षक बन गई है। सीता के प्रति लोकापवाद के वज्रपात के मूल में कवि ने

सहज तर्क पद्धति का आश्रय लिया है जिसकी सत्यता में स्वयं राम भी सन्देह न कर सके थे।

भूखो भोजन खीर, विण जिम्या
छोडइ नहीं, इम जाणइ सही रे
तरस्यो चातक नीर, सुपडित
सुभाषित रसियो किम तजइ रे
दरिद्र लाधो निधान, किम छोडइ
जाणइ इम वलि नहिं सपजइ रे
तिण तु निश्चय जाणि, भोगविनइ
मुकी परी सीता रावणइ रे

और तब किसीके द्वारा सीता के सौन्दर्य के कारण राम द्वारा उसको रख लेने की बात कही जाती है तो दूसरा तर्क और भी प्रबल हो सम्मुख आता हैं।

'पेटइ को घालइ नहीं अति वाल्ही छुरी रे लो।'

और सीता को बनवास दे दिया गया।

'आपदा पड्या न को आपणो, रे लाल
कुण गिणइ सगपण घणो, रे लाल

कहावत एवं मुहावरों की इस तर्क-पद्धति द्वारा कवि स्वाभाविकता का स्पष्ट स्वरूप खडा करने मे सफल हुआ है जो इनकी शैली का सहज गुण बन गया है।

वर्णन—वर्णनों का बाहुल्य नहीं है। जहां कहीं वर्णन किया है, वहां बिलकुल नपे तुले शब्दों मे ही कवि एक चित्र खडा कर गया है। एक, दो वर्णन देखिये जो कितने स्वाभाविक बन पड़े हैं—

सुने नगर का वर्णन।

'गाइ भैंसि छुटी भमइ, धान चून मरया ठाम
गोहनी गोरस सू भरी फल फूल मरया ठाम
मारिय मामा माछली, सूदूना पड़या बजार
ठामि ठामि दीसइ मढा, पणि नहिं मनुष सचार

पुत्र जन्मोत्सव वर्णन

'घर बारि बन्दरमाल बाँधी, फूलना हाथा भरइ
कुंभ गुड़ गरमा गोरडी ए, पुत्र वाघउ इम कहइ
सहु मिली सुभ गीत गावइ हीयड हरखइ गहगहइ।'

प्रकृति-वर्णन—प्रकृति वर्णन में कवि ने कहीं रस नहीं लिया है। दण्डकारण्य वन का वर्णन केवल इन्हीं पंक्तियों में समाप्त कर दिया है।

'गिरी बहु रवमे भर्‌यो नदी है निरमल नीर
तरुवर फल फूले भर्‌या जहाँ बहु सुख सरीर।

भाव व्यंजना—कवि की पैनी दृष्टि सभी रसों पर गई है। वस्तुतः घटनाओं का इतना विस्तृत धरातल मिल जाने पर ही कवि की प्रतिभा खुल कर ग्रन्थ में आद्यान्त बिखर सकी है रसों का परिपाक देखिये कितना स्वाभाविक प्रतीत होता है।

शृङ्गार—शृङ्गार के दोनों पक्षों संयोग एवं विप्रलम्भ के बहुत ही आकर्षक एवं मार्मिक चित्र सहज रूप से अंकित हो गये हैं। परम्परागत सीता का नख सिख वर्णन तो शृङ्गार का एक संयत रूप लिए हुए है ही पर गर्भवती सीता का यह चित्र तो अपने आप में पूर्ण सजीव है, स्वाभाविक है—

'वज्रजघ राजा घरे, रहती सीता नारि
गर्भ लिंग परगट थयो, पांडुर गाल प्रकारि
थणमुख श्यामपणो थयो, गुरु नितम्ब गति मद
नयन सनेहाला थया, मुखि अमृत रसबिंद ।,

लंका में राम के विरह मे राक्षसों से घिरी सीता की अवस्था मे कितनी दयनीयता है—

'जेहवी कमलनी हिम वली, तेहवी तनु विछाय
आँखे आँसू नाखती, धरती दृष्टी लगाय
केस पास छूटइ थकइ, डावइ गाल दे हाथ
नीसासां मुख नांखती, दीठी दुख भर साथ ।'

वियोग की दसों दशाओं का चित्रण हमें ग्रन्थ मे मिलता है निर्वासित सीता के गुणों का स्मरण कर राम विलाप करने लग जाते हैं—

'प्रिय भाषिणी, प्रीतम अनुरागिनी
सघउ घणु सुविनीत
नाटक गीत विनोद सह मुझ
तुझ विण नावइ चीत
सयने रम्भा विलास गृह काम-काज
दासी माता अविहड़ नेह
मंत्रिवी बुद्धि निधान धरित्री क्षमा निधान
सकल कला गुण नेह

ऐसी निर्दोषिता होते हुए भी बनवास दे देने के कृत्य पर राम को आत्म ग्लानि हो उठती है—

धिग-धिग मुझ सिरोमणी हूँ भयो पुत्र तणी महा खाणि
दुरजन लोकि तणी दुरजने हुइ हांसी भर हाणि।

वात्सल्य—विप्रलंभ का एक मार्मिक प्रसंग देखिये। रानी वैदेही का, पुत्र भामण्डल के हरण पर यह विलाप मातृ हृदय की घनीभूत वेदना को हमारे अन्तरतम में स्थापित करता गया है।—

वीररस—राम रावण युद्ध का एक सजीव चित्र।

'सरणाइ वाजइ सिन्धूडइ, मदन भेरि पणि वाजइ
ढोल दमामा एकल माई नाजइ अम्बर गाजइ
सिंहनाद करई रणसूरा हाक बुंब हुंकारा
कायर सबर पड़्यो मुचिमइ नहीं, कौवा रड़ अपारा
मुह मांहोमांहि सबलो लागो वीर सड़ावड़ि वागी
जोर करीनइ दे मारता सुभटे तरवारि भागी

और भीषण युद्ध के बाद रक्तकी नदी बह गई।

'मद्दा रुधिर प्रवाह। पू मारूया हो।
मारूया भाषस सिरबंध मजुसरी हो॥'

भयानक—राम द्वारा धनुर्भंग होने पर।

धरणी धूजी पर्वत कांप्या शेषनाग सलसलिया
गज मदजरत चीत्कर दिग्गज जलनिधि जल झलझलिया
अपछर बीहती जइ आलिंग्या आप आपणा भरतार
राखि राखि प्रीतम इम कहती भमकह तु भाकार

करुण—लक्ष्मण की मृत्यु पर रानियों का विलाप शम्बुक-वध पर

चन्द्रनखा विलाप, रावण की मृत्यु पर मन्दोदरी आदि रानियो का विलाप वहुत ही करुण वन गया। लक्ष्मण की रानियों का यह रुला देनेवाला विलाप घनीभूत वेदना का एक अतिक्रमण हैं।

पोकार करता हीयो फाटइ', हार त्रोड़इ आपणा
आभरण देह थकी उतारइ, झरइ' आँसू अति घणा

और तव इस तरह की अश्रुधारा मे कवि निर्वेद की एक धारा और मिला देता है।

शान्त रस—लक्ष्मण पर चक्र व्यर्थ जाने पर रावण आत्मग्लानि के साथ ससार की निस्सारता का समर्थन करने लगता है।

'धिग मुझ विद्या तेज प्रतापा
रावण इण परि करइ पछतापा
हा हा ए ससार असारा,
वहुविध दुख तणा भण्डारा
हा हा राज रमणी पणि चचल,
जोवन उलर्‌यो जाय नदी जल
सोलइ रोग समाकुल देहा,
कारमा कुटुम्ब सम्वन्ध सनेहा

अलंकार योजना—अलकारों की ओर कवि का आग्रह नहीं हुआ करता, कविवर समयसुन्दरका भी नहीं है। भाषा और शब्दावली ही ऐसी है कि जब कवि भाव विभोर हो उठता है तो अनुप्रास तथा अलंकार स्वय खिचे चले जाते हैं। अस्तु, यह अलंकरण विलकुल स्वाभाविक हुआ है देखिये—

अनुप्रास—

(क) "रात सेज मिलि रामठा, तउ समता सुख होय
छिन कारणि कहुँ रातमो, लख सुखो नहु कोय।"

(ख) "हिय भीमच लख मोहस्यूँ, जिहुँ नायक बहु प्रेम"

(ग) 'पीवानी परि सुख लहण रामच लील विलाव।"

उपमा—

(क) केहरी कमलनी हिमवती, तेहरी तनु विलाप

परम्परागत उपमानों के साथ साथ नये उपमानों का प्रयोग कवि की सूझ है—

(ख) झालि पगे पखाखिस्, यस्त्र चोबी चोपड़ पेम

(ग) मत पावसी सरिखा होस्यो रे

उत्प्रेक्षा—युद्धभूमी में मरता हुआ रावण ऐसा लगा।

जाणे प्रबल पवन करि मायो
रावण ताल ज्युं दीपिका आयो
जाणे मेरु मह उपरवी
जिमा गुडि पड़ी प धरती

अतिशयोक्ति (क) हनुमान द्वारा लंका विध्वस—

पखाड़ सुपन धरा पिप कांपी
शेषनाग सलसलिया
लका लोक सबल खलभलिया
रवणि नीर छलछलिया

दृष्टान्त तथा उदाहरण—

(क) नजरि नजरि विहुँनी मिली, जिमि साकर सु दूध
मन मन सु विहुनउ मिल्यउ, दूध पाणी जिम सूध

सन्देह (क) के देवी के किन्नरी, के विद्याधर काइ

इसी तरह संपूर्ण ग्रन्थ मे अलंकारों का समावेश प्रयत्न नहीं, वल्कि स्पष्टतः स्वाभाविक है।

छन्द योजना—हमारे आलोच्य ग्रन्थ मे अनुष्टुप छन्दों की गणनानुसार कुल ३७०० श्लोक है जिसकी ओर कवि ने स्वयं सकेत किया है—

त्रिण्ह हजारनइ सातसइ, माजनइ ग्रन्थनो मानो रे

सम्पूर्ण ग्रन्थ राजस्थानी लोक गीतों की विभिन्न ढाल राग-रागनियों की तर्ज पर अधिकाशत. चौपाई छन्द में लिखा गया है ग्रन्थ मे लगभग ५० देशियाँ हैं जिनको प्रत्येक नये पद के प्रारम्भ मे कवि ने स्पष्ट कर दिया है एक उदाहण देखिये—

प्रथम खण्ड की तीसरी ढाल के प्रारम्भ मे कवि लिखता है।

ढ़ाल त्रीजी सोरठ देस सोहामणउ, साहेलड़ी ए देवा तणउ निवास गय सुकुमालनी, चउढालियानी अथवा सोभागी सुन्दर तुम्ह विन घडीय न जाय, ए देशी गीत एनी ढाल।

ग्रन्थ के प्रारम्भ में मगलाचरण दूहा छन्दमें है और उसके वाद एक ढाल है जिसके वाद पुन दोहा छन्द प्रयुक्त है। इस तरह ग्रन्थ मे आद्यन्त एक दूहा छन्द के वाद एक ढाल और फिर दूहा छन्द फिर ढाल यह क्रम चलता रहता है प्रत्येक नये खण्ड का प्रारम्भ दूहा छन्द से तथा अन्त सप्तम ढ़ाल के साथ होता है। इस प्रकार नौ खण्डों

के इस ग्रन्थ में कुल ६३ ढालें हैं ग्रन्थ का अन्त क्रमानुसार ६३वीं ढाल के साथ होता है।

कवि ने अनेक दैवी शक्तियों का सहारा लेकर अतिप्राकृत तत्व का भी समावेश किया है। अनेक विद्याओं आदि के प्रयोग से कवि ने मन्त्रमुग्ध की भाँति स्तंभित करना स्वेच्छानुसार वेश बना लेना जैसे विद्याधरों के मायावी कौतुकों का वर्णन किया है इस अतिप्राकृत तत्व ने घटनाओं में कौतूहल की पर्याप्त वृद्धि की है।

वस्तुत कवि की प्रतिभा ने जानी पहचानी जैन राम कथा को भी एक नये आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया है। बहुमुखी प्रतिभा के धनी महान गीतकार समयसुन्दर ने अनेक विषयों पर लिखा है जिसमें लगभग दश हजार रास साहित्य ग्रन्थों में से हमारा यह आलोच्य ग्रन्थ अपने विराट् रूप मार्मिक प्रसंग एवं सहज सरसता के कारण अपना महान अस्तित्व रखता है सरस सरल भाषा के साँचे में राम कथा को ढाल गाकर सुनाने का कवि का यह प्रयास अनेक दृष्टि कोणों से स्तुत्य है। [मरु भारती वर्ष ७ अंक १ से]

भूमिका

राजस्थानी भाषा में रामचरित सम्बन्धी रचनाएँ

पुरुषोत्तम राम और कृष्ण भारतीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक चेतना के प्रतीक हैं। दो तीन हजार वर्षों से इनके आदर्श चरित्रों ने भारतीय जनता के जीवनस्तर को प्रगतिमान बनाने मे महत्व का काम किया है। इनके सम्बन्ध मे विभिन्न प्रकार के साहित्य का निर्माण हुआ। जिनमे से रामायण और महाभारत भारतीय साहित्य मे बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। इन ग्रंथों मे वर्णित कथाओं एवं प्रसंगों पर और भी छोटे-बड़े सैकड़ों ग्रंथ रचे गये, प्रत्येक भारतीय भाषा में राम और कृष्ण चरित्र पाए जाते हैं। आगे चलकर तो ये महापुरुष, अवतार के रूप में प्रसिद्ध हुए और इनकी भक्ति ने करोडों मानवो को आप्लावित किया। भक्तों के हृदयोद्गार के रूप मे जो भक्तिकाव्य व गीत प्रगटित हुए उनकी संख्या भी बहुत विशाल है। पुरुषोत्तम श्री कृष्ण से मर्यादापुरुषोत्तम राम का चरित्र मानव के नैतिक स्तर को ऊँचा उठाने मे अधिक सहायक हुआ है। श्री कृष्ण की लीलाओं से कुछ खराबियाँ भी आईं, पर राम चरित के आदर्शों ने वैसी कोई विकृति नहीं की*। इसीलिए हमारी दृष्टि मे राम कथा को आदरणीय

---

* प० शिवपूजनसिंह, सिद्धान्तशास्त्री, विद्यावाचस्पति, कानपुर वेदवाणी वर्ष १३ अंक ४ में प्रकाशित कृष्णावतार की कल्पना' नामक लेख में लिखते हैं—"राम व कृष्ण की पूजा सर्वत्र भारतवर्ष में प्रचलित है। रामचन्द्र जी को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है क्योंकि वे सर्वत्र मर्यादाओं का पालन करते थे। अपने जीवन में उन्होंने कभी बुरा कर्म नहीं किया। कृष्णजी के

व ऊँचा स्थान मिलना चाहिये। राम राज्य एक आदर्श राज्य माना माना जाता है उसका बखान हर व्यक्ति करता है। महात्मा गांधी ने भी अपने स्वराज्य का आदर्श रामराज्य ही रखा था। उन्होंने राम नाम की महिमा को भी अद्भुत माना है। गांधीजी और विनोबा जैसे सब सब रोगों के निवारण का इसे अमोघ उपाय मानते हैं। साधारणतया जनरुचि भोग विलास की ओर अधिक आकर्षित नजर आती है और उसमें कृष्ण की लीलाओं से बहुत स्फूर्ति और प्रेरणा मिलने से विगत कुछ शताब्दियों से कृष्ण-भक्ति का प्रचार अधिक बढ़ा है। पर इधर ३०० वर्षों में तुलसीदास की रामायण ने जनता को बहुत बड़ी नैतिक प्रेरणा दी है। राम-भक्ति के प्रचार में इस राम चरित का बहुत बड़ा हाथ है।

राम कथा का प्रचार भी बहुत ही व्यापक एवं विस्तृत रहा है। इस कथा के अनेक रूप विविध धर्म, सम्प्रदायों एवं देश विदेशों में प्राप्त हैं। भारत के सभी भाषाओं के प्रारंभिक काव्य प्रायः राम चरित्र को लेकर बनाए गए हैं। वाल्मीकि का रामायण संस्कृत का आदि काव्य माना जाता है। इसी प्रकार विमलसूरि का पउम चरियं भी प्राकृत भाषा का आदि काव्य माना जा सकता है। जैन-धर्मों

नाम पर काम कितना अनाचार फैला हुआ है। इसे सभी जानते हैं। जिसको धनोपार्जन करना होता है और अपनी काम पिपासा शांत करनी होती है वह अपने को कृष्णावतार घोषित कर देता है। कृष्णजी को योगीराज कहा जाता है। वे वेदधर्म के प्रचारक राजनीतिज्ञ कूटनीतिज्ञ और ज्ञानी थे। पर श्रीमद् भागवत एकादश स्कंध में उनका जीवन-चरित्र कुछ विकृत रूप में दिया गया है।"

में राम का अपर नाम "पउम" या पद्म पाया जाता है और यह काव्य उनके सम्बन्धी होने से ही उसका नाम 'पउम चरियं' है। इसी प्रकार अपभ्रंश का उपलब्ध पहला काव्य भी महाकवि स्वयंभू का 'पउम-चरिउ' है। कन्नड आदि अन्य भारतीय भाषाओं मे भी रामकथा की प्रधानता मिलती है। तामिल, तेलुगु, मलयालम, सिंहली, कश्मीरी, बंगाली, हिन्दी, उडिया, मराठी, राजस्थानी, गुजराती, आसामी, के अतिरिक्त विदेश—तिब्बत, खोतान, हिन्देशिया, हिन्द-चीन, स्याम, ब्रह्मदेश आदि देशों की भाषाओं में रामकथा पाई जाती है। धर्म सम्प्रदाओं को लें तो हिन्दू धर्म मे तो इसकी प्रधानता है ही पर जैन एवं बौद्ध ग्रन्थों मे भी रामकथा पाई जाती है। जैनों में तो रामचरित्र मानस सम्बन्धी पचासों ग्रंथ हैं। हिन्दू धर्म सम्प्रदायों में तो शैव एवं शाक्त आदि सम्प्रदायों का प्रभाव रामकथा पर पड़ा है। राम कथा की इतनी व्यापकता का कारण उसकी आदर्श प्रेरणा-त्मकता है। देश विदेश मे स्थान स्थान पर प्रचारित हो जाने से इस कथा के अनेक रूप प्रचलित हो गए और प्राचीन कथा के साथ बहुत सी नई बातें जुडती गईं। बौद्ध-दशरथ जातक आदि में वर्णित राम कथा, जैन परम्परा की राम कथा आदि से हिन्दू धर्म में प्रच-लित राम कथा का तुलनात्मक अध्ययन करने से बहुत से नए तथ्य प्रकाश मे आते हैं। इन सब बातों की छान-बीन सन् १९५० मे भारतीय हिन्दी परिषद, प्रयाग से प्रकाशित रेवरेन्ड फादर कामिल बुल्के लिखित रामकथा (उत्पत्ति और विकाश) में भली भाँति की जा चुकी है। सुयोग्य लेखक ने प्रस्तुत शोध प्रवंध की तैयारी में बड़ा भारी श्रम किया है। अन्य शोध प्रबन्धों से इसकी तुलना करने पर, दूसरे

निर्बंध इसके सामने फीके मालूम पड़ते हैं। एक विदेशी व्यक्ति द्वारा भारतीय रामचरित पर इतना विशद प्रकाश डालना वास्तव में बहुत ही प्रशंसनीय एवं अनुकरणीय कार्य है। इस ग्रन्थ का अभी परिवर्द्धित संस्करण भी प्रकाशित हो चुका है। राम भक्ति-सम्प्रदायों व उनके साहित्य के सम्बन्ध में दो तीन महत्वपूर्ण ग्रन्थ प्रकाशित हो चुके हैं।

वाल्मीकि रामायण भारत के सांस्कृतिक इतिहास के निर्माण में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। जोधपुर के डा० शांतिस्वरूप व्यास ने वाल्मीकि' रामायण में भारतीय संस्कृति शीर्षक थीसिस लिखकर सराहनीय कार्य किया है। इस सम्बन्ध में उनके दो महत्वपूर्ण ग्रंथ सस्ता-साहित्य मंडल नई दिल्ली से प्रकाशित हो चुके हैं। मैंने कामिल बुल्के के उक्त ग्रन्थ को भी पढ़ा तो देखा कि उसमें गुजराती के एक-दो साधारण रामचरित्र सम्बन्धी ग्रन्थों का उल्लेख आया है पर राज स्थानी भाषा के रामचरित सम्बन्धी ग्रन्थ उनकी जानकारी में नहीं आए। अतः मैंने इस विषय को अपने शोध का विषय बनाया और हर्ष की बात है कि मुझे अच्छी सामग्री प्राप्त हुई। मैं अपने शोध के परिणाम को विद्वानों के सम्मुख उपस्थित कर रहा हूं। यह लेख 'राज स्थानी भाषा में राम चरित' की सामग्री का परिचय देने वाला ही होगा। उन ग्रन्थों का स्वतन्त्र अध्ययन करके विशद विवेचन करना तो एक शोध प्रबन्ध का ही विषय है। डा० कन्हैयालाल सहल ने प्रो० फूलसिंह चौधरी को इस विषय में मार्ग दर्शन लेने के लिए मेरे पास भेजा था और कुछ काम उन्होंने किया भी था पर वे अपना शोध प्रबंध पूरा नहीं कर पाये।

राजस्थानी भाषा की सर्वाधिक सेवा चारणों और जैन यतियों ने की है। इसके पश्चात् ब्राह्मण आदि वैदिक विद्वानों का स्थान आता है। हिन्दी भाषा मे भी राजस्थान मे रामचरित्र सम्बन्धी अनेक ग्रन्थ रचे गये है। राजस्थानी भाषा के रामचरित्र ग्रन्थों का आधार वाल्मीकि रामायण, अध्यात्म रामायण और जैन रामायण हैं। तुलसीदास की रामायण से भी उन्हें प्रेरणा अवश्य मिली होगी, पर उन रचनाओं मे उसका उल्लेख नहीं पाया जाता है। राजस्थान मे सन्त कवियों आदि द्वारा जो हिन्दी मे रामचरित्र लिखे गए हैं उन पर तुलसी रामायण का प्रभाव अधिक होना सम्भव है।

राजस्थान मे गत कई शताब्दियों से रामभक्ति, कृष्ण भक्ति, शैव उपासना और शक्ति साधना का प्रचार कभी कहीं अधिक, कहीं न्यून रूप में चलता रहा है। इसमे राज्याश्रय का भी प्रधान हाथ रहा है। जब जहाँ के राजाओं ने जिस उपासना को अपनाया व बल दिया तो वहाँ की प्रजा में भी उसने जोर पकड लिया, क्योंकि यथा राजा तथा प्रजा उक्ति के अनुसार खास तौर से राज्याश्रित हजारों व्यक्ति तो राजाओं की प्रसन्नता पर ही आश्रित थे। अतः राजस्थान में राजाओं मे रामभक्त अधिक नहीं हुए पर कई सन्त सम्प्रदायों के ही कारण रामभक्ति का प्रचार हो सका है।

रामभक्ति का प्रचार भक्तों एवं संतों के द्वारा ही अधिक हुआ और सन्तों का प्रचार कार्य साधारण जनता में ही अधिक रहा। इसलिए राजाओं में रामभक्त विशेष उल्लेखनीय जानने मे नहीं आए। शैव और शाक्त ये राजस्थान के प्राचीन और मान्य सम्प्रदाय हैं। क्षत्रिय लोक शक्ति के उपासक तो होते ही है। योग माया करणीजी की

प्रसिद्धि के बाद शक्ति उपासना का स्वरूप ही कुछ बदल गया। प्राचीन शक्ति रूपिणी देवी सुडा, चामुंडा आदि के प्राचीन मन्दिर जोधपुर राज्य में प्राप्त हैं। विशेषतः सुडा नामक पर्वत और ओसियां सोजत आदि के मन्दिर उल्लेख योग्य हैं। ओसियां की चामुंडा जैन श्रावकों में सच्चिका देवी के रूप में मान्य हुई। कृष्ण भक्ति का भी राजस्थान में अच्छा प्रचार रहा है राजघरानों व विलासप्रिय जनता की रुचि तो उस ओर होना स्वाभाविक ही थी।

राजस्थान के अनेक क्षत्रिय राजवंश अपने को रामचन्द्रजी के वंशज मानते हैं। सुप्रसिद्ध राठौर सीसोदिया आदि सूर्यवंशी राम चन्द्रजी से अपनी वंशावली जोड़ते हैं। राजस्थान का प्रसिद्ध प्रतिहार वंश अपने को रामचन्द्रजी के अनुज लक्ष्मण का वंशज मानता है। इस रूप में तो राजस्थान में मर्यादा-पुरुषोत्तम रामचंद्र का महत्व बहुत अधिक होना ही चाहिये। किराडू आदि स्थानों में रामावतार की मूर्तियाँ ११वीं १४वीं शताब्दी की मिली है। और ११वीं १२ शताब्दी के देवालयों में भी रामायण सम्बन्धी घटनाएँ उत्कीर्णित मिलती है और उन से राजस्थान में राम कथा के प्रचार व लोक प्रियता का पता चल जाता है।

राजस्थान के लोक गीतों में जो राम कथा सम्बन्धी अनेक गीत मिलते हैं उनसे भी रामकथा की लोकप्रियता का परिचय मिलने के साथ-साथ कुछ नए तथ्य भी प्रकाश में आते हैं। उदाहरणार्थ— सीता के वनवास में उसकी ननद कारणभूत हुई इस प्रसंग के गीत जैसे अन्य प्रान्तों में मिलते हैं वैसे ही राजस्थान में भी प्राप्त है।

राजस्थानी भाषा मे रामचरित सम्बन्धी रचनाओं का प्रारम्भ १६वीं शताब्दी से होने लगता है और २०वीं तक उसकी परम्परा निरन्तर चलती रही है। उपलब्ध राजस्थानी भाषा के रामचरित्र गद्य और पद्य दोनों प्रकार के है। इसी प्रकार जैन और जैनेतर भेद से भी इन्हें दो विभागों मे बांटा जा सकता है। इनमें जैन रचनाओं की प्राचीनता व प्रधानता उल्लेखनीय है।

रामचरित्र सम्बन्धी राजस्थानी जैन रचनाओंमे से कुछ तो सीता के चरित्र को प्रधानता देती हैं कुछ रामचरित्र को पूर्णरूप मे विस्तार से उपस्थित करती है तो कुछ प्रसंग विशेष को संक्षिप्त रूप मे।

१—दि० ब्रह्म जिनदास रचित रामचरित्र काव्य ही राजस्थानी का सबसे पहिला राम काव्य है। इस रामायण की रचना सं० १५०८ में हुई, इसकी हस्तलिखित प्रति डुगरपुर के लैन मन्दिर के भण्डार में है।

२—इसके बाद जैन गुर्जर कविओ भाग १ के पृष्ठ १६६ में उपकेश गच्छ के उपाध्याय विनयसमुद्र रचित पद्मचरित का उल्लेख पाया जाता है। यह रामचरित्र काव्य जो सं० १६०४ के फाल्गुनमे बीकानेर मे रचा गया है। दोनों अभिन्न ही है। पद्मचरित के आधार से बनाया गया। विनयसमुद्र के पद्मचरित की प्रति गौडीजी भंडार उदयपुर में हैं।

३—पिंगल शिरोमणि—सुप्रसिद्ध कवि कुशललाभने जेसलमेर के महाराजकुमार हरराजके नाम से यह मारवाडी भाषा का सर्व प्रथम छंद ग्रथ बनाया है उदाहरण रूप मे राम कथा वर्णित है। राजस्थानी शोध संस्थान, जोधपुर से प्रकाशित हो चुका है।

प्रसिद्धि के बाद शक्ति उपासना का स्वरूप ही कुछ बदल गया। प्राचीन शक्ति रूपिणी देवी सुडा चामुंडा आदि के प्राचीन मन्दिर जोधपुर राज्य में प्राप्त हैं। विशेषतः सुडा नामक पर्वत और ओसियां सोजत आदि के मन्दिर उल्लेख योग्य हैं। ओसियां की चामुंडा जैन श्रावकों में सच्चिका देवी के रूप में मान्य हुई। कृष्ण भक्ति का भी राजस्थान में अच्छा प्रचार रहा है राजघरानों व विलासप्रिय जनता की रुचि तो इस ओर होना स्वाभाविक ही थी।

राजस्थान के अनेक क्षत्रिय राजवंश अपने को रामचन्द्रजी के वंशज मानते हैं। सुप्रसिद्ध राठौर सीसोदिया आदि सूर्यवंशी रामचन्द्रजी से अपनी वंशावली जोड़ते हैं। राजस्थान का प्रसिद्ध प्रतिहार वंश अपने को रामचन्द्रजी के अनुज लक्ष्मण का वंशज मानता है। इस रूप में तो राजस्थान में मर्यादा-पुरुषोत्तम रामचंद्र का महत्व बहुत अधिक होना ही चाहिये। किराडू आदि स्थानों में रामावतार की मूर्तियाँ १३वीं १४वीं शताब्दी की मिली है। और ११वीं १२ शताब्दी के देवालयों में भी रामायण सम्बन्धी घटनाएँ उत्कीर्णित मिलती है और इन से राजस्थान में राम कथा के प्रचार व लोक प्रियता का पता चल जाता है।

राजस्थान के लोक गीतों में जो राम कथा सम्बन्धी अनेक गीत मिलते हैं उनसे भी रामकथा की लोकप्रियता का परिचय मिलने के साथ-साथ कुछ नए तथ्य भी प्रकाश में आते हैं। उदाहरणार्थ— सीता के वनवास में उसकी ननद कारणभूत हुई इस प्रसंग के गीत जैसे अन्य प्रान्तों में मिलते हैं वैसे ही राजस्थान में भी प्राप्त है।

राजस्थानी भाषा मे रामचरित सम्बन्धी रचनाओं का प्रारम्भ १६वीं शताब्दी से होने लगता है और २०वीं तक उसकी परम्परा निरन्तर चलती रही है। उपलब्ध राजस्थानी भाषा के रामचरित्र गद्य और पद्य दोनों प्रकार के है। इसी प्रकार जैन और जैनेतर भेद से भी इन्हें दो विभागों मे बाँटा जा सकता है। इनमे जैन रचनाओं की प्राचीनता व प्रधानता उल्लेखनीय है।

रामचरित्र सम्बन्धी राजस्थानी जैन रचनाओंमें से कुछ तो सीता के चरित्र को प्रधानता देती हैं कुछ रामचरित्र को पूर्णरूप मे विस्तार से उपस्थित करती है तो कुछ प्रसंग विशेष को संक्षिप्त रूप मे।

१—दि० ब्रह्म जिनदास रचित रामचरित्र काव्य ही राजस्थानी का सबसे पहिला राम काव्य है। इस रामायण की रचना सं० १५०८ में हुई, इसकी हस्तलिखित प्रति डुगरपुर के जैन मन्दिर के भण्डार मे है।

२—इसके बाद जैन गुर्जर कविओ भाग १ के पृष्ठ १६६ में उपकेश गच्छ के उपाध्याय विनयसमुद्र रचित पद्मचरित का उल्लेख पाया जाता है। यह रामचरित्र काव्य जो सं० १६०४ के फाल्गुनमे बीकानेर मे रचा गया है। दोनों अभिन्न ही है। पद्मचरित के आधार से बनाया गया। विनयसमुद्र के पद्मचरित की प्रति गौडीजी भंडार उदयपुर मे है।

३—पिंगल शिरोमणि—सुप्रसिद्ध कवि कुशललाभने जैसलमेर के महाराजकुमार हरराजके नाम से यह मारवाडी भाषा का सर्व प्रथम छंद ग्रथ बनाया है उदाहरण रूप मे राम कथा वर्णित है। राजस्थानी शोध सस्थान, जोधपुर से प्रकाशित हो चुका है।

४—सीता चउपई—यह ३२७ पद्यों की छोटी रचना है। इसमें सीता के चरित्र की प्रधानता है, खरतर गच्छ के जिनप्रभसूरि शाखा के आचार्य जिनभद्रसूरि के समय में सागरतिलक के शिष्य समय ध्वज ने इसकी रचना संवत् १६११ में की। श्रीमाल मरहुला और गूजरवंशीय गहमल के पुत्र भीवण और वरगहमल के लिए इसकी रचना हुई। इसकी संवत् १७०२ में लिखित १६ पत्र की प्रति हसविजय लाइब्रेरी, बड़ौदा में है।

५—सीता प्रबन्ध—यह ३४६ पद्यों में है। संवत् १६२८ रणथम्मोर में शाह चोखा के कहने से यह रचा गया। 'जैन गूर्जर कविओ' भाग ३ पृष्ठ ७३३ में इसका विवरण मिलता है। प्रति नाहटाजी के संग्रह (कलकत्ते) में है।

६—सीता चरित्र—यह सात सर्गों का काव्य पूर्णिमा गच्छीय हेमरत्नसूरि रचित है। महावीर जैन विद्यालय, तथा अनंतनाथ भंडार बम्बई एवं बड़ौदा में इसकी प्रतियाँ हैं। पद्मचरित्र के आधार से इसकी रचना हुई। रचनाकाल का उल्लेख नहीं किया पर हेमरत्न सूरि के अन्य ग्रंथ सं० १६३६—४५ में मारवाड़ में रचित मिलते हैं अत यह भी इसके आस पास की ही रचना है।

७—राम सीता रास—तपागच्छीय कुशलवर्द्धन के शिष्य नगर्षि ने इसकी रचना १६४९ में की। डाकामाई भंडार, पाटण में इसकी प्रति है और जैन गुजर कविओ भाग १ पृष्ठ २६० में इसकी केवल एक ही पंक्ति उद्धृत होने से ग्रन्थ की पद्य संख्यादि परिमाण का पता नहीं चलता।

८—जैन रामायण—राजस्थानी भाषा के विशिष्ठ कवि जिनराज सूरिजी ने आचार्य पद प्राप्ति से पूर्व (राजसमुद्र नाम था, सं० १६७४ मे आचार्य पद) इस रामचरित कथा की संक्षेप मे रचना की। इसकी एक मात्र समकालीन लिखित २८ पत्रों की प्रति कोटा के खरतर गच्छीय ज्ञानभडार मे है, पर उसमें प्रशस्ति का अंतिम पद्य नहीं है।

९—लव कुश रास—पीपल गच्छ के राजसागर रचित, इस रास मे राम के पुत्र लव कुश का चरित वर्णित है। पद्य संख्या ५७५ (ग्रंथाग्रन्थ ६००) है। संवत् १६७२ के जेठ सुदि ३ बुधवार को थिरपुर मे इसकी रचना हुई। उपर्युक्त पाटण भंडार मे इसकी १२ पत्रों की प्रति है।

१०—सीता विरह लेख—इसमे ६१ पद्यों मे सीता के विरह का वर्णन पत्र प्रेषण के रूप में किया गया है। संवत् १६७१ की द्वितीय आसाढ पूर्णिमा को कवि अमरचन्द ने इसकी रचना की। जन गूर्जर कविओ भाग १ पृष्ठ ५०८ मे इसका विवरण मिलता है।

११—सीताराम चौपई—महाकवि समयसुन्दर की यह विशिष्ट कृति है। रचनाकाल व स्थान का निर्देश नहीं है पर इसके प्रारम्भ में कवि ने अपनी पूर्व रचनाओं का उल्लेख करते हुए नल दमयंती रास का उल्लेख किया है जो संवत् १६७३ मेडते मे रायमल के पुत्र अमीपाल, खेतसी, नेतसी, तेजसी और राजसी के आग्रह से रचा गया। अत सीताराम चउपइ संवत १६७३ के वाद (इन्हीं राजसी आदि के आग्रह से रचित होने से) रची गई। इसके छठे खण्ड की तीसरी ढाल मे कवि ने अपने जन्म स्थान साचोर में बनाने का उल्लेख किया है। कविवर के रचित साचौर का महावीर स्तवन संवत् १६७७ के

माघ में रचा गया। सम्भव है कि इसीके आस पास सीताराम चउपई की उक्त ढाल भी वहाँ रची गई हो। इस सीताराम चउपई की संवत् १६८३ की लिखित तो प्रति ही मिलती है, अतः इसका रचनाकाल संवत् १६७३ से ८३ के बीच का निश्चित है।

प्रस्तुत चउपई नव खण्ड का महाकाव्य है। नवों रसों का पोषण इसमें किए जाने का उल्लेख कवि ने स्वयं किया है। प्रसिद्ध लोक गीतों की देशियों (चाल) में इस ग्रंथ की ढालें बनाई गई, उनका निर्देश करते हुए कवि ने कौनसा लोक गीत कहाँ कहाँ प्रसिद्ध है, उल्लेख किया है। जैसे—

(१) मोला रा गीत—मारूआड़ि ढूढाड़ि माहि प्रसिद्ध छै।

(२) सूमरा रा गीत—जोधपुर, मेड़ता नागौर, नगरे प्रसिद्ध छै।

(३) तिल्ली रा गीत—मेड़तादिक देशे प्रसिद्ध छै।

(४) इसी प्रकार "जैसलमेर के जादवा" आदि गीतों की चाल में भी ढाले बनाई गई।

प्रस्तुत ग्रन्थ पाठकों के समक्ष उपस्थित है अतः विशेष परिचय ग्रंथ को पढ़कर स्वयं प्राप्त करें।

१२—राम यशो रसायन—विजयगच्छ के मुनि केसराज ने संवत् १६८३ के आश्विन त्रयोदशी को अन्तरपुर में इसकी रचना की। ग्रंथ चार खण्डों में विभक्त है। ढालें ६२ हैं। इसका स्थानकवासी और तेरापंथी सम्प्रदाय में बहुत प्रचार रहा है। उन्होंने अपनी मान्यता के अनुसार इसके पाठ में रद्दो-बदल भी किया है। स्थानकवासी समाज की ओर से इसके दो तीन संस्करण छप चुके हैं। पर मूल पाठ जामंद काव्य महोदधि के द्वितीय भाग में ठीक से छपा है। इसका

परिमाण समयसुन्दर के सीताराम चौपाई के करीव का है। इसकी २ हस्तलिखित प्रतियाँ हमारे संग्रह में है।

१३—रामचन्द्र चरित्र—लोंका गच्छीय त्रिविक्रम कवि ने संवत् १६९९ सावण सुदि ५ को हिसार पिरोजा द्रंग मे इसकी रचना की। 'त्रिसष्टि शलाका पुरुष चरित्र' के आधार से नव खण्डों एवं १३५ ढालों मे यह रचा गया है। इसकी १३० पत्रों की प्रति श्री मोतीचन्द जी के संग्रह मे है। जिसके प्रारम्भ के ७५ पत्र न मिलने से तीस ढालें प्राप्त नहीं है। इस शताब्दी के प्राप्त ग्रन्थों मे यह सवसे वडा है।

१८वीं शताब्दी

१४—रामायण—खरतरगच्छीय चारित्रधर्म और विद्याकुशल ने सवत् १७२१ के विजयदशमी को सवालक्ष देस के लवणसर में इसकी रचना की। प्राप्त जैन राजस्थानी रचनाओं में इसकी यह निराली विशेषता है कि कवि ने जैन होने पर भी इसकी रचना जैन ग्रन्थों के अनुसार न करके वाल्मीकि रामायण आदि के अनुसार की है —

वाल्मीक वाशिष्टरिसि कथा कही सुभ जेह।
तिण अनुसारे राम जस, कहिये घणो सनेह॥

सुप्रसिद्ध वाल्मीकि—रामायण के अनुसार इसमे वालकाण्ड उत्तरकाण्ड आदि सात काण्ड है। रचना ढालवद्ध है। ग्रन्थ का परिमाण चार हजार श्लोक से भी अधिक का है। सीरोही से प्राप्त इसकी एक प्रति हमारे संग्रह में है।

१५—सीता आलोयणा—लोंका गच्छीय कुशल कवि ने ९३ पद्यों मे सीता के वनवास समय में किए गए आत्म विचारणा का इसमे

गुम्फन किया है। कवि की अन्य रचनाएं संवत् १७४६—८६ की प्राप्त होने से इसका रचनाकाल १८वीं शताब्दी निश्चित है।

१६—सीताहरण चौढालिया—तपागच्छीय दौलतकीर्ति ने ४६ पद्यों व ४ ढाल में सीता हरण के प्रसंग का वर्णन किया है। रचना बीकानेर में संवत् १७८४ में बनाई गई है। इसकी दो पत्रों की प्रति हमारे संग्रह में है।

१७—रामचन्द्र आख्यान—इसमें धर्मविजय ने ५५ छप्पय कवित्तों में रामकथा संक्षेप में वर्णन की है। इसकी पांच पत्रों की प्रति (१९वीं शताब्दी के प्रारम्भ की लिखित) मोतीचन्दजी खजांची के संग्रह में है, अतः रचना १८वीं शताब्दी की होना सम्भव है।

ब्र० जिनदास के रामचरित को छोड़ कर उपर्युक्त सभी रचनाएं श्वेताम्बर विद्वानों की हैं दिगम्बर रचनाओं में संवत् १७१३ में रचित।

१८—सीता चरित्र हिन्दी में है जो कवि रामचन्द्र के रचित है। उसकी १३४ पत्रों की प्रति आमेर भण्डार में है। गोविन्द पुस्तकालय, बीकानेर म भी इसकी एक प्रति प्राप्त है।

१९—सीताहरण—दि० जयसागर ने सं० १७३२ में धंभात नगर में इसकी रचना की भाषा गुजराती मिश्रित राजस्थानी है। उसकी ११४ पत्रों की प्रति उपर्युक्त आमेर भण्डार में है।

१९वीं शताब्दी

२०—राम मजरी—राम रास-तपागच्छीय सुज्ञानसागर कवि ने संवत् १८२२ मिगसर सुदी १० रविवार को इसकी उदयपुर में रचना की। भाषा में हिन्दी का प्रभाव भी है। चरित्र काफी विस्तार से

वर्णित है। ग्रन्थ ६ खण्डों मे विभक्त है। इसकी प्रति लींबडी के ज्ञान-भण्डार मे १८१ पत्रों की है। सम्भवतः राजस्थानी जैन रामचरित ग्रन्थों में यह सवसे वडा है। ग्रन्थकार बड़े वरागी एवं संयमी थे। इनकी चौवीसी आदि रचनाए सभी प्राप्त है।

२१—सीता चउपई—तपागच्छीय चेतनविजय ने संवत् १८५१ के वैसाख सुदि १३ को वगाल के अजीमगंज में इसकी रचना की। इनके अन्य रचनाओं की भाषा हिन्दी प्रधान है। प्रस्तुत चउपई की १८ पत्रों की प्रति वीकानेर के उ० जयचन्दजी के भंडार व कलकत्ते के श्री पूर्णचन्द नाहर के संग्रह मे है। परिमाण मध्यम है।

२२—रामचरित—ऋषि चौथमल ने इस विस्तृत ग्रन्थ की रचना की। श्री मोतीचन्दजी के संग्रह मे इसकी दो प्रतिया पत्र ६५ व ८४ की है। जिनमें से एक मे अंत के कुछ पत्र नहीं है और दूसरी मे अंत का पत्र होने पर भी चिपक जाने से पाठ नष्ट हो गया है इसका रचनाकाल सं० १८६२ जोधपुर है। इनकी अन्य रचना ऋषिदत्ता चौपाई संवत् १८६४ देवगढ (मेवाड) मे रचित है। प्रारम्भिक कुछ पद्यों को पढने पर ज्ञात हुआ कि समयसुन्दर के सीताराम चौपाई के कुछ पद्य तो इसमें ज्यों के त्यों अपना लिये हैं।

२३—राम रासो—लक्ष्मण सीता बनवास चौपाई—ऋषि शिव-लाल ने संवत् १८८२ के माघ वदि १ को बीकानेर की नाहटों की बगीची में इसकी रचना की, इसमें कथा संक्षिप्त है। १२ पत्रों की प्रति यति मुकनजी के संग्रह में हैं।

२० वीं शताब्दी

२४—राम सीता ढालीया—तपागच्छीय ऋषभविजय ने सवत्

१६०३ मिगसर वदि २ बुध को सात ढालों में संक्षिप्त चरित्र वर्णन किया है। भाषा गुजराती प्रधान है।

२५—बीसवीं के उत्तरार्द्ध में अमोलक ऋषि ने सीता चरित्र बनाया है वह मैंने देखा नहीं है उसकी भाषा हिन्दी प्रधान होगी।

बीसवीं शती में (२६) शुक्ल जैन रामायण—शुक्लचन्दजी (२७) सरल जैन रामायण—कस्तूरचन्दजी (२८) आदर्श जैन रामायण—चौथमलजी ने निर्माण की है।

फुटकर सती सीता गीत आदि तो कई मिलते हैं। गद्य में कई बालावबोध ग्रंथों में 'सीता चरित्र' संक्षेप में मिलता है उनका यहां उल्लेख नहीं किया जा रहा है। केवल एक मौलिक सीता चरित्र की की अपूर्ण प्राचीन प्रति हमारे संग्रह में है, उसीका कुछ विवरण आगे दिया जा रहा है।

गद्य

२६—सीता चरित्र भाषा—इसकी १८ पत्रों की अपूर्ण प्रति हमारे संग्रह में है, जो १६ १७वीं शताब्दी की लिखित है अतः इसकी रचना १६वीं शताब्दी की होनी सम्भव है। इसी तरह का एक अन्य संक्षिप्त सीता चरित्र (गद्य) मुनि जिनविजयजी संग्रह (भारतीय विद्या भवन बम्बई) में है।

इस प्रकार तथा ज्ञात जैन रचनाओं का परिचय देकर अब जैनेतर गद्य और पद्य रचनाओं (रामचरित्र सम्बन्धी ग्रन्थों) का परिचय दिया जा रहा है।

१७वीं शताब्दी

१ रामरासो—माधवदास दधवाड़िया रचित यह काव्य खूब

प्रसिद्ध रहा है। प्रारम्भिक मंगलाचरण मे कवि ने मुनि कर्माणद को नमस्कार किया है पता नहीं वे कौन थे? अन्तिम पद्यों मे 'राज हुकम जगतेस रे' शब्दों द्वारा जगतसिंह राजा का उल्लेख किया है वे भी कहाँ के राजा थे? निश्चित ज्ञात नहीं हुआ। इसकी पद्य संख्या प्रशस्ति के अनुसार ११३८ है। हमारे सग्रह मे भी इसकी कई प्रतियाँ हैं।

डा० मोतीलाल मेनारिया ने माधोदास का कविताकाल १६६४ निश्चय किया है। राम रासो की पद्य संख्या १६०१ और उदयपुर की प्रति का लेखन समय १६६७ दिया है। इनके उद्धृत पद वास्तव मे मूल ग्रन्थ के समाप्त होने के बाद लिखा गया है। उदयपुर प्रति मे राज्याभिषेक का वर्णन अधिक है।

१८वीं शताब्दी

२—रुघरासो सं० १७२५ के मिगसर मे मारवाड़ के वालरवे मे इसकी रचना रूघपति (रुघनाथ) ने की। इसकी प्रति कोटा भंडार में है।

३ राघव सीता रास—इस २२५ पद्योंवाली रचना की प्रति संवत् १७३५ की लिखी मिली है। इसकी भाषा व शैली बीसलदेव रासो की तरह है। राम रासो डिंगल शैली का ग्रन्थ है, तो यह बोलचाल की भाषा मे लोकगीत की शैली का। इसकी प्रति बीकानेर के बड़े ज्ञानभंडार में हैं।

४ राम सीता रास—३४ पद्यों की इस लघु रास की दो पत्रों की संवत् १७३३ लिखित प्रति हमारे संग्रह मे है।

सूरज प्रकाश (कविया करणीदान रचित) इस काव्य में राठोड़ों के के पूर्वज के रूप में राम का चरित दिया है।

१९वीं शताब्दी

रघुनाथरूपक—सेवग कवि मंछ ने संवत् १८६३ में इसे रचा है। राजस्थानी गीतों का यह प्रसिद्ध ग्रन्थ शास्त्र है। उदाहरण में कवि ने रामचरित्र को लिया है। इसीलिए इसका नाम रघुनाथ रूपक रखा है। नागरी प्रचारिणी सभा से यह छप भी चुका है।

६ रघुवर जस प्रकाश—यह भी राजस्थानी ग्रन्थ शास्त्र है। रच यिता किसनजी आढ़ा है। संवत् १७८१ में इसकी रचना हुई। कविता प्रौढ़ और भाषा शैली सरस है। राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर से यह प्रकाशित हो चुका है।

२०वीं शताब्दी

(७) गीत रामायण—जोधपुर के स्व० कविवर बख्तावरलाल माथुर ने सम्वत् १९५५ में यहीं के प्रचलित मारवाड़ी लोकगीतों की चाल में बनाई। इसमें प्रसिद्ध रामायण की भाँति सात काण्ड हैं और क्रमश ६१ ३८ १३ ४ १६, २ और ११ कुल १३६ गीत हैं। बाल-काण्ड, अवध काण्ड अरण्य-काण्ड किष्किन्धा-काण्ड सुन्दर-काण्ड, लंकाकांड और उत्तरकांड में राम के राज्य तक की कथा आई है। सीता वनवास का प्रसंग नहीं दिया गया। लोक गीतों की चाल में इसके गीत होने से स्त्रियों में इसका प्रचार बहुत अधिक हुआ। रचना बहुत सुन्दर है। पॉकेट साईज के २१२ पृष्ठों में छप चुकी है।

गद्य रामायण

(८) रामचरित्र बालावबोध—अध्यात्म रामायण के ६ अध्यायों का यह राजस्थानी अनुवाद है। सम्वत् १७४७ की लिखित प्रति प्राप्त होने से रचना इससे पूर्व की निश्चित है पर अनुवादक का नाम नहीं पाया जाता। भाषा सरल है। इसकी एक शुद्ध प्रति बीकानेर के बृहद् ज्ञान-भण्डार मे ५८ पत्रो की है। जो १८वीं शताब्दी की लिखी प्रतीत होती हैं। अनूप संस्कृत लायब्रेरी के गुटके नं० २४० के पत्राक १८० से २७० मे यह बालावबोध लिखित मिलता है। वह प्रति सम्वत् १७४७ मे लिखी गई है।

(६) रामचरित्र—अनूप संस्कृत लायब्रेरी मे एक अन्य गद्य रामचरित्र भी है जिसकी प्रति के प्रारम्भिक पाँच पत्र नहीं है और पत्राक १२५ मे कथा पूर्ण होती है। पर अन्त का उपसंहार बाकी रह जाता है।

(१०) रामचरित्र—श्री मोतीचन्दजी खजाची के संग्रह में सम्वत् १८३२ जोधपुर में लिखित प्रति मे यह गद्य रामचरित्र मिलता है। जिसमे ब्रह्माड पुराण के उल्लेख हैं। इसमें रामकथा बहुत विस्तार से चार हजार श्लोक परिमित हैं।

(११) रामचरित्र गद्य की एक सचित्र प्रति खजाचीजी के संग्रह मे है।

(१२) गद्य रामायण की एक प्रति जोधपुर के कविया बद्रीदानजी के संग्रह में प्राप्त हुई है।

राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान जोधपुर के संग्रह में राजस्थानी गद्य रामायण की सचित्र प्रति है।

(१३) मानव मित्र रामचरित्र—इसके लेखक स्व० महाराज साहब चतुरसिंहजी हैं। भाषा मेवाड़ी है। इसकी द्वितीय आवृत्ति मनोहर लाल शर्मा संस्कृत ग्रन्थागार चांद पोल, उदयपुर से २०३ पृष्ठों में प्रकाशित हुई है। पृष्ठ १६१ तक (विजय तक) का वृत्तान्त चतुर सिंहजी ने वाल्मीकि रामायण योग वशिष्ठ, तुलसी रामायण और महावीर चतुर के आधार से उपन्यास की भाँति लिखा है। उत्तर का चरित्र भी गिरधरलाल शास्त्री ने लिखकर ग्रन्थ को पूर्णता दी है।

(१४) बाल रामायण—सुप्रसिद्ध ब्रजलालजी बियानी ने विद्यार्थी अवस्था में इसे लिखा वह छप भी चुका है।

इस प्रकार जैन और जैनेतर राजस्थानी रामचरित्र ग्रन्थों का परिचय यहाँ दिया गया है। इससे स्पष्ट है कि जैन विद्वानों की रचनाएँ ज्यादा हैं और १६वीं शताब्दी से गद्य और पद्य में मिलने लगती हैं। जैनेतर रचनाओं का प्रारम्भ १७वीं के उत्तरार्द्ध से होता है, जो २०वीं तक निरन्तर चलता रहता है।

राजस्थान में हिन्दी भाषा का प्रचार भी १७वीं शताब्दी से प्रारम्भ हो गया और १८वीं से सैकड़ों ग्रन्थ रचे गये अतः हिन्दीभाषा के रामचरित्र ग्रन्थों की संख्या भी अच्छी होनी चाहिये। भक्त एवं सन्त कवियों ने भी कई रामचरित्र हिन्दी में लिखें हैं इनमें से सन्त कवि जगन्नाथ रचित रामकथाका परिचय मैं प्रकाशित कर चुका हूँ। यों नरहरिदास के अवतार चरित्र में भी रामचरित्र मिलता है।

रामचरित्र सम्वन्धी राजस्थानी साहित्य की जानकारी कराने के पश्चात् इस प्रकाश्यमान सीताराम चौपई के निर्माता महाकवि समयसुन्दर का परिचय यहाँ दिया जा रहा है।

कविवर समयसुंदर

राजस्थान की पवित्र भूमि अपनी युद्धवीरता के लिये विश्व-विख्यात है। पग-पग पर हजारों स्मारक आज भी अपनी मातृभूमि पर प्राण निछावर करनेवाले वीरों और वीरांगनाओं की अमर कीर्ति की याद दिला रहे हैं। इसी प्रकार अपनी दानवीरता के लिये भी राजस्थान प्रसिद्ध है। आज भी भारत की अधिकांश पारमार्थिक संस्थाएँ यहीं के दानवीरों की सहायता से जन-कल्याण कर रही हैं। यहाँ के चारण सुकवियों की ख्याति भी कम नहीं है। उनके वीर-काव्यों ने यहाँ के पुरुषों में जिस प्रचंड वीरता का संचार किया उसे सुनकर आज भी कायर हृदयों में वीरोचित उत्साह उमड पडता है। परन्तु सच्चा मानव वनने के लिये वीरता के साथ-साथ विश्वप्रेम, भक्ति, सदाचार, परोपकार आदि सद्गुणों का विकास भी परमावश्यक है। इस आवश्यकता की पूर्ति संतों ने की, जिनमे जैन विद्वान् संतों का स्थान सर्वोत्कृष्ट है। जैन विद्वानों ने अहिंसा का प्रचार तो किया ही, राजस्थान की व्यापारिक उन्नति के मूल कारण प्रामाणिकता पर भी उन्होंने वहुत जोर दिया। इन मुनियों के उपदेशों ने जनता मे वैराग्य, धर्म, नीति आदि आध्यात्मिक संस्कारों का विकास किया। कवि समयसुदरोपाध्याय भी उन्हीं जैन मुनियों मे एक प्रधान कवि हैं।

समयसुदर की कविता वडी ही सरल एवं ओजपूर्ण है। इनके

पांडित्य और इनकी प्रतिभा का विकास व्याकरण, अलंकार, छंद, ज्योतिष, जैन साहित्य, अनेकार्थ आदि अनेक विषयों में दिखाई पड़ता है और प्राकृत, संस्कृत राजस्थानी, गुजराती, हिंदी, सिंधी तथा पारसी तक में इनकी लेखनी समान रूप से चलती है। इन्होंने अनेक ग्रंथ रचकर भारतीय वाङ्मय की वृद्धि की। साहित्य के ये अप्रतिम सेवक थे।

जन्मभूमि—कवि की मातृभूमि होने का गौरव मारवाड़ प्रान्त के साँचोर स्थान को प्राप्त है। यह साँचोर भगवान् महावीर के तीर्थ-रूप में जैन साहित्य में प्रसिद्ध है।[1] कवि ने स्वयं अपनी जन्मभूमि का उल्लेख अपनी विशिष्ट भाषा-कृति सीताराम-चौपाई' में इन शब्दों में किया है—

मुझ जन्म श्री साचोर मांहि तिहां च्यार मास रह्या उच्छाहि।

तिहां ढाल ए कीधी एकेज, कहै समयसुंदर धरी हेज।

कवि-रचित साचोर-मंडन-महावीर-स्तवन' का रचनाकाल सं० १६७७ है। यह ढाल भी सम्भवतः उसी समय रची गई होगी। इनके शिष्य वादी हर्षनंदन और देवीदास ने भी गुरुगीतों में कवि की जन्म भूमि का वर्णन इस प्रकार किया है—

साच साचोरे सद्गुरु जनमिया रे। (हर्षनंदन)

जन्मभूमि साचोरे जेहनी रे। (देवीदास)

वंश—जैनों में तीन प्रसिद्ध जातियाँ हैं—श्रीमाल, ओसवाल, पोरवाड़। पुराने कवियों में इनकी विशेषताओं का वर्णन करते हुए

१—प्रथम—जैन-साहित्य-संशोधक खंड १ अंक १

पोरवाड जाति के बुद्धि-वैभव की विशेषता 'प्रज्ञाप्रकर्ष प्राग्वाटे' वाक्य द्वारा वतलाई है। विमल-प्रबंध मे पोरवाड जाति के सात गुणों में चौथा गुण "चतुः प्रज्ञाप्रकर्षवान्" लिखा है जो प्राचीन इतिहास के अवलोकन से सार्थक ही सिद्ध होता है। गुजरात के महामन्त्री वस्तु-पाल, तेजपाल ने अरिसिंह आदि कितने ही कवियों को आश्रय दिया, उत्साहित किया और स्वय वस्तुपाल ने भी 'वसंतविलास'[२] नामक सुन्दर काव्य की रचना कर अपने अन्य सुकृत्यों पर कलश चढ़ा दिया। इससे पूर्व महाकवि-चक्रवर्ती श्रीपाल ने भी शतार्थी[३], सहस्र-लिंग सरोवर, दुर्लभ सरोवर, रुद्रमाला की प्रशस्ति महाराज सिद्धराज के समय मे और वडनगर-प्रशस्ति तथा कई स्तवनादि महाराज कुमार-पाल के समय मे सं० १२०८ मे वनाए। इनका पौत्र विजयपाल भी अच्छा कवि था। इसका रचा द्रौपदी-स्वयंवर नाटक जैन-आत्मानंद सभा, भावनगर से प्रकाशित है। सतरहवीं शती में इसी वंश में श्रावक महाकवि ऋषभदास[४] हुए, जो कवि के समकालीन थे। प्राग्वाट (पोरवाड) जाति की प्रज्ञाप्रकर्षता के ये उदाहरण हैं। इसी पोरवाड[५]

२—वडोदा ओरियटल सीरीज से प्रकाशित। सबंधित कवियों के विषय में द्रष्टव्य-डा० भोगीलाल साडेसरा कृत 'वस्तुपाल का विद्यामडल' (जैन-सस्कृति-सशोधक-मंडल, वनारस)।

३—'जैन-सत्य-प्रकाश', वर्ष ११ अक १०

४—'आनद-काव्य-महोदधि', मौक्तिक ८

५—'अनेकात', वर्ष ४ अक ६ एव 'ओसवाल', वर्ष १२ अंक ८ १० में प्रकाशित लेखक के लेख।

वंश में महाकवि समयसुंदर का जन्म हुआ था जिसका उल्लेख उनके शिष्यवादी हर्षनंदन ने इस प्रकार किया है—

प्राग्वाट्यं प्राग्वाटे इति सत्य व्यापारि यः (मध्याह्न व्याख्यान पद्धति)
प्राग्वाट-वंश-रत्ना धर्मश्री मणिकासुत । (ऋषिमंडल वृत्ति)
प्राग्वाट ज्ञातवंश पद्मापा गीतिकाव्यकर्त्तारः । (उत्तराध्ययन वृत्ति)
परगड़ वंश पोरवाड़ । (श्री समयसुंदरोपाध्यायानां गीतम्)

देवीदास ने भी अपने गीत में 'वंश पोरवाड़ विख्यातो जी' लिखा है।

माता पिता और दीक्षा—कवि के पिता का नाम रूपसी और माता का लीलादे या धर्मश्री था जिनका उल्लेख वादी हर्षनंदन ने "रूपसी जो रा नंद" और देवीदास ने 'मात लीलादे रूपसी जन मिया" शब्दों द्वारा किया है। कवि के जन्म अथवा दीक्षा का समय अद्यावधि अज्ञात है। परन्तु इनकी प्रथम कृति 'भावशतक' के रचना काल के आधार पर श्री मोहनलाल दलीचंद देसाई ने उस समय इनकी आयु २०—२१ वर्ष अनुमानित कर जन्म-काल वि० १६२० होने की संभावना की है जो समीचीन जान पड़ती है। वादी हर्षनंदन के "नव यौवन भर संयम संग्रह्यो जो, सई हथे श्री जिनचंद" इस उल्लेख के अनुसार दीक्षा के समय इनकी अवस्था कम से कम १५ वर्ष होनी चाहिए। इस अनुमान से दीक्षा-काल वि० १६३५ के लगभग बैठता है। इनकी दीक्षा श्रीजिनचंद्रसूरि[१] के करकमलों से होना सिद्ध है। सूरिजी

१—द्रष्ट हमारा 'युगप्रधान जिनचंद्रसूरि ग्रंथ'। इन्होंने सम्राट् अकबर को जैन धर्म का बोध दिया था और सम्राट् जहाँगीर तथा अन्य राजाओं पर भी इनका अच्छा प्रभाव था।

ने इन्हें अपने प्रथम शिष्य रीहड़-गोत्रीय श्री सकलचंद्र गणि[७] के शिष्य रूप मे दीक्षित किया था।

विद्याध्ययन—इनके गुरु श्री सकलचंद्र जी इनकी दीक्षा के कुछ ही वर्षों बाद स्वर्गवासी हुए, अतः इनका विद्याध्ययन सूरिजी के प्रधान शिष्य महिमराज और समयराज के तत्त्वावधान में हुआ। इसका उल्लेख कवि ने स्वयं इस प्रकार किया है—

> श्री महिमराज वाचक वाचकवर समयराज गुण्यानां
> मद्विद्यैकगुरूणा प्रसादतो सूत्रशतकमिदम् ॥ (भावशतक, १।१)
> श्री जिनसिंह मुनीश्वर वाचकवर समयराज गणिराजाम्
> मद्विद्यैकगुरूणामनुग्रहो मेऽत्र विज्ञेयः ॥ (अष्टलक्षी, २८)

संघपति सोमजी के संघ के साथ शत्रुंजय-यात्रा—

सं० १६४४ में श्री जिनचन्द्रसूरि खंभात मे चातुर्मास्य कर अहमदाबाद आए। उनके उपदेश से शत्रुंजय का माहात्म्य श्रवण कर पोरवाड-ज्ञातीय सोमजी[८] और उनके भाई शिवा ने शत्रुंजय का संघ निकाला, जिसमें मालव, गुजरात, सिंधु, सिरोही आदि नाना स्थानों के यात्री-संघ आकर सम्मिलित हुए थे। इस संघ मे कवि समयसुंदर भी अपने दादा-गुरु और विद्यागुरु आदि के साथ शत्रुंजय गए और चैत्र बदी ४ बुधवार को महातीर्थ शत्रुंजय गिरिराज की यात्रा की। इसका उल्लेख कवि ने अपने 'शत्रुंजय भासद्वय' मे इस प्रकार किया है—

७—खरतरगच्छ पट्टावली के अनुसार इनकी दीक्षा वि० १६१२ में बीकानेर में हुई थी।

८—द्रष्ट० 'युगप्रधान जिनचंद्रसूरि', पृ० २४०

संवत सोल चिमाल मह रे, चैत्र मास वदि अरय शुक्रवार रे।
जिनचन्द्रसूरि यात्रा करी रे, चतुर्विध श्रीसंघ परिवार रे॥ ८॥

अकबर के आमन्त्रण पर लाहोर-यात्रा—वि० १६४७
सम्राट् अकबर ने जैन धर्म का विशेष बोध प्राप्त करने के उद्देश्य
मन्त्री कर्मचंद्र द्वारा जिनचन्द्रसूरि का कड़ी धूप में आना कष्ट
जान उनके मुख्य शिष्य वाचक महिमराज को बुलाने के निमित्त
शाही पुरुषों को विज्ञप्तिपत्र देकर सूरिजी के पास भेजा। उन्हें
विज्ञप्तिपत्र पाते ही महिमराज को अ॰ अन्य साधुओं के साथ लाह
भेजा। इनमें हमारे कवि समयसुंदर भी एक थे, जिन्होंने श्री जि
सिंहसूरि अष्टक में इस यात्रा का वर्णन किया है—

> एह अवस्था श्री शांतिनाथ गुरु थिर थर्यो हाथ
> समयसुंदर साथ चाले नीकी गतियाँ।
> अनुक्रमि चलि आए सीरोही में सुख पाए
> मुलताण मनि आए देखत अँखियाँ।
> जालोर मेदिनातट पदधारत जिमपत प्रकट
> बीकानेर नीति मठ जयशिरि गतियाँ।
> रिणी तह सरसपुर आवत फिरोजपुर
> संपत मरी स्वपुर मानु आरती हरियाँ। २॥
> पत्तु आवत सुरोम लीनी लाहोर बधाई दीनी
> मगी क माहिम कीनी कहइ पसाउ पतियाँ।
> मानसिंह गुरु आए पातसाह कं सुहाए
> वाजिन दिए बजाए राग दीवह दुखियाँ।

समयसुंदर मायउ पद्ममारउ नीकउ वणायउ
श्री संघ साम्हउं आयउ सज्जकरि हथियाँ।
गावत मधुर सर रूपइ मानु अपछर
सुंदर सूहव करइ गुरु आगइ सथियाँ॥३॥

इसके पश्चात् अकबर और जहाँगीर की श्रद्धा वा० महिमराज के प्रति उत्तरोत्तर बढती गई और जब अकबर ने सं० १६४६ मे काश्मीर-विजय के लिये स्वयं जाना निश्चित किया तो उसने श्री जिनचंद्रसूरि से वा० महिमराज को धर्मोपदेश के लिये अपने साथ भेजने की विज्ञप्ति की। तदनुसार श्रावण सुदी १३ को संध्या समय काश्मीर-विजय के उद्देश्य से प्रयाण कर सब लोग राजा श्रीरामदास की वाटिका मे ठहरे। उस समय अनेक सामंतों, मंडलीकों तथा विद्वानों की सभा में कवि समयसुन्दर ने अपने अद्वितीय ग्रंथ 'अष्टलक्षी' को पढकर सुनाया। इसे सुन सम्राट् बहुत चमत्कृत हुआ और भूरि-भूरि प्रशंसा करके 'इसका सर्वत्र प्रचार हो' कहते हुए उसने अपने हाथ से उस ग्रंथरत्न को ग्रहण कर उसे कवि के हाथों मे समर्पित किया।

इस अभूतपूर्व ग्रंथ मे "राजानो ददते सौख्यं" इस आठ अक्षर वाले वाक्य के १०२२४०७ अर्थ किए गए हैं। कहा जाता है कि किसी समय एक जैनेतर विद्वान् ने जैन धर्म के "एगस्स सुत्तस्स अनंतो अत्थो" वाक्य पर उपहास किया था, उसी के प्रत्युत्तर मे कवि ने यह ग्रंथ रच डाला।[१]

१—यह ग्रंथ देवचंद लालभाई पुस्तकोद्धार फंड, सूरत से प्रकाशित हुआ है। इसमें कवि ने स्वयं उपर्युक्त वृत्तांत लिखा है।

संवत सोल छिमाल मइ रे चैत्र मास वदि पञ्चम बुधवार रे।
जिनचन्द्रसूरि यात्रा करी रे, चतुर्विध श्रीसंघ परिवार रे॥ ८॥

अकबर के आमन्त्रण पर लाहोर-यात्रा—वि० १६४८ में सम्राट् अकबर ने जैन धर्म का विशेष बोध प्राप्त करने के उद्देश्य से मन्त्री कर्मचंद्र द्वारा जिनचन्द्रसूरि का बड़ी धूप में आना कष्टकर जान उनके मुख्य शिष्य वाचक महिमराज को बुलाने के निमित्त दो शाही पुरुषों को विज्ञप्तिपत्र देकर सूरिजी के पास भेजा। उन्होंने विज्ञप्तिपत्र पाते ही महिमराज को छः अन्य साधुओं के साथ लाहोर भेजा। इनमें हमारे कवि समयसुन्दर भी एक थे जिन्होंने 'श्री जिन सिंहसूरि अष्टक' में इस यात्रा का वर्णन किया है—

एह समय्यां श्री शान्तिनाथ गुरु शिर धर्यो हाथ
समयसुन्दर साथ चाले नीकी परियाँ।
अनुक्रमि चलि आए सीरोही में सुख पाए
सुलतान मनि भाए देखत वैखरियाँ।
जालोर मेदिनीतट पइसारउ किया प्रकट
बीकानयर बीते मह जयसिरि वरियाँ।
रिणी हइ सरसपुर आयउ फिरोजपुर
संघउ नदी कच्छू मानु बहती दरियाँ।२॥
पछइ आयउ सुयोग कीनी लाहोर बधाई दीनी
मंत्री कु मालिम कीनी करइ एलाज पैमियाँ।
मानसिंह गुरु आए पातसाह कु सुणाए
वाजित्र मिलें बजाए दान दीयइ दुखियाँ।

समयसुंदर भायउ पइसारउ नीकउ वणायउ
श्री संघ साम्हउं आयउ सजकरि हथियाँ।
गावत मधुर सर रूपइ मानु अपछर
सुंदर सूहव करइ गुरु आगइ सथियाँ ॥३॥

इसके पश्चात् अकबर और जहाँगीर की श्रद्धा वा० महिमराज के प्रति उत्तरोत्तर बढती गई और जब अकबर ने सं० १६४६ में काश्मीर-विजय के लिये स्वयं जाना निश्चित किया तो उसने श्री जिनचंद्रसूरि से वा० महिमराज को धर्मोपदेश के लिये अपने साथ भेजने की विज्ञप्ति की। तदनुसार श्रावण सुदी १३ को संध्या समय काश्मीर-विजय के उद्देश्य से प्रयाण कर सब लोग राजा श्रीरामदास की वाटिका में ठहरे। उस समय अनेक सामंतों, मंडलीकों तथा विद्वानों की सभा में कवि समयसुन्दर ने अपने अद्वितीय ग्रंथ 'अष्टलक्षी' को पढकर सुनाया। इसे सुन सम्राट् बहुत चमत्कृत हुआ और भूरि-भूरि प्रशंसा करके 'इसका सर्वत्र प्रचार हो' कहते हुए उसने अपने हाथ से उस ग्रंथरत्न को ग्रहण कर उसे कवि के हाथों मे समर्पित किया।

इस अभूतपूर्व ग्रंथ मे "राजानो ददते सौख्यं" इस आठ अक्षर वाले वाक्य के १०२२४०७ अर्थ किए गए हैं। कहा जाता है कि किसी समय एक जैनेतर विद्वान् ने जेन धर्म के "एगस्स सुत्तस्स अनंतो अत्थो" वाक्य पर उपहास किया था, उसी के प्रत्युत्तर मे कवि ने यह ग्रंथ रच डाला।[१]

१—यह ग्रंथ देवचंद लालभाई पुस्तकोद्धार फंड, सूरत से प्रकाशित हुआ है। इसमें कवि ने स्वयं उपर्युक्त वृत्तांत लिखा है।

'वाचक'-पद—कश्मीर विजय कर लाहौर वापस आने पर सम्राट् ने श्रीजिनचन्द्रसूरि से वा० महिमराज को 'आचार्य' पद देने का अनुरोध किया। सं० १६४६ फाल्गुन कृष्ण १० से अष्टाह्निका महोत्सव आरम्भ हुआ और उसमें फाल्गुन शुक्ल २ को वा० महिमराज को 'आचार्य' पद देकर उनका नाम 'जिनसिंहसूरि' प्रसिद्ध किया गया। इसी महोत्सव में श्री जिनचन्द्रसूरि ने जयसोम तथा रत्ननिधान को 'उपाध्याय' एवं समयसुन्दर तथा गुणविनय[१०] को वाचक' पद से अलंकृत किया। इसका उल्लेख 'कर्मचन्द्र-वंश प्रबंध'[११] और 'चौपाई'[१२] में इस प्रकार पाया जाता है—

> तेषु च गणि जयसोमा रत्ननिधानाश्च पाठका विहिता।
> गुणविनय समयसुंदर गणि कृतौ वाचनाचार्यौ॥ ६२॥
> वाचक पद गुणविनय नइ समयसुंदर नइ दीधउ रे।
> पुण्यप्रधान जी नइ करइ आणि रसायण सीधउ रे॥

ग्रन्थ-रचना और विहार—सं० १६५१ में गड़ाला (माल)-मंडन श्री जिनकुशलसूरि के दर्शन कर उनका भक्तिगर्भित अष्टक द्रुतविलंबित छन्द में बनाया और इसी वर्ष 'स्तम्भन पार्श्वनाथ-स्तव' की

१०—द्रष्ट नेमिदूत काव्यवृत्ति की प्रस्तावना।

११—इसका मूल ओझाजी ने हिन्दी अनुवाद सहित आर्टपेपर पर छपवाया था पर वह प्रकाशित न हो सका। मुनि जिनविजय ने इसे वृत्ति के साथ छपवाया है।

१२—जैन रासंग्रह भाग १ तथा ऐतिहासिक जैन गुर्जर काव्य-संचय में प्रकाशित।

रचना की जिसमें चौबीस तीर्थङ्करों और चौबीस गुरुओं के नाम समाविष्ट हैं। सं० १६५२ का चौमासा खंभात मे किया और विजयदशमी के दिन 'श्रीजिनचन्द्रसूरि गीत' बनाया, जिसकी कार्तिक शुक्ल ४ की स्वयं कवि द्वारा लिखित प्रति उपलब्ध है। सं० १६५३ मे आषाढ शुक्ल १० को इलादुर्ग में रचित एवं कवि को स्वलिखित 'मंगलवाद' की तीन पन्ने की प्रति जैसलमेर के खरतरगच्छ पंचायती भंडार मे विद्यमान है। सं० १६५६ मे वे जैसलमेर आए और वहाँ अक्षय-तृतीया के दिन सतरह रागों मे 'पार्श्वजिनस्तवन' की रचना की। सं० १६५७ मे श्री जिनसिंहसूरि के साथ चैत्र कृष्ण ४ को आबू और अचलगढ गए। वहाँ से शत्रुंजय और फिर अहमदावाद आए। सं० १६५८ का चातुर्मास्य यहीं किया और विजयदशमी के दिन यहीं 'चौबीसी' की रचना की। इसी वर्ष मनजी साह ने यहाँ अष्टापद तीर्थ की रचना कराई, जिसका उल्लेख कवि ने 'अष्टापद-स्तवन" मे किया हैं। यहाँ से पाटण आए। यहाँ सं० १६५६, चैत्र पूर्णिमा को इनके हाथ की लिखी नरसिंहभट्ट-कृत 'श्रवण-भूषण ग्रंथ की प्रति हमने यति चुन्नीलाल के संग्रह मे ३०-३५ वर्ष पूर्व देखी थी। अब यह प्रति श्री मोतीचन्द खजानची के सग्रह में है।

सं० १६५६ का चातुर्मास्य खंभात मे हुआ और वहाँ विजयदशमी के दिन 'शाव प्रद्युम्न चौपाई' की जो इनकी 'रास चौपाई' आदि बडी भाषाकृतियों मे सर्वप्रथम रचना है। इन्होंने इस चौपाई मे इसे प्रथम अभ्यास रूप रचना वतलायी है—

> सगति नही मुझ तेहवी, बुद्धि नहीं सुप्रकास।
> वचन विलास नहीं तिस्यउ, ए पणि प्रथम अभ्यास ॥

'वाचक'-पद—कश्मीर विजय कर लाहोर वापस आने पर सम्राट् ने श्रीजिनचन्द्रसूरि से वा० महिमराज को 'आचार्य' पद देने का अनुरोध किया। सं० १६४६ फाल्गुन कृष्ण १० से अष्टाह्निका महोत्सव आरम्भ हुआ और उसमें फाल्गुन शुक्ल २ को वा० महिमराज को 'आचार्य' पद देकर उनका नाम 'जिनसिंहसूरि' प्रसिद्ध किया गया। इसी महोत्सव में श्री जिनचन्द्रसूरि ने जयसोम तथा रत्ननिधान को 'उपाध्याय' एवं समयसुन्दर तथा गुणविनय[1] को 'वाचक' पद से अलंकृत किया। इसका उल्लेख 'कर्मचन्द्र वंश प्रबंध[1] और चौपाई'[2] में इस प्रकार पाया जाता है—

> तेषु च गणि जयसोमा रत्ननिधानाश्च पाठका विहिता।
> गुणविनय समयसुन्दर गणि कृतौ वाचनाचार्यौ॥ ६२॥
> वाचक पद गुणविनय नइ समयसुन्दर नइ दीधउ रे।
> पुण्यवान वी नइ करइ जाणि रसायण सीधउ रे॥

ग्रन्थ-रचना और विहार—सं० १६५१ में गंधाला (नाल)-मंडन श्री जिनकुशलसूरि के दर्शन कर उनका भक्तिगर्भित अष्टक तुवविर्ध विध छन्द में बनाया और इसी वर्ष 'स्तम्भन पार्श्वनाथ स्तव' की

१०—द्रष्टव्य नेमिदूत काव्यवृत्ति की प्रस्तावना।

११—इसका मूल ओझाजी ने हिन्दी अनुवाद सहित आर्टपेपर पर छप वाया था पर वह प्रकाशित न हो सका। मुनि जिनविजय ने इसे वृत्ति के साथ छपवाया है।

१२—जैन रासंग्रह भाग १ तथा ऐतिहासिक जैन गुर्जर काव्य-संचय में प्रकाशित।

रचना की जिसमें चौवीस तीर्थङ्करों और चौवीस गुरुओं के नाम समाविष्ट हैं। सं० १६५२ का चौमासा खंभात मे किया और विजयदशमी के दिन 'श्रीजिनचन्द्रसूरि गीत' बनाया, जिसकी कार्तिक शुक्ल ४ की स्वयं कवि द्वारा लिखित प्रति उपलब्ध है। सं० १६५३ मे आषाढ शुक्ल १० को इलादुर्ग में रचित एवं कवि की स्वलिखित 'मंगलवाद' की तीन पन्ने की प्रति जैसलमेर के खरतरगच्छ पंचायती भंडार मे विद्यमान है। सं० १६५६ मे वे जैसलमेर आए और वहाँ अक्षय-तृतीया के दिन सतरह रागों मे 'पार्श्वजिनस्तवन' की रचना की। सं० १६५७ में श्री जिनसिंहसूरि के साथ चैत्र कृष्ण ४ को आबू और अचलगढ गए। वहाँ से शत्रुंजय और फिर अहमदाबाद आए। सं० १६५८ का चातुर्मास्य यहीं किया और विजयदशमी के दिन यहीं 'चौबीसी' की रचना की। इसी वर्ष मनजी साह ने यहाँ अष्टापद तीर्थ की रचना कराई, जिसका उल्लेख कवि ने 'अष्टापद-स्तवन" मे किया हैं। यहाँ से पाटण आए। यहाँ सं० १६५६, चैत्र पूर्णिमा की इनके हाथ की लिखी नरसिंहभट्ट-कृत 'श्रवण-भूषण ग्रंथ की प्रति हमने यति चुन्नीलाल के संग्रह में ३०-३५ वर्ष पूर्व देखी थी। अब यह प्रति श्री मोतीचन्द खजानची के संग्रह में है।

सं० १६५६ का चातुर्मास्य खंभात मे हुआ और वहाँ विजयदशमी के दिन 'शाव प्रद्युम्न चौपाई' की जो इनकी 'रास चौपाई' आदि बडी भाषाकृतियों मे सर्वप्रथम रचना है। इन्होंने इस चौपाई मे इसे प्रथम अभ्यास रूप रचना वतलायी है—

सगति नही मुझ तेहवी, बुद्धि नहीं सुप्रकास।
वचन विलास नही तिस्यउ, ए पणि प्रथम अभ्यास॥

'वाचक'-पद—कश्मीर विजय कर लाहौर वापस आने पर सम्राट् ने श्रीजिनचन्द्रसूरि से वा० महिमराज को 'आचार्य' पद देने का अनुरोध किया। सं० १६४९ फाल्गुन कृष्ण १० से अष्टाह्निका महोत्सव आरम्भ हुआ और उसमें फाल्गुन शुक्ल २ को वा० महिमराज को 'आचार्य' पद देकर उनका नाम 'जिनसिंहसूरि' प्रसिद्ध किया गया। इसी महोत्सव में श्री जिनचन्द्रसूरि ने जयसोम तथा रत्ननिधान को 'उपाध्याय एवं समयसुन्दर तथा गुणविनय'[१] को वाचक' पद से अलंकृत किया। इसका उल्लेख 'कर्मचन्द्र वंश प्रबंध'[११] और चौपाई'[१२] में इस प्रकार पाया जाता है—

> तेषु च गणि जयसोमा रत्ननिधानाश्च पाठका विहिता।
> गुणविनय समयसुंदर गणि कृतौ वाचनाचार्यौ॥ ६२॥
> वाचक पद गुणविनय नइ समयसुंदर नइ दीधउ रे।
> पुण्यप्रधान श्री नइ करइ वाचि रसायण पीधउ रे॥

ग्रन्थ-रचना और विहार—स० १६५१ में गच्छाधिप (नाल)-मंडन श्री जिनकुशलसूरि के दर्शन कर उनका भक्तिगर्भित अष्टक द्रुतविलंबित छन्द में बनाया और इसी वर्ष 'स्तम्भन पार्श्वनाथ-स्तव' की

---

१ —द्रष्ट नैमिदूत काव्यवृत्ति की प्रस्तावना।

११—इसका मूल ओझाजी ने हिन्दी अनुवाद सहित आर्टपेपर पर छप वाया था पर वह प्रकाशित न हो सका। मुनि जिनविजय ने इसे वृत्ति के साथ छपवाया है।

१२—जैन राससंग्रह भाग ३ तथा ऐतिहासिक जैन गुर्जर काव्य-संचय में प्रकाशित।

संवत् १६६१ में चैत्र कृष्ण ५ को भगवान् पार्श्वनाथ का स्तवन बनाया। १६६२ में सांगानेर आए और दान-शील-तप-भावना संवाद[13] की रचना की। इस ग्रन्थ में धर्म के इन चार प्रकारों से होनेवाले लाभों और दृष्टांतों का संवाद रूप में वर्णन करते हुए अन्त में भगवान् महावीर के मुख से चारों का समझौता कराया गया है। यह रचना सुन्दर और कवित्वपूर्ण है।

सं० १६६२ में घंघाणी तीर्थ में बहुत सी प्राचीन प्रतिमाएँ प्रकट हुईं जिनका माघ मास में दर्शन कर इन्होंने एक ऐतिहासिक स्तवन[14] बनाया। इसका सार नीचे दिया जाता है—

'सं० १६६२ ज्येष्ठ शुक्ल ११ को दूधेला तालाब के पास खोखर के पीछे भूमि की खुदाई करते समय भूमिगृह निकला। जिसमें जैन

१३—जैन-स्तवन आदि के कई संग्रहात्मक ग्रंथों में यह प्रकाशित हो चुका है। ऐसी संवाद-संज्ञक अन्य रचनाओं के विषय में लेखक का 'जैन-सत्य प्रकाश' वर्ष १२ अंक १ में प्रकाशित लेख द्रष्टव्य है।

१४—यह स्तवन घंघाणी तीर्थ-समिति की ओर से मुनि ज्ञानसुन्दरजी के प्राचीन जैन इतिहास में प्रकाशित हुआ था। घंघाणी जोधपुर रियासत में प्राचीन स्थान है। किसी समय यह बड़ा समृद्धिशाली नगर रहा होगा, जिसके भग्नावशेष आज तक भी यहाँ विद्यमान हैं। समयसुन्दरजी द्वारा उल्लिखित प्रतिमाएँ अब प्राप्य नहीं हैं किन्तु दसवीं शती की एक विशाल धातु-मूर्ति अब भी उल्लेखनीय है। कुछ वर्ष पूर्व इस स्थान की खुदाई में पंद्रहवीं शती की एक जैन प्रतिमा निकली थी जो जैन उपाश्रय में रखी हुई है। अन्वेषण करने पर यहाँ प्राचीन शिलालेख आदि प्राप्त होने की संभावना है।

और शिव की ६५ प्रतिमाएँ प्राप्त हुईं। इनमे मूलनायक पद्मप्रभु, पार्श्वनाथ, चौवीसटा, चौमुखजी, २३ अन्य पार्श्वनाथजी की प्रतिमाएँ जिनमें दो कायोत्सर्ग मुद्रा की थीं, एवं १६ अन्य तीर्थंकरों की—कुल ४६ जन तीर्थंकर प्रतिमाएँ थीं। इनके अतिरिक्त इंद्र, ब्रह्मा, ईश्वर, चक्रेश्वरी, अंबिका, कालिका, अर्धनारीश्वर, विनायक, योगिनी, शासन-देवता और प्रतिमाओ बनवानेवाले चंद्रगुप्त, संप्रति, बिन्दुसार, अशोकचन्द्र तथा कुणाल, इन पांच नृपतियों की प्रतिमाएँ एवं कंसाल जोडी, धूपदान, घण्ट, शंख, भृंगार, उस समय के मोटे त्रिसटिए आदि प्राचीन वस्तुएँ निकलीं। इनमे पद्मप्रभु की सपरिकर सुन्दर मूर्ति महाराज संप्रति की बनवाई हुई और आर्य सुहस्तिसूरि द्वारा प्रतिष्ठित थी। दूसरी, अर्जुन पार्श्वनाथ की, प्रतिमा श्वेत सोने (प्लाटिनम) की थी, जिसे वीर सं० १७० मे सम्राट् चंद्रगुप्त ने बनवाकर चौदह पूर्वधर श्रुतकेवली श्री भद्रबाहु से प्रतिष्ठित कराया था।'

स० १६६३ का चातुर्मास्य बीकानेर मे हुआ। यहाँ कार्तिक शुक्ल १० को 'रूपकमाला' नामक भाषा-काव्य पर संस्कृत मे चूर्णि बनाई, जिसका संशोधन श्रीजिनचन्द्रसूरि के शिष्य श्री रत्ननिधान ने किया। इनके द्वारा चाटसु में चैत्र पूर्णिमा १६६४ की लिखी इस चूर्णि की प्रति पूना के भण्डारकर रिसर्च इंस्टीट्यूट में हैं। सं० १६६४ में ये आगरा आए और 'च्यार प्रत्येकबुद्ध चौपाई'[१५] की रचना की। इनका रचा आगरा के श्री विमलनाथ का स्तवन भी उपलब्ध है।

१५—यह पहले भीमसी माणक की ओर से प्रकाशित हुई थी, फिर 'आनंद काव्य-महोदधि' के सातवें मौक्तिक में श्री देसाई के लेख के साथ प्रकाशित हुई है।

सं० १६६५, चैत्र शुक्ल १० को अमरसर[११] में इन्होंने 'चातुर्मासिक व्याख्यान पद्धति', नामक ग्रन्थ बनाया। वहाँ के भी शीतलनाथ स्वामी का स्तवन भी उपलब्ध है। १६६६ में ये वीरमपुर आए और वहाँ 'श्री कालिकाचार्य कथा' की रचना की।

सं० १६६७ में इन्होंने सिंध प्रान्त में विहार किया और मार्ग शीर्ष शुक्ल १० गुरुवार को मरोट में जेसलमेरी संघ के लिये 'पौषध विधि स्तवन' बनाया। इसी वर्ष ये उच्चनगर आए और अपने शिष्य महिमसमुद्र के आग्रह से 'श्रावकाराधना' बनाई। १६६८ में मुलतान आए और वहाँ प्रातःकाल के व्याख्यान में 'पृथ्वीचन्द्र चरित्र' बाँचा। इस ग्रन्थ की उक्त प्रति बीकानेर के राज्य-पुस्तकालय में है। यहीं 'सती मृगावती रास' भी रचा। इस समय सिंधी भाषा पर इनका अच्छा अधिकार हो गया था। मृगावती रास की एक ढाल और दो स्तवन इन्होंने सिंधी भाषा में बनाए। चैत्र कृष्ण १० को मुलतान में इनकी लिखाई हुई 'निरयावली सूत्र' की प्रति हमने यति चुन्नीलाल के संग्रह में देखी थी। माघ शुक्ल ६ का यहीं जैसलमेरी और सिंधी श्रावकों के लिये 'कर्मछत्तीसी' बनाई। सं १६६९ में ये सिद्धपुर (सीतपुर) आए और मखनूम मुहम्मद शेख काजी को उपदेश देकर सिंध प्रान्त में गोजाति की रक्षा करवाई और पंचनदी के जलचर जीवों की हिंसा बंद कराई। अन्य जीवों के लिये भी इन्होंने अमारि पटह बजवाकर पुण्यार्जन के साथ-साथ विमल कीर्ति प्राप्त की।

११—यह स्थान शेखावाटी में है। द्रष्ट 'जैन-सत्य-प्रकाश' वर्ष ८, अंक १ इस विषय पर हमारा लेख।

शीतपुर माहें जिण समझावियउ, मखनूम महमद सेखो जी।
जीवदया पड़ह फेरावियो, राखी चिहुँ खड रेखो जी ॥ ३ ॥
(देवीदास, समयसुदर गीत)

सिंधु विहारे लाभ लियो घणो रे, रजी मखनूम सेख।
पांचे नदिया जीवदया भरी रे, वलि धेनु विशेष ॥ ५ ॥
(वादी हर्षनदन, समयसुदर गीत)

सिंध प्रांत में ये लगभग दो-ढाई वर्ष विचरे थे। इनकी विशिष्ट कृति 'समाचारी शतक'[१७] का प्रारम्भ सिद्धपुर मे होकर कुछ भाग मुलतान में रचा गया। सिंध[१८] में ही विहार के समय एक बार ये नौका में बैठकर उच्चनगर जा रहे थे। अँधेरी रात में अकस्मात् भयानक तूफान और वर्षा के कारण नदी के वेग से नौका खतरे मे पड गई। उस समय इनकी भक्ति से आकर्षित हो दादागुरु श्री जिनकुशलसूरि ने तत्काल देरावर से आकर उस संकट मे इनकी सहायता की। उस घटना का वर्णन इन्होंने 'आयो आयो री समरंता दादो जी आयो' इत्यादि पद मे स्वयं किया है। श्री जिनकुशलसूरि मे इनकी अटूट श्रद्धा थी[१९] और उनका स्मरण इन्होंने 'रास चौपाई' आदि कृतियों मे बड़ी भक्ति के साथ किया है।

सिंध प्रात से ये मारवाड आए। उसी समय बिलाडा मे श्री जिनचन्द्रसूरि का स्वर्गवास हो गया। दूर होने के कारण ये अपने

१७—'श्री जिनदत्तसूरि पुस्तकोद्धार फंड', सूरत से प्रकाशित।

१८—द्रष्ट० 'वर्णी अभिनंदन ग्रथ' में 'सिंध प्रांत तथा खरतरगच्छ' शीर्षक लेख।

१९—द्रष्ट० हमारी 'दादा श्री जिनकुशलसूरि' पुस्तक।

सं० १६६६, चैत्र शुक्ल १० को अमरसर[११] में इन्होंने 'चातुर्मासिक व्याख्यान पद्धति' नामक ग्रन्थ बनाया। यहाँ के श्री शीतलनाथ स्वामी का स्तवन भी उपलब्ध है। १६६६ में ये वीरमपुर आए और वहाँ 'श्री कालिकाचार्य कथा' की रचना की।

सं० १६६७ में इन्होंने सिंध प्रान्त में विहार किया और मार्ग शीर्ष शुक्ल १० गुरुवार को मरोट में जेसलमेरी संघ के लिये 'पौषध विधि स्तवन' बनाया। इसी वर्ष ये लवनगर आए और अपने शिष्य महिमसमुद्र के आग्रह से 'श्रावकाराधना' बनाई। १६६८ में मुलतान आए और वहाँ प्रातःकाल के व्याख्यान में 'पृथ्वीचन्द्र चरित्र' बाँचा। इस ग्रन्थ की एक प्रति बीकानेर के राज्य-पुस्तकालय में है। यहीं 'सती मृगावती रास' भी रचा। इस समय सिंधी भाषा पर इनका अच्छा अधिकार हो गया था। मृगावती रास की एक ढाल और दो स्तवन इन्होंने सिंधी भाषा में बनाए। चैत्र कृष्ण १० को मुलतान में इनकी लिखाई हुई 'निरयावली सूत्र' की प्रति हमने यति चुन्नीलाल के संग्रह में देखी थी। माघ शुक्ल ६ का यहीं जेसलमेरी और सिंधी श्रावकों के लिये 'कर्मछत्तीसी' बनाई। सं १६६९ में ये सिद्धपुर (सीतपुर) आए और मखनूम मुहम्मद शेख काजी को उपदेश देकर सिंध प्रान्त में गोजाति की रक्षा करवाई और पंचनदी के जलचर जीवों की हिंसा बंद कराई। अन्य जीवों के लिये भी इन्होंने अमारि पटह बजवाकर पुण्यार्जन के साथ-साथ विमल कीर्ति प्राप्त की।

११—यह स्थान शेखावाटी में है। द्रष्टव्य 'जैन-सत्य-प्रकाश', वर्ष ८, अंक इस विषय पर हमारा लेख।

शीतपुर माहें जिण समझावियउ, मखनूम महमद शेख जी।
जीवदया पडह फेरावियो, राखी चिहुँ खंड रेख जी॥ ६॥

(देवीदास, समयसुन्दर गीत)

सिंधु विहारे लाभ लियो घणो रे, रंजी मखनूम नूर।
पाचे नदिया जीवदया भरी रे, प्रगटि पुन्य विशाल॥ ५॥

(वादी हर्षनंदन, समयसुन्दर गीत)

सिंध प्रात में ये लगभग दो-ढाई वर्ष विचरे थे। इनकी विशिष्ट कृति 'समाचारी शतक'[१७] का प्रारम्भ सिद्धपुर में होकर कुछ भाग मुलतान में रचा गया। सिंध[१८] में ही विहार के समय एक बार ये नौका में बैठकर उच्चनगर जा रहे थे। अँधेरी रात में अकस्मात भयानक तूफान और वर्षा के कारण नदी के वेग से नौका खतरे में पड गई। उस समय इनकी भक्ति से आकर्षित हो दादागुरु श्री जिनकुशलसूरि ने तत्काल देवलोक से आकर उस सकट मे इनकी सहायता की। उस घटना का वर्णन इन्होंने 'आयो आयो री समरंता दादो जी आयो' इत्यादि पद में स्वयं किया है। श्री जिनकुशलसूरि में इनकी अटूट श्रद्धा थी[१९] और उनका स्मरण इन्होंने 'रास चौपाई' आदि कृतियों मे बडी भक्ति के साथ किया है।

सिंध प्रात से ये मारवाड आए। इसी समय बिलाडा मे श्री जिनचन्द्रसूरि का स्वर्गवास हो गया। दूर होने के कारण ये अपने

१७—'श्री जिनदत्तसूरि पुस्तकोद्धार फंड', सूरत से प्रकाशित।

१८—द्रष्ट० 'वर्णी अभिनंदन ग्रथ' में 'सिंध प्रांत तथा खरतरगच्छ' शीर्षक लेख।

१९—द्रष्ट० हमारी 'दादा श्री जिनकुशलसूरि' पुस्तक।

गुरुदेव के अंतिम दर्शन न कर सके, जिसका इन्हें बड़ा खेद रहा। आठिआ गीत में इन्होंने अपने गुरु-विरहको व्यक्त किया है। यथा—

> आसू मास वलि आवियो पूनम थी, आयौ दीवाली पर्व।
> काती चौमासो आवियउ पूनम थी आया अवसर सर्व॥
> तुम आवो हो धीरियाके का नंदन, तुम बिन घड़िय न जाय।
> × × ×
> आठिओ मिलवा अति घणउ, आवउ लिंग थी एम।
> नयर ग्राम बहु निरखिया, कहो किम न दीसइ पूज्य केम॥
> × × ×
> सूधउ कहइ ते मूढ नर जीवइ जिनचंद्रसूरि।
> मन मांहइ वस तेहनउ हो, पूज्यमी कीरति पडूरि॥
> चतुर्विध संघ विचारस्यइ, ना जीवस्यइ ते धीन।
> जीवावौं किम जीवरइ हो जिमता थप तप नीम॥

सं० १६७१ का चातुर्मास्य इन्होंने बीकानेर में किया और यहीं 'अनुयोग द्वार' एवं 'प्रश्नव्याकरण' की प्रतियाँ अपने प्रशिष्य जयकीर्ति को पठनार्थ अर्पित की जिनके पुष्पिका-लेखों में इसका उल्लेख है। मेड़ता (जोधपुर) में श्री जिनसिंहसूरि ने इन्हें 'उपाध्याय पद' से अलंकृत किया था, जिसका उल्लेख राजसोम गणि ने अपने गुरुगीत में किया है—"श्री जिनसिंहसूरिंद सहर मेड़ता हो पाठक पद दीयउ"। इसमें संवत का उल्लेख नहीं है परन्तु 'अनुयोगद्वार' (१६७१) की पुष्पिका में 'वाचक' और 'सुपरिमंडल वृत्ति' (१६७२) की पुष्पिका में 'उपाध्याय' पद उल्लिखित होने से इसी बीच इनका

'उपाध्याय' पद पाना निश्चित है। पद्ममंदिर कृत 'ऋषिमंडल वृत्ति' इन्हें १६७२ मे बीकानेर-निवासिनी श्राविका रेखा ने समर्पित की थी। इसकी प्रति जयपुर के पंचायती भंडार मे है।

बीकानेर से ये मेडता आए। यहाँ सं० १६७२ मे 'समाचारी शतक' तथा 'विशेष शतक'[२०] ग्रंथों की रचना समाप्त हुई। 'प्रियमेलक चउपई'[२१] तथा सम्भवत. 'पुण्यसार चौपई' की रचना भी यहीं इसी वर्ष हुई। सं० १६७२ का चातुर्मास्य इन्होंने मेडता मे ही किया और कार्तिक शुक्ल ५ को यहाँ के ज्ञानभण्डार को 'जम्बू-स्वामी चरित्र' प्रदान किया, जिसकी प्रति आजकल बीकानेर के श्री क्षमाकल्याण ज्ञानभंडार मे। यहाँ सं० १६७३ मे वा० हर्षनन्दन के साहाय्य से 'गाथालक्षण' ग्रन्थ लिखा, जिसकी प्रतिलिपि हंसविजयजी फ्री लाय-ब्रेरी, वडोदा मे है। इसी वर्ष यहाँ वसन्त ऋतु मे 'नल-दमयन्ती चउ-पई' भी वनाई। स० १६७४ मे यहीं 'विचार-शतक' भी वनाया। इस प्रकार मेडता के चार चौमासों मे ये निरन्तर साहित्य-निर्माण करते रहे।

सं० १६७५ मे इन्होंने जालोर मे दादा श्रीजिनकुशलसूरि की चरण-पादुकाओं की प्रतिष्ठा करवाई, जिसका उल्लेख पादुकाओं के अभि-लेख मे है। १६७६ में राणकपुर तीर्थ की यात्रा की और १६७७ में पुन॰ मेडता आए। इस वर्ष चातुर्मास्य अपनी जन्मभूमि साँचोर मे किया। यहीं 'सीताराम चौपाई' की ढाल बनाई और 'निरयावली

२०—इस ग्रथ में १०० सैद्धातिक प्रश्नों के उत्तर हैं। यह प्रकाशित है।

२१—इसकी कई सचित्र प्रतियाँ भी मिलती हैं।

सूत्र' का बीजक लिखा जो बाड़मेर के यति श्री नेमिचन्द्र के पास है। १५७८ में आबू तीर्थ की यात्रा की। १५७९ में पाटण गए, किन्तु वहाँ मुगलों का उपद्रव होने से पालनपुर आए और वहीं चातुर्मास किया। इनका सहजविमल के पठनार्थ सं० १५७९ भाद्रपद कृष्ण ११ का लिखा 'पट्टावली पत्र' हमारे संग्रह (बीकानेर) में है।

१५८१ का चातुर्मास जैसलमेर में हुआ और वहाँ इन्होंने 'पल्लव चौरी चउपई' रची और 'मौनेकादशी स्तवन'[२२] आदि जिन-स्तवन[२३] बनाए। इसी वर्ष कार्तिक शुक्ल १५ को लौद्रवा की यात्रा की और संघपति थाहरूशाह[२४] द्वारा निकाले गए शत्रुंजय संघ में सम्मिलित हुए। सं० १५८२ में नागोर आए और 'शत्रुंजय रास'[२५] बनाया तथा तिवरी में 'वस्तुपाल-तेजपाल रास'[२६] रचा। १५८३ में जैसलमेर में 'षडावश्यक बालावबोध' बनाया। इसी वर्ष में इनके रचे हुए दो अष्टक 'बीकानेर आदिनाथ स्तवन और 'श्रावक व्रत कुलक' उपलब्ध हैं।

१५८४ का चातुर्मास लूणकरणसर में किया और 'दुरियर वृत्ति'[२७] की रचना की। वहाँ के संघ में पाँच वर्षों से मनोमालिन्य था।

२२—समयरत्नसार, समयसुन्दरकृति कुसुमांजलि आदि में प्रकाशित।

२३—जैन-लेख-संग्रह भाग ३

२४—इनका पुस्तक भंडार अब भी जैसलमेर में विद्यमान है। इनके सम्बन्ध में एक गीत और दो प्रशस्तियाँ प्राप्त हैं।

२५—समयरत्नसार समयसुन्दर कृ कु में आदि में प्रकाशित।

२६— जैनयुग' (मासिक, जैन श्वेताम्बर कान्फ्रेंस बम्बई)।

इन्होंने 'सन्तोपछत्तीसी' की रचना कर संघ के समक्ष उपदेश दिया, जिससे संघ मे ऐक्य और प्रेम स्थापित हो गया। यहीं इन्होंने 'कल्पसूत्र पर 'कल्पलता'[२८] नामक टीका प्रारम्भ की तथा १६८५ मे जयकीर्ति गणि की सहायता से 'दीक्षा-प्रतिष्ठा-शुद्धि' नामक ज्योतिप ग्रन्थ रचा। उसी वर्प यहाँ 'विशेप संग्रह', 'विसंवाद शतक' और 'वारह व्रत रास' ग्रन्थ वनाए। 'यति-आराधना' तथा 'कल्पलता' की रचना इसी वर्प रिणी मे समाप्त की।

सं० १६८६ मे 'गाथासहस्त्री' नामक संग्रह-ग्रन्थ तैयार किया। १६८७ मे पाटण आए और 'जयतिहुअण वृत्ति' तथा 'भक्तामर स्तोत्र' पर 'सुवोधिका' वृत्ति वनाई। यहाँ से ये अहमदावाद आए।

१६८७ में गुजरात मे भयंकर दुष्काल पड़ा था, जिसका सजीव एवं हृदय-द्रावक वर्णन कवि ने 'विशेपशतक' की प्रशस्ति (श्लोक ७) तथा 'चंपकश्रेष्ठि चौपाई' मे संक्षेप में एवं 'सत्यासिया दुष्काल वर्णन छत्तीसी'[२९] मे विस्तार के साथ किया है। १६८८ का चातुर्मास्य इन्होंने अहमदावाद में किया और वहाँ 'नवतत्व-वृत्ति वनाई। १६८९ का चातुर्मास्य भी यहीं किया और 'स्थूलिभद्र सज्झाय' की रचना की। १६९० मे खंभात गए और वहाँ 'सवैया छत्तीसी', 'स्तंभन पार्श्व स्तवन' तथा 'खरतरगच्छ पट्टावली' की रचना की। १६९१ का चातुर्मास्य खम्भात के खारवापाडा स्थान मे किया और वहाँ 'थावच्चा चउपई', 'सैंतालीस दोष सज्झाय' तथा दशवैकालिक सूत्रवृत्ति' की रचना की।

२७-२८—'जिनदत्तसूरि पुस्तकोद्धार फंड, सूरत से प्रकाशित।
२९—'भारतीय विद्या,' वर्प १ अंक २

१६६२ में भी ये खंभात ही में रहे और वैशाख मास में अपने शिष्य मेघविजय-सहजविमल के लिये 'रघुवंश' काव्य पर अर्थलापनिका वृत्ति' बनाई। १६६३ में अहमदाबाद में सहजविमल लिखित 'सन्देह दोलावली' के पाठ पर संस्कृत पर्याय लिखे। इसी वर्ष यहीं 'विहरमान बीसी' के पदों की रचना की।

१६६४ का चातुर्मास्य जालोर में हुआ। वहाँ इनका आषाढ़ सुदी १० का लिखा 'श्री जिनचन्द्रसूरि गीत' हमारे संग्रह में है। इसी वर्ष वहाँ इन्होंने 'वृत्तरत्नाकर' छन्द-ग्रन्थ पर वृत्ति तथा 'थुल्लककुमार चउपई' की रचना की। १६६५ में 'चंपक श्रेष्ठि चउपइ' बनाई और 'समवसरण' पर 'सुखबोधिका' वृत्ति लिखी जिसका संशोधन इनके शिष्य वा० हर्षनन्दन ने किया। इसके बाद अजिमगंज ग्राम (पाल्हनपुर से पाँच कोस) आए, वहाँ 'गौतमपृच्छा चौपाई' की रचना की। यहाँ से 'मल्हारनपुर' आकर 'कल्याणमन्दिर वृत्ति' लिखी।

शेष जीवन—वृद्धावस्था एवं तज्जन्य अशक्ति के कारण विहार करते रहना संभव न था, अतः १६६६ में ये अहमदाबाद गए और वहीं शेष जीवन व्यतीत किया, पर साहित्य-रचना पूर्ववत् करते रहे। सं० १६६६ में इन्होंने 'दंडकवृत्ति' और व्यवहार-शुद्धि पर 'धनदत्त चौपई' की रचना की। पैंतालीस आगमों में जिन जिन साधुओं के नाम पाए जाते हैं उनकी वंदना के रूप में १६६७ में साधु-वंदना' बनाई और इसी समय ऐरवत क्षेत्र के चौबीस तीर्थंकरों के स्तवन रचे। इसी संवत् में फा० सु० ११ को वहीं संखवाल नाथा भार्या धन्नाई ने परिमाण व्रत ग्रहण किये।

इस टिप्पनक की प्रति कविवर के स्वय लिखित प्राप्त है जिसकी प्रशस्ति :—सं० १६६७ वर्षे फागुण सुदि ११ गुरुवारे श्री अहमदावाद नगरे श्री खरतरगच्छे भट्टारक श्रीजिनसागरसूरि विजयराज्ये संखवाल गोत्रे स० नाथा भार्या सुश्राविका पुण्यप्रभाविका श्रा० धन्नादे सा० करमसी माता महोपाध्याय श्री समयसुन्दर पार्श्वे इच्छापरिमाण कीधा छै। श्रीरस्तु। कल्याणमस्तु ॥

कविवर बड़े गुणानुरागी थे। अपने से अवस्था, ज्ञान, पद आदि में छोटे तथा भिन्न-गच्छीय पुंजाऋृषि की उत्कट तपश्चर्या की प्रशंसा में उन्होने १६६८ मे 'पुजा ऋृषि रास' बनाया। इसी वर्ष 'आलोयणा छत्तीसी' भी बनाई। इनके रचे 'केशी-प्रदेशी-प्रवन्ध' की सं० १६६६ चैत्र शुक्ल २ की हर्षकुशल की सहायता से लिखी प्रति हमारे संग्रह में है। आषाढ कृष्ण १, सं० १७०० की इनकी लिखी 'तीर्थभास छत्तीसी' की प्रति बम्बई-स्थित रायल एशियाटिक सोसायटी के पुस्तकालय में है। १७०० के माघ मे लिखी इनकी अन्तिम रचना 'द्रोपदी' चौपाई' उपलब्ध है। इसमें अपनी पूर्व रचनाओं का निर्देश करते हुए इन्होंने वृद्धावस्था मे इसकी रचना का हेतु सूत्र, सती और साधु के प्रति अपना अनन्य भक्तिराग बतलाया है—

पहिलु साधु सती तणा, कीधा घणा प्रवन्ध।
हिव वलि सूत्र थकी कहुँ, द्रोपदी नउ सम्बन्ध ॥

× × ×

वृद्धपणइ मइ चउपइ, करिवा माडी एह।
सूत्र सती नइ साधु स्युँ, मुझ मनि अधिक सनेह ॥

अन्त में लिखा है—

> द्रौपदी नी ए अधिकार मैं, हुलसपणइ पणि कीधी रे।
> शिष्य तणइ आग्रह करी, मइ काम ऊपरि मति दीधी रे॥
> एक सती वलि साधवी, ए वात बेऊ पणु मोटी रे।
> द्रुपदी नाम लेता थकां, तिण कर्म नी तूटइ कोटी रे॥

इस चौपाई के लेखन और संशोधन में इनकी वृद्धावस्था के कारण हर्षनन्दन और हर्षकुशल से सहायता मिली थी, इसका इन्होंने स्पष्ट शब्दों में उल्लेख किया है—

> वाचक हर्षनन्दन वलि, हर्षकुशलइ सानिध कीधी रे।
> लिखन शोधन साहाय्य थकी, तिण दुरव पूरी करि दीधी रे॥

अपने शिष्य-प्रशिष्यों के प्रोत्साहन के लिये तथा कृतज्ञता ज्ञापन की अपनी सहज वृत्ति के कारण उनसे थोड़ा भी सहयोग किसी कार्य में प्राप्त करने पर इन्होंने उसका निस्संकोच उल्लेख कई अवसरों पर किया है। पर ये बड़े स्पष्टवक्ता भी थे। दुष्काल के समय जिन शिष्यों ने इनकी सेवा की थी उनकी इन्होंने प्रशंसा की है परन्तु उसके पश्चात् शिष्यों के यथाविध सेवा-शुश्रूषा न करने का इन्हें मार्मिक दुःख था। इस विषय में अपने स्पष्ट उद्गार इन्होंने 'दुःखित-गुरु वचनम्' के श्लोकों में प्रकट किए हैं।

मृत्यु—'द्रौपदी चौपाई' के बाद की इनकी कोई रचना उपलब्ध नहीं है। इन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन साहित्य-साधना एवं धर्म-प्रचार में बिताया। सं० १७०२ में चैत्र शुक्ल १३ (भगवान् महावीर के जन्म दिन) के दिन ये अहमदाबाद में अनशन-आराधनापूर्वक स्वर्गवासी हुए जिसका उल्लेख राजसोम कृत गीत में है—

अणमण करि अणगार, संवत सतरें सय वीड़ोत्तरे ।
अहमदावाद मझार, परलोक पहुँता हो चैत सुदि तेरसै ॥

अहमदावाद मे इनके स्वर्गवास के स्थान तथा पादुकाओ का अभी तक पता नहीं चला, पर बीकानेर के निकटवर्ती नाल एव जैसलमेर मे दो पादुकाओं के दर्शन हमने किए हैं।

शिष्य-परम्परा—एक प्राचीन पत्र के अनुसार इनके शिष्यो की संख्या बयालीस थी, जिनमे वादी हर्पनन्दन प्रधान थे। न्यायशास्त्र के 'चितामणि' ग्रंथ तक के अध्येता के रूप मे इनका उल्लेख कवि ने स्वयं किया है। इनके रचे तीन विशाल टीका-ग्रंथ (ऋपिमंडल वृत्ति, उत्तराध्ययन वृत्ति, स्थानाग गाथागत वृत्ति) तथा कई अन्य ग्रन्थ हैं। हर्पनन्दन के शिष्य जयकीर्ति द्वारा विरचित सुप्रसिद्ध राजस्थानी भक्तिकाव्य 'कृष्ण रुक्मिणी वेलि वालाववोध' उपलब्ध है। जयकीर्ति के शिष्य राजसोम की भी 'पारसी-भापा-स्तवन' तथा गुरुगीतादि रचनाएँ मिलती है। हर्पनन्दन के दयाविजय नामक शिष्य थे, जिनके लिये 'ऋपिमण्डल वृत्ति' की रचना हुई और जिन्होंने 'उत्तराध्ययन वृत्ति' का प्रथमादर्श लिखा।

समयसुदरजी के मेघविजय नामक एक विद्वान् शिष्य थे, जिनके शिष्य हर्पकुशल की 'वीसी' आदि कृतियाँ मिलती हैं। इनके शिष्य हर्पनिधान के शिष्य ज्ञानतिलक के शिष्य विनयचन्द्र अठारहवीं शती के प्रमुख कवि थे, जिनकी 'उत्तमकुमार चौपई', 'चौवीसी' आदि सभी रचनाएँ विनयचन्द्र कृति कुसुमाजलि मे प्रकाशित हैं।

कवि के अपर शिष्य मेघकीर्ति की परम्परा मे आसकरण के

शिष्य आलमचन्द की भी कृतियाँ मिलती हैं। आसकरण की परम्परा में कस्तूरचन्द गणि की रची 'ज्ञातासूत्र वृत्ति' उपलब्ध है।

कवि के अन्य शिष्यों में सहजविमल महिमासमुद्र सुमतिकीर्ति माईदास आदि का उल्लेख प्रशस्तियों में पाया जाता है। आलम चन्द की परम्परा में यति मुन्नीलाल कुछ वर्ष पूर्व बीकानेर में विद्य मान थे। हैदराबाद राज्य के सेवली स्थान में रामपाल नामक यति समयसुन्दरजी की परम्परा में अब भी विद्यमान हैं। इनका शिष्य परिवार खूब विस्तृत होकर फूला-फला। उसमें सैकड़ों साधु यति हो गए, जिनमें कई अच्छे गुणी व्यक्ति थे। भारत के सभी प्राचीन जैन ज्ञान-भण्डारों में इनकी कृतियाँ पाई जाती हैं और जहाँ भी इनकी शिष्य-सतति रही हो वहाँ अनुसंधान करने पर भी नवीन कृतियाँ उपलब्ध होने की सभावना है।

साहित्य—उपयुक्त चर्चा के अन्तर्गत कवि की रचनाकाल उल्लिखित प्रमुख रचनाओं का यथास्थान निर्देश किया गया है। इन्होंने साठ वर्ष निरन्तर साहित्य-साधना करते हुए भारतीय वाङ्मय को समृद्ध बनाया। स्तवन गीत आदि इनकी लघु कृतियाँ सैकड़ों की संख्या में हैं जो जहाँ कहीं भी खोज की जाय मिलती ही रहती हैं। इसी से लोकोक्ति है कि समयसुन्दर रा गीतड़ा कुंभे राणे रा भीतड़ा, (अथवा भीतों का चीतड़ा) अर्थात् कविवर की रचनाएँ अपरिमित हैं। इनकी समस्त ज्ञात रचनाओं की सूची यहाँ एकत्र दी जाती है पुस्तक के आगे जहाँ ज्ञात है उसकी रचना का विक्रमीय संवत् और रचना-स्थान तथा वर्त्तमान प्राप्ति-स्थान दे दिया गया है—

संस्कृत

मौलिक

१—भावशतक, सं० १६४१, प्रेस-कापी नाहटा-संग्रह, बीकानेर में वर्तमान।

२—अष्टलक्षी, १६४६, लाहोर, दे० ला० पु० फंड, सूरत से प्रकाशित।

३—चातुर्मासिक व्याख्यान, १६६५, अमरसर, प्रकाशित।

४—कालिकाचार्य कथा, १६६६, वीरमपुर, श्री जिनदत्तसूरि ज्ञानभंडार, सूरत से प्रकाशित।

५—श्रावकाराधना, १६६७, उच्चनगर, कोटा से प्रकाशित।

६—समाचारी शतक, १६६६—७२, सिद्धपुर-मेडता, जिनदत्तसूरि ज्ञानभंडार से प्रकाशित।

७—विशेष शतक, १६७२, मेड़ता, जिनदत्तसूरि प्रा० पु० फंड से प्रकाशित।

८—विचार शतक १६७४, मेड़ता, बड़ा ज्ञानभण्डार, बीकानेर में।

९—यति आराधना, १६८५, हमारे संग्रह में।

१०—विशेष संग्रह, १६८५, हमारे संग्रह में।

११—दीक्षा प्रतिष्ठा शुद्धि, १६८५ लूणकरणसर, प्रेस-कापी हमारे संग्रह में।

१२—विसंवाद शतक, १६८५, हमारे संग्रह में।

१३—खरतरगच्छ पट्टावली, १६९०, खंभात, प्रेस-कापी हमारे संग्रह में।

१४—कथाकोश, (अपूर्ण दे० ला० पु० फंड सूरत प्रेस-कापी) पूर्ण प्रति जिनऋद्धिसूरि संग्रह, स्वयं लिखित अपूर्ण प्रति विनयसागरजी सं०।

१५—सारस्वत रहस्य, प्रेस-कापी हमारे संग्रह में।

१६—प्रश्नोत्तर २८७, अप्राप्य (सूची का अन्तिम पत्र ही प्राप्त)।

१७—प्रश्नोत्तर-सार-संग्रह, हंसविजय लाइब्रेरी, वडोदा।

१८—अनुपम भक्तामर प्र समयसुन्दर कृति कुसुमांजली।

१९—वीर २७ भव ,

२ —संसारदाव ,, ,

२१—श्री जिनसिंहसूरि पदोत्सव (रघुवंश तृतीय सर्ग पादपूर्ति), प्रेस-कापी हमारे संग्रह में।

२२—द्रोपदी-संहरण।

२३—कल्याणकुलपर्भितस्तव स्वोपज्ञ वृत्ति आत्मानंद सभा भावनगर से प्रकाशित।

२४—२४ जिन-गुरु नामगर्भित स्तोत्र स्वोपज्ञ वृत्ति प्र स कु कु ।

२५—स्तोत्र संग्रह।

संग्रह ग्रन्थ

१—गाथासहस्री सं १६८६; जिनदत्तसूरि ज्ञानभंडार, सूरत से प्रकाशित।

टीकायें

१—रूपकमाला वृत्ति, सं १६६३ बीकानेर; प्रेस कापी हमारे संग्रह।

२—चुरिवर स्तोत्र वृत्ति १६८४ लूणकरणसर; जिनदत्तसूरि ज्ञानभंडार से प्र

३—कल्पसूत्र वृत्ति, (कल्पलता), १६८४—८५ रिणी

४—नवतिद्वमन वृत्ति १६८७ पाटण;

५—भक्तामर सुबोधिनी वृत्ति, १६८७ हमारे संग्रह में।

६—नवतत्त्व शब्दार्थ वृत्ति १६८८ अहमदाबाद; हमारे संग्रह में।

७—दशवैकालिक वृत्ति १६९१ खंभात।

८—रघुवंश वृत्ति, १६९२ खंभात बड़ा ज्ञानभंडार।

९—संदेह दोलावली पर्याय १६९३।

१ —वृत्तरत्नाकर वृत्ति, १६९४ जालोर; हमारे संग्रह।

११—सप्तस्मरण वृत्ति, १६६५, जिनदत्तसूरि पु० फंड से प्रकाशित ।

१२—कल्याणमंदिर वृत्ति, १६६५, प्रल्हादनपुर, „ „

१३—दंडक वृत्ति, १६६६, अहमदावाद, हमारे संग्रह में ।

१४—वाग्भट्टालंकार वृत्ति (अपूर्ण बीकानेर ज्ञानभंडार) पूर्ण प्रति एसियाटिक सो० बम्बई, सं० १६६२ अहमदावाद, हरिराम के लिये रचित ।

१५—विमलस्तुति वृत्ति, प्रेसकापी हमारे संग्रह में ।

१६—चत्तारि परमंगाणि व्याख्या, हमारे संग्रह में ।

१७—मेघदूत प्रथम श्लोक (तीन अर्थ), हमारे संग्रह में ।

१८—माघ-काव्य वृत्ति, तृतीय सर्ग की प्रति सुराणा पुस्तकालय, चूरू में ।

१६—लिंगानुशासन चूर्णि । अनिट् कारिका ।

२०—ऋषिमंडल टिप्पण सं० १६६२, आश्विन संग्रामपुर में लिखित ।

२१—वेरथय वृत्ति, विवेचन स० १६८४ अक्षयतृतीया विक्रमपुरे पत्र २ स्वय लि० ।

२२—मेघदूत वृत्ति ।

२३—कुमारसम्भव वृत्ति ।

बालावबोध

१—षडावश्यक बालावबोध, १६८३, जैसलमेर, बालोतरा भंडार, आचार्य-शाखा भंडार, तथा हमारे संग्रह में ।

२—दीवालीकल्प बालावबोध स० १६८२ सूरत पत्र १६ ।

भाषा कृतियाँ (रास, चौपाई आदि)

१—चौबीसी, १६५८ अहमदावाद, पूजा संग्रह, स० कु० कु० में प्रकाशित ।

२—शांब प्रद्युम्न चोपई, १६५६, खंभात, हमारे संग्रह ।

३—दानादि चौढालिया, १६६२, सांगानेर, स० कु० कु० में प्रकाशित ।

४—चार प्रत्येकबुद्ध रास १६६४—६५ आगरा; आनन्द-काव्य महोदधि में प्रकाशित।

५—मृगावती रास, १६६८, मुलतान; हमारे संग्रह में।

६—सिंहलसुत प्रियमेलक रास १६७२ हमारे संग्रह। प्र समयसुंदर रास पंचक।

७—पुण्यसार रास १६७२ हमारे संग्रह में।

८—नल-दमयन्ती चौपाई, १६७३ मेड़ता; हमारे संग्रह में।

९—सीताराम चौपाई १६७७ साँचोर आदि प्रस्तुत ग्रन्थ में प्र।

१०—वल्कलचीरी रास १६८१ जैसलमेर समयसुंदर रासपंचक में प्र।

११—शत्रुंजय रास १६८२; नागोर प्रकाशित। समय कृ कु

१२—वस्तुपाल-तेजपाल रास १६८२ तिमरीपुर; जैन-युग में प्रकाशित। ,,

१३—थावच्चा चौपाई, १६९१ खंभात हमारा संग्रह।

१४—विहरमान बीसी स्तवन १६९३ अहमदाबाद प्र समय कृ कु

१५—क्षुल्लककुमार रास १६९४ जालोर ,,

१६—चंपकश्रेष्ठि चौपाई १६९५, जालोर; प्र समय रास पंचक।

१७—गौतमपृच्छा चौपाई १६९५, सचिह; हमारे संग्रह में।

१८—व्यवहारशुद्धि धनदत्त चौपाई प्र समय रास पंचक।

१९—साधुवंदना १६९७ अहमदाबाद हमारे संग्रह में।

२०—ऐरवत क्षेत्र चौबीसी १६९७ अहमदाबाद। प्र स कृ कु

२१—पुंजा (रत्न) ऋषि रास १६९८, ,, ,,

२२—केशी प्रदेशी प्रबन्ध १६९८ अहमदाबाद ,

२३—द्रौपदी चौपाई १७०० अहमदाबाद हमारे संग्रह में।

छत्तीसी साहित्य

१—क्षमा छत्तीसी, नागोर, प्रकाशित। २—कर्म छत्तीसी, १६६८, मुलतान। ३—पुण्य छत्तीसी, १६६६, सिद्धपुर। ४—सन्तोष छत्तीसी, १६८४ लूणकरणसर। ५—दुष्काल वर्णन छत्तीसी, १६८८। ६—सवैया छत्तीसी, १६६०, खंभात। ७—आलोयणा छत्तीसी, १६६८ अहमदावाद। सभी स० कृ० कु० में प्रकाशित।

इनके अतिरिक्त तीर्थभास छत्तीसी, साधुगीत छत्तीसी आदि कई संग्रह है। हमने ५०० के लगभग स्तवन, गीत, पदादि संगृहीत किए हैं। जो समयसुन्दर कृति कुसुमाजली में प्रकाशित है।

कुछ विद्वानों ने कविवर की कई अन्य रचनाओं का उल्लेख किया है, पर उनमे अधिकाश संदिग्ध प्रतीत होती है। यहा उनका निर्देश किया जाता है—

१—देसाई जी—(१) पुण्याढ्य रास, (२) संवादसुन्दर, (३) गुणरत्नाकर छन्द, (४) गाथालक्षण, (५) रेवती सभाय, (६) बीकानेर आदिनाथ वीनति आदि।

२—लालचन्द भ० गाधी—(१) शील छत्तीसी, (२) बारह व्रत रास, (३) श्रीपाल रास, (४) प्रश्नोत्तर चौपाई, (५) हंसराज-बच्छराज रास, (६) जम्बूरास, (७) नेमि राजिमती रास, (८) अंतरिक्ष गौडी छन्द।

३—हीरालाल रसिकदास—जीवविचार वृत्ति।

४—पूरणचन्द नाहर . जिनदत्तर्षि कथा।

कवि की स्वलिखित प्रतियाँ

कविवर ने केवल ग्रन्थों की रचना ही नहीं की, स्व-रचित एवं अन्य-रचित अनेक ग्रन्थों की स्वयं प्रतिलिपियाँ भी कीं, जिनमें कई एक उपलब्ध हैं। कई ग्रन्थों की इनके द्वारा संशोधित प्रतियां भी मिली हैं। इनके स्वलिखित ज्ञात ग्रन्थों की सूची यहां दी जाती है—

गाहटा संग्रह में—(१) करकण्डु चौपाई (८ पत्र), १६६४, आगरा (२) फुटकर गीत (२७ पत्र) १६७६; (३) खण्डित प्रति, १६८८, (४) जिनचन्द्रसूरि रागमाला, १६६४ जालोर; (५) प्रस्ताविक सवैया छत्तीसी (४ पत्र) १६६८, पार्श्वचंद्र उपाश्रय अहमदपुर; (६) केशी प्रदेशी प्रबन्ध (४ पत्र) १६६६ अहमदाबाद; (७) रात्रिजागरण गीत (८ पत्र); (८) नेमिनाथ छत्तीसी (६ पत्र)' (६) साधु गीतानि' (१) मन्त्र समये जीव प्रतिबोध गीतम्, (११) पेरखत चोबे २४ तीर्थंकर गीतम्, (१२) कल्याण मन्दिर वृत्ति प्रारम्भ (१३) श्री जिनचन्द्रसूरि गीत १६५२ खंभात' (१४) पद्मावती पत्र १६७६, मल्हारनपुर।

अभय भाग—(१) रूपकमाला चूर्णि (भांडारकर इन्स्टीट्यूट, पूना) (२) दीक्षा प्रतिष्ठा शुद्धि १६८५ लूणकरणसर (आचार्य शाखा भण्डार) बीकानेर। (३) गाथासाहस्री (आ शा भ)। (४) कथासंग्रह (आ शा भं)। (५) प्रश्नोत्तर पत्र (आ शा भं)। (६) महावीर २७ भव दो पत्र (जयचंदजी भंडार)। (७) सारस्वत रहस्य (महिमाभक्ति भण्डार)। (८) सीताराम चौपाई (अपूर्ण तत्कृत पुस्तकालय; मिलमणि मोहन जैन पुस्तकालय कलकत्ता विजयधर्मसूरि ज्ञानभण्डार आगरा)। (६) वाग्भटालङ्कार वृत्ति मध्य पत्र (महिमाभक्ति भण्डार)।

(१०) गुरु-दुःखित वचनम् म० भ० भ०)। (११) अष्टक, दो पत्र (म० म० भं०)। (प्रियमेलक चौ०, ५ पत्र (म० भ० भं०)। (१३) तीर्थ-भास छत्तीसी (रा० ए० सो० वम्बई)। (१) साँझी गीत (पालनपुर भण्डार)। (१५) साधुगीत छत्तीसी (फूलचन्दजी झाबक)। (१६) कुमारसम्भव वृत्ति, १६७६ (हरिसागरसूरि भण्डार, लोहावट)। (१७) गीत, पत्र १ तथा ८, स० १६६३, पाटण (यति नेमिचन्द जी, वाहडमेर)। (१८) शत्रुँजयरासादि (हालां भण्डार)। (१६) रघुवंश टीका, ६ पत्र (डूगरसी भण्डार, जेसलमेर)। (२०) अष्टोतरी दशाकरण विधि, तीन पत्र (डू० भ०) (२१) माघ काव्य वृत्ति (सुराणा पुस्तकालय, चूरू)। (२२) श्री जिन सिंह पदोत्सव काव्य, नौ पत्र (यति सुमेरमल जी, भीनासर)। (२३) प्रिय-मेलक चौपाई (आगरा ज्ञानमन्दिर)। (२४) द्रौपदी चौपाई (अनन्तनाथ भण्डार, वम्बई)। (२५) कालिकाचार्य कथा (जयचन्द भण्डार, वीका-नेर)। (२६) पार्श्वनाथ लघु स्तवन, ८ पत्र स० १७००, अहमदावाद। (२७) लिंगानुशासन चूर्णि, ६ पत्र। (२८) सारस्वत रूपाणि, ५ पत्र। (२६) सप्तनिन्हव सम्बन्ध। (३०) कथा-सग्रह (२६ – ३० आचार्य शाखा भण्डार)।

संशोधित एवं 'पर्याय' लिखित प्रतियाँ

१—दशवैकालिक पर्याय (हमारे सग्रह)। २—लिंगानुशासन पर्याय, ८ पत्र (महिमाभक्ति भण्डार)। ३—सन्देह-दोलावली पर्याय (जयचन्द जी भण्डार। ४—चतुर्मासिक व्याख्यान पद्धति (हमारे सग्रह। ५—प्रिय-मेलक चौपाई (हमारे संग्रह)।

अन्य-रचित ग्रथों की प्रतियाँ

१—दोषावहार वृत्ति (हमारे सग्रह)। २—श्रवणभूषण, १६५६ वि० (यति चुन्नीलाल जी के संग्रह में)। ३— भरटक द्वात्रिंशिका, ७ पत्र (डूगरसी भण्डार, जैसलमेर)।

महाकवि समयसुंदर का साहित्य अत्यन्त विशाल है उनके सम्बन्ध में हमने गत ३५ वर्षों में पर्याप्त शोध की है फिर भी नवीन शोध करने पर कुछ न कुछ प्राप्ति होती ही रहती है। यहाँ सीमित स्थान में उनके साहित्य का विस्तृत विवेचन देना सम्भव नहीं है। हमने समयसुन्दर कृति कुसुमांजलि का सम्पादन कर प्रकाशन किया है, जिसमें महो पाध्याय विनयसागरजी द्वारा लिखित 'महोपाध्याय समयसुन्दर' निबन्ध व उनकी अब तक प्राप्त ५६३ लघु कृतियां दे दी हैं। सादूल राजस्थान रिसर्च इन्स्टीट्यूट बीकानेर से प्रकाशित समयसुन्दर रास पंचक में उनके ५ रास सार सहित दे दिये हैं, मृगावती रास के सार रूप सती मृगावती" पुस्तक लगभग ३५ वर्ष पूर्व प्रकाशित की थी। अब सीताराम चौपाई नामक कविवर की विशिष्ट कृति को राससार सहित प्रकाशित करते अत्यन्त हर्ष हो रहा है। पाठकों को कविवर की कृतियों का रसास्वादन करने के लिए समयसुन्दर कृति कुसु माञ्जलि ग्रंथ अवश्य अवलोकन कर अपने निज के भक्ति क्रम में सम्मिलित करना चाहिए।

प्रो फूलसिंह हिमांशु ने सीताराम चौ० का संक्षिप्त परिचय मरु-भारती वर्ष ७ अंक १ में प्रकाशित किया था जिसे यहाँ सामार प्रका शित किया जा रहा है।

मणिधारी जयन्ती — अगरचन्द नाहटा

मा सु १४ स २२ — भँवरलाल नाहटा

सीताराम चरित्र सार

पूर्वकथा प्रसंग

एक वार गणधर गौतम राजगृह नगर मे समोसरे। महाराजा श्रेणिकादि परिषद् के समक्ष उन्होंने अठारह पाप स्थानकों का परिहार करने का उपदेश देते हुए कहा कि साध्वादि को मिथ्या कलंक देने से सीता की भाँति प्रवल दु ख जाल मे पडना होता है। श्रेणिक के पूछने पर गौतम स्वामी ने सीता के पूर्वभव से लगा कर उनका सम्पूर्ण जीवन-वृत्त वतलाया जो यहाँ संक्षिप्त कहा जाता है।

वेगवती और महात्मा सुदर्शन

भरतक्षेत्र मे मृणालकुड नगर मे श्रीभूति पुरोहित की पुत्री वेगवती निवास करती थी। एक वार वहाँ सुदर्शन नामक उच्चकोटि के मुनिराज के पधारने पर सारा नगर वन्दनार्थ गया और उनके निर्मल संयम और उपदेशों की सर्वत्र प्रशंसा होने लगी। मिथ्या दृष्टिवश वेगवती को साधु की प्रशंसा असह्य हुई और वह लोगों की दृष्टि मे मुनिराज को गिराने के लिए मिथ्या प्रचार करने लगी कि ये साधु पाखण्डी हैं। मैंने इन्हें स्त्री के साथ व्रत भंग करते देखा है। वेगवती के प्रचार से साधु की सर्वत्र निन्दा होने लगी। मुनिराज के कानों में जव यह प्रवाद पहुँचा तो उन्हें मिथ्या कलक और धर्म की निन्दा का बड़ा खेद हुआ। उन्होंने जव तक यह कलंक न उतरे, अन्न जल का परित्याग कर दिया। शासनदेवी के प्रभाव से वेगवती का मुह फूल गया और वह अत्यन्त दु खी होकर अपने किये का फल पाने लगी। उसके मन मे पश्चाताप हुआ और अपना दुष्कृत्य स्वीकार करने पर

उसने मुनिराज को निर्दोष घोषित कर दिया। लोगों में सर्वत्र हर्ष व्याप्त हो गया। वेगवती ने धर्म श्रवण कर संयम स्वीकार किया और आयुष्यपूर्ण कर प्रथम देवलोक में उत्पन्न हुई।

वेगवती और मधु पिंगल

भरतक्षेत्र में मिथिलापुरी नामक समृद्धनगरी थी जहाँ ज्ञानी और तेजस्वी जनक राजा राज्य करते थे। उनकी भार्या वैदेही की कुक्षि में वेगवती का जीव-कन्या के रूप में व एक अन्य जीव पुत्र के रूप में उत्पन्न हुए। पूर्वभव के वैरवश एक देव ने पुत्र को हरण कर लिया। श्रेणिक राजा द्वारा वैर का कारण पूछने पर गौतम स्वामी ने कहा कि चक्रपुर के राजा चक्रवर्ती और उसकी रानी मदनसुन्दरी की पुत्री अत्यन्त सुन्दरी थी। लेखशाला में अध्ययन करते हुए पुरोहित के पुत्र मधुपिंगल से उसका प्रेम हो गया। मधुपिंगल उसे विदर्भापुरी ले गया और वे दोनों वहाँ आनन्दपूर्वक रहने लगे। कुछ दिनों में मधु पिंगल विद्या विस्मृत होकर धन के बिना दुःखी हो गया। राजकुमार अहिकुण्डल ने जब सुन्दरी को देखा तो वह उसे अपने महलों में ले गया। मधुपिंगल ने जब अपनी स्त्री को नहीं देखा तो उसने राजा के पास जाकर पुकार की कि मेरी स्त्री को कोई अपहरण कर ले गया। आप उसकी शोधकर मुझे प्राप्त कराने की कृपा करें। राजकुमार के किसी पुरुष ने कहा—मैंने उसे पोलासपुर में साध्वी के पास देखा है। मधुपिंगल उसे खोजने के लिए पोलाशपुर गया और न मिलने पर फिर राजा के पास जाकर पुकार की और झगड़ा करने लगा तो राजा ने उसे पिटवा कर नगर के बाहर निकाल दिया। मधुपिंगल

विरक्त होकर साधु हो गया और तपश्चर्या के प्रभाव से मरकर स्वर्गवासी हुआ। राजकुमार अहिकुण्डल ने धर्म सुना और साधु संगति से सदाचारी जीवन विता कर वदेही की कुक्षि में पुत्र रूप मे उत्पन्न हुआ जिसे पूर्वभव का वेर स्मरणकर मधुपिंगल के जीव देव ने जन्मते ही अपहरण कर लिया। देव का विचार था कि इसे शिला पर पछाड कर मार दिया जाय पर मन मे दयाभाव आ जाने से वह ऐसा न कर सका और उसे कुण्डल हार पहना कर वैताढ्य पर्वत पर छोड दिया। चन्द्रगति नामक विद्याधर ने जव उसे देखा तो उसने तत्काल ग्रहण कर रथनेउरपुर ले जाकर अपनी भार्या अंशुमती को देकर लोगों मे प्रसिद्धि कर दी कि मेरी स्त्री गूढगर्भा थी और उसके पुत्र उत्पन्न हुआ है। विद्याधर लोगों ने पुत्र जन्मोत्सव किया और उस वालक का नाम भामंडल रखा। वह कुमार वेताढ्य पर्वत पर चन्द्रगति के यहाँ वडा होने लगा।

सीता का नाम संस्करण तथा पूर्वानुराग

इधर जव रानी वैदेही ने पुत्र को न देखा तो वह मूर्छित होकर नाना विलाप करने लगी। राजा जनक ने उसे समझा बुझा कर शात किया और पुत्री का जन्मोत्सव मनाकर उसका नाम सीता रखा। राजकुमारी सीता पॉच धायों द्वारा प्रतिपालित होकर क्रमश' यौवन अवस्था मे प्रविष्ठ हुई। सीता लावण्यवती और अद्वितीय गुणवती थी। राजा जनक ने उसके लिए वर की शोध करने के हेतु मत्री को भेजा। मंत्री ने राजा से कहा कि अयोध्या नरेश दशरथ के चार पुत्र है जिनमे कौशल्यानंदन रामचंद्र अपने लघुभ्राता सुमित्रा-

नंदन लक्ष्मण और कैकयी के पुत्र भरत शत्रुघ्न युक्त परिवृत है। इनमें रामचंद्र के साथ सीता का संबंध सर्वथा योग्य है। राजा जनक ने राजपुरुषों को अयोध्या भेजकर सीता का सम्बध कर लिया। सीता ने जब यह सम्बन्ध सुना तो वह भी अत्यन्त प्रमुदित हुई।

नारद मुनि का आगमन अपमान तथा वैरशोधन की चेष्टा

एक दिन नारद मुनि सीता को देखने के लिए आये। सीता ने उनका भयानक रूप देखा तो वह दौड़कर महल में चली गई। नारद मुनि जब पीछे-पीछे गए तो दासियों ने अपमानित कर द्वारपाल द्वारा बाहर निकलवा दिया। नारद मुनि क्रुद्ध होकर सीधे वैताढ्य पर्वत पर रथनेउर नरेश के यहाँ गए और सीता का चित्र बनाकर भामंडल के आगे रखा। भामंडल ने सीता पर मुग्ध होकर उसका परिचय प्राप्त किया और उसकी प्राप्ति के लिए उदास रहने लगा। चन्द्रगति ने भामण्डल को समझा-बूझाकर आश्वस्त किया और सीता की मांग करने में कदाचित् जनक अस्वीकार हो जाय तो अपना अपमान हो जाने की आशंका से चपलगति विद्याधर को छल-बलपूर्वक राजा जनक को ही बुला लाने के लिए मिथिला भेजा।

विद्याधरों का षडयन्त्र और विवाह की शर्त

चपलगति घोड़े का रूप धर मिथिला गया। राजा जनक ने लक्षण युक्त सुन्दर अश्व देखकर अपने यहाँ रख लिया। एक महीने बाद राजा स्वयं उस पर आरूढ़ होकर वन में गया तो अश्व ने राजा जनक को आकाश मार्ग से चन्द्रगति विद्याधर के समक्ष लाकर उपस्थित कर दिया। चन्द्रगति ने भामण्डल के लिए सीता की मांग की तो जनक

ने कहा—दशरथ राजा के पुत्र रामचन्द्र को सीता दी जा चुकी है, अतः अब यह अन्यथा कैसे हो सकता है? विद्याधरों ने कहा—खेचर के सामने भूचर की क्या बिसात है? राम यदि देवाधिष्ठित धनुष चढा सकेगा तो सीता उसे मिलेगी अन्यथा विद्याधर ले जायेंगे। विद्याधर लोग सदल बल मिथिला के उद्यान मे आ पहुँचे। राजा जनक भी खिन्न हृदय से अपने महलों मे आये और रानी के समक्ष कहा कि राम यदि बीस दिन के अन्दर धनुष चढा सका तो ठीक अन्यथा सीता को विद्याधर ले जावेंगे। सीता ने कहा—आप कोई चिन्ता न करें, वर राम ही होगें। विद्याधर लोग अपनी इज्जत खो कर जायेंगे।

धनुष-भंग आयोजन तथा सीता विवाह

मिथिला नगरी के बाहर 'धनुष-मण्डप' बनवाया गया। राजा दशरथ अपने चारों पुत्रों के साथ आ पहुंचे। मेघप्रभ, हरिवाहन, चित्ररथ आदि कितने ही राजा आये थे। धाय माता ने सीता को सबका परिचय दिया। मन्त्री द्वारा धनुष चढाने का आह्वान श्रवण कर राजा लोग बगलें झांकने लगे। अतुलबली राम सिंह की तरह उठे और तत्काल धनुष चढ़ा दिया। टंकार शब्द से पृथ्वी और पर्वत कांपने लगे, शेषनाग विचलित हो गये। अप्सराएं कांपती हुई अपने भर्त्ताओं से आलिंगित हो गई। आलान स्तंभ उखड गये, मदोन्मत्त हाथी छुटकर भग गए। थोडी देर में सारे उपद्रव शान्त हो गए आकाश मे देव दुंदुभि बजी, पुष्पवृष्टि हुई सीता प्रफुल्लित होकर रामचन्द्रके निकट आ पहुँची। दूसरा धनुष लक्ष्मणने चढाया, विद्या-

घर लोगों ने प्रसन्न होकर अठारह कन्याओं का सम्बन्ध किया। राम सीता का पाणिग्रहण हुआ सब लोग अपने अपने स्थान लौटे। राजा दशरथ अपने पुत्रादि परिवार सह जनक द्वारा विपुल समृद्धि पाकर अयोध्या लौटे।

महाराजा दशरथ की विरक्ति

महाराजा दशरथ शुद्ध श्रावक धर्म पालन करते हुए काल निर्गमन करते थे। एक बार जिनालय में उन्होंने अठाई महोत्सव प्रारम्भ किया तो समस्त रानियों को उत्सव दर्शनार्थ बुलाया गया। सब को बुलाने के लिए अलग-अलग व्यक्ति भेजे गये थे। सभी रानियाँ आकर उपस्थित हो गईं। पट्टरानी के पास बुलावा नहीं आने से वह कुपित होकर आत्मघात करने लगी। दासी का कोलाहल सुनकर राजा स्वयं पहुँचा और रानी से कहा ये क्या अनर्थ कर रही हो? इतने में ही रानी को बुलाने के लिए भेजा हुआ वृद्ध पुरुष आ पहुँचा। उसके देर से पहुँचने का कारण वृद्धावस्था की अशक्ति ज्ञात कर राजा के मन में समय रहते आत्महित कर लेने की तमन्ना जगी। इसी अवसर पर उद्यान में सत्यभूतहित नामक चार ज्ञानधरी मुनिराज समोसरे। राजा सपरिवार मुनिराज को वन्दनार्थ गये। उनकी धर्मदेशना श्रवण कर राजा का हृदय वैराग्य से ओतप्रोत हो गया और वे घर आकर चारित्र ग्रहण करने के लिये उपयुक्त अवसर देखने लगे।

भामंडल की आत्म-कथा

जब भामण्डल ने सुना कि सीता का राम के साथ विवाह हो गया तो वह अपने को अधन्य मानने लगा और जिस किसी प्रकार

से सीता को प्राप्त करने का दृढ निश्चय कर सैन्य सहित रवाने हुआ। मार्ग में विदर्भा नगरी मे जब पहुचा तो उसे वहाँ के दृश्यों को देखकर ईहा पोह करते हुए जातिस्मरण ज्ञान उत्पन्न हो गया। उसे अपनी ही सहोदरा सीता के प्रति लुब्ध होने का बड़ा पश्चाताप हुआ और वैराग्य पूर्वक ससैन्य वापस रथनेउरपुर पहुंचा। पिता चन्द्रगति ने उसे एकान्त मे लौट कर आने का कारण पूछा। भामण्डल ने कहा—हे तात! मैं पूर्व जन्म मे राजकुमार अहिमंडल था और मैंने निर्लज्जतावश ब्राह्मणी का अपहरण किया था। मैं मर कर जनक राजा का पुत्र हुआ, सीता मेरी सहोदरा है। पूर्व जन्म के वैर विशेष से देव ने मेरा अपहरण किया और प्रारब्धवश आपने मुझे अपना पुत्र किया। हाय! मुझ अज्ञानी ने अपनी भगिनी की वाञ्छा की, यही मेरा वृत्तान्त है। विद्याधर चन्द्रगति इस वृतान्त को श्रवण कर विरक्त चित्त से भामण्डल को राज्याभिषिक्त कर सब के साथ अयोध्या के उद्यान मे आया। मुनिराज को वंदनकर चन्द्रगति ने उनके पास दीक्षा ले ली। भामण्डल ने याचकों को प्रचुर दान दिया जिससे वे जनक वैदेही के नन्दन भामण्डल का यशोगान करने लगे। महलों में सोयी हुई सीता ने जब भाटों द्वारा जनक के पुत्र की विरुदावली सुनी तो उसने सोचा—यह कौन जनक का पुत्र? मेरे भाई को तो जन्म होते ही कोई अपहरण कर ले गया था। इस प्रकार विचार करते हुए राम के साथ प्रात काल उद्यान में गयी। महाराजा दशरथ भी आये और उन्होने चन्द्रगति मुनि को देखकर ज्ञानी गुरु से सारा वृतान्त ज्ञात किया। सब लोग जनक-पुत्र भामण्डल का परिचय पाकर प्रसन्न हुए। भामण्डल के हर्ष का तो कहना ही क्या! रामने स्वागतपूर्वक भामण्डल

को नगर में प्रवेश कराया। भामण्डल ने पवनगति विद्याधर को मिथिला भेजा और माता पिता को यथाईपूर्वक विमान में आरूढ़ कर अयोध्या बुला लिया। माता पिता के चरणों में नमस्कार कर सारा वृत्तान्त सुनाया सब लोग परस्पर मिलकर आनन्दित हुए। दशरथ के आग्रह से पाँच दिन अयोध्या में रह कर जनक राजा भामण्डल सहित मिथिला आये उत्सव-महोत्सव पूर्वक कुछ दिन माता पिता के पास रह कर भामण्डल पिता की आज्ञा से रथनेउरपुर चला गया।

राज्याभिषेक की कामना और कैकेयी की वर याचना

एक दिन राजा दशरथ पिछली रात्रि में जग कर वैराग्य पूर्वक चिन्तन करने लगा कि विद्याधर चन्द्रगति धन्य हैं जो संयम स्वीकार कर आत्म साधन में लग गये। मैं मन्दभाग्य अभी भी गृहस्थी में फँसा पड़ा हूँ क्षण क्षण में आयु घट रही है और न मालुम कब क्षय हो जायगी। अत अब रामचन्द्र को राज्य सम्भला कर मुझे भी संयम ग्रहण करना श्रेयस्कर है। उसने प्रातः काल सबके समक्ष अपने विचार प्रकट किये। और सबकी अनुमति से राम के राज्याभिषेक का मुहूर्त देखने लगे। इतने ही में कैकयी राजा के पास गयी और यह सोच कर कि राम लक्ष्मण के रहते मेरे पुत्र को राज नहीं मिलेगा—राजा से अपना अमानत रखा हुआ वर माँगा। उसने कहा—राम को वनवास और भरत को राज्य देने की कृपा करें। राजा दशरथ यह सुन कर बड़ी भारी चिन्ता में पड़ गये। रामचन्द्र ने आकर पिता को चिन्ता का कारण पूछा तो उन्होंने कैकयी के वर की बात बतलाते हुए इस प्रकार पूर्व वृत्तान्त सुनाया—

कैकेयी वर कथा प्रसंग

एक वार नारद मुनि ने हमारे पास आकर कहा कि लंकापति ने नैमित्तिक से पूछा कि मैं सर्वाधिक समृद्धिशाली हूं, देव दानव मेरी सेवा करते हैं तो ऐसा भी कोई है जिससे मुझे खतरा हो ? नैमित्तिक ने कहा -- दशरथ के पुत्रों द्वारा जनक सुता के प्रसग से तुम्हें वडा भय है। रावण ने तुरन्त विभीपण को बुला कर आज्ञा दी कि दशरथ और जनक को मार कर मेरा उद्वेग दूर करो। अतः अब आप सावधान रहें। स्वधर्मी के सम्बन्ध से मुझे व जनक को साव-धान कर नारद मुनि चले गये। मैंने मन्त्री की सलाह से देशान्तर गमन किया और मेरे स्थान पर लेप्यमय मूर्त्ति वैठा दी गयी। जनक ने भी आत्म रक्षार्थ ऐसा ही किया। विभीपण ने आकर दोनों की प्रतिकृतियाँ भग कर दी, हम दोनों का भार उतर गया।

मैं देशाटन करता हुआ कौतुकमंगल नगर में पहुँचा। वहाँ शुभमति राजा की भार्या पृथिवी की पुत्री कैकयी का स्वयंवर मण्डप वना हुआ था, वहुत से राजाओं की उपस्थिति में मैं भी एक जगह छिप कर वैठ गया। कैकयी ने सबको छोड़ कर मेरे गले मे वरमाला डाली जिससे दूसरे सव राजा क्रुद्ध होकर चतुरंगिनी सेना सहित युद्ध करने लगे। शुभमति को भागते देख कर मैं रथारूढ हुआ, कैकयी सारथी वनी और रणक्षेत्र मे वाणों की वर्षा से समस्त राजाओं को परास्त कर कैकयी से विवाह किया। उस समय मैंने कैकयी को आग्रहपूर्वक वर दिया था जिसे उसने धरोहर रखा। आज वह वर माँग रही है कि भरत को राज्य दो। पर तुम्हारी उपस्थिति मे यह

कैसे हो सकता है ? इसी बात की मुझे चिन्ता है। राम ने कहा—आप प्रसन्नतापूर्वक भरत को राज्य देकर अपने वचनों की रक्षा करें मुझे कोई आपत्ति नहीं। दशरथ ने भरत को बुला कर राज्य लेने के लिये समझाया। उसने कहा—मुझे राज्य से कोई प्रयोजन नहीं, मेरा दीक्षित होने का भाव है, आप राम को राज्य दीजिये। राम ने कहा मैं जानता हूँ कि तुम्हें राज्य का लोभ नहीं है पर माता के मनोरथ और पितृवचनों की रक्षा के लिये तुम्हें ऐसा करना होगा। भरत ने कहा—बड़े भ्राता के रहते मेरा राज्य लेना असम्भव है। राम ने कहा—मैं वनवास ले रहा हूँ तुम्हें आज्ञा माननी होगी।

सीता वनवास

जब लक्ष्मण ने यह सुना तो वह दशरथ के पास आकर इसका घोर विरोध करने लगा पर राम ने उसे समझा कर शान्त कर दिया। रामचन्द्र और लक्ष्मण वनवास के लिये प्रस्थान करने लगे सीता भी पीछे चलने लगी। राम के बहुत समझाने पर भी सीता किसी भी प्रकार रुकने को राजी नहीं हुई और छाया की भाँति साथ हो गई। तीनों मिल कर दशरथ के पास गए और नमस्कार पूर्वक अपने अप राधों की क्षमा याचना करते हुए विदा माँगी। दशरथ ने कहा—सुपुत्रो! तुम्हारा क्या अपराध हो सकता है ? मैं तो दीक्षा लूँगा। तुम्हें जैसे उचित लगे करना पर अटवी का मार्ग बड़ा विषम है साव धान रहना! इसके बाद दोनों माताओं से मिल कर उन्हें आश्वस्त कर देव पूजा गुरु वंदनान्तर सबसे क्षमतक्षामणा पूर्वक निर्दोष वन की ओर गमन किया। उन्हें पहुँचाने के लिये राजा सामन्त मन्त्री

व सारे प्रजाजन अश्रुपूर्ण नेत्रों से साथ चले। राम का विरह असह्य था, राज परिवार, रानियाँ और महाजन लोग सभी व्याकुल होकर रुदन कर रहे थे। सबके मुख पर राम को निकालने वाली कैकयी के प्रति रोप और घृणा के भाव थे। राम के वियोग से दु:खी अयोध्या-वासियों का दु ख देखने मे असमर्थ होकर भगवान अंशुमाली भी अस्ताचल की ओर चले। राम सीता और लक्ष्मण ने जिनालय मे आकर रात्रिवास किया। माता पिता मिलने आये जिन्हें रवाना करके कुछ विश्राम किया और पिछली रात मे उठ कर जिनवन्दन करके धनुष वाण धारण कर पश्चिम की ओर रवाना हो गये। विरहातुर सामन्त लोग पैर खोजते हुए आ पहुँचे और रामचन्द्रजी की सेवा करते हुए कितने ही ग्राम नगर उल्लघन किये। जब गंभीरा तट आया तो वस्ती का अन्त जान कर सामन्तादि को वापस लौटा दिया और सीता और लक्ष्मण के साथ रामचन्द्र नदी पार होकर दक्षिण की ओर चले।

सामन्तादि भारी मन से वापस लौट कर जिनालय मे ठहरे। तत्र विराजित मुनिराज से कितनों ने ही संयम व व्रतादि ग्रहण किये। महाराज दशरथ ने भूतसरण गुरु के पास दीक्षा ले ली और कठिन तप करने मे लग गये।

भरत राम सम्मिलन तथा भरत का आज्ञा-पालन

पुत्रों के वनवास और पति के दीक्षित होने से खिन्न चित्त सुमित्रा व अपराजिता वडा दु ख करने लगी। उन्हें क्लान्त देख कर कैकयी ने भरत से कहा—बेटा। राम लक्ष्मण को बुला कर लाओ,

उनके बिना तुम्हें राज शोभा नहीं देता। कैकयी को साथ लेकर भरत राम की शोध में निकला। गंभीरा पार होकर विषम वन में रामचन्द्र जी के पास जा पहुँचा और घोड़े से उतर कर चरणों में गिर पड़ा राम ने उन्हें आलिंगन और लक्ष्मण ने सन्मानित किया। भरत ने अश्रुपूर्ण नेत्रों से प्रार्थना की कि—आप मेरे पितृतुल्य हैं, अयोध्या चल कर राज्य कीजिये मैं आप पर छत्र व शत्रुघ्न चामर धारण करेगा। लक्ष्मण मन्त्री होंगे। इतने में ही कैकयी रथ से उतर कर आ पहुँची और पुत्रों को हृदय से लगा कर कहने लगी—मेरा अपराध क्षमा कर अयोध्या का राज सम्भालो। पर रामचन्द्र ने कहा—हम क्षत्रिय हैं वचन नहीं पलटते। भरत को राज्य करने की आज्ञा देकर रामने सबको वापस लौटा दिया।

अवन्ति कथा प्रसंग

राम लक्ष्मण और सीता कुछ दिन भयानक अटवी में रह कर क्रमशः चलते हुए अवन्ती देश आये। एक शून्य नगर को देख कर उन्हें बड़ा आश्चर्य हुआ वहाँ धन, धान्य, दुग्ध गाय, भैंस आदि सब विद्यमान थे पर मनुष्य का नाम निशान नहीं था। राम सीता शीतल छाया में बैठे और लक्ष्मण जानकारी प्राप्त करने के लिये दूर से आते हुए उदास पथिक को बुला कर राम के पास लाया। राम के पूछने पर उसने कहा—

यह देश दशपुर का एक नगर है, इसका सूना होने का कारण यह है कि यहाँ वज्रजंघ नामक न्यायी राजा राज करता था जिसे शिकार की बुरी लत लगी हुई थी। एक दिन राजा ने एक गर्भवती

हरिणी को मारा जिसके तड़पते हुए गर्भ को देख कर राजा का हृदय चीत्कार कर उठा। वह विरक्त चित्त से आगे वढा तो शिला पर एक मुनिराज मिले जिनसे प्रतिवोध पाकर उसने सम्यक्त्व मूल श्रावक धर्म स्वीकार किया। तत्पश्चात वह धर्माराधन करता हुआ राज्य पालन करने लगा। उसने मुद्रिका मे मुनिसुव्रत स्वामी की मूर्ति वनवा कर अन्य को नमस्कार न करने का व्रत पालन किया। अवन्तीपति सीहोदर को जिसकी अधीनता मे वह था, नमस्कार करते समय जिनवन्दन का ही अध्यवसाय रखता था। किसी चुगलखोर शत्रु ने सीहोदर के कान भर दिये जिससे वह कुपित होकर दशपुर पर चढाई करके वज्रजंघ को मारने के लिये ससैन्य अवन्ती से निकल पड़ा। इसी वीच एक व्यक्ति शीघ्रतापूर्वक वज्रजंघ से आकर मिला और उसे सीहोदर के आक्रमण से अवगत कराते हुए अपना परिचय इस प्रकार दिया कि मैं कुण्डलपुर का अधिवासी विजय नामक व्यापारी हूँ। मेरे माता-पिता शुद्ध श्रावक हैं, मैने उज्जयिनी में आकर प्रचुर द्रव्य कमाया पर अनंगलता नामक वेश्या से आसक्त होकर सब कुछ खो वैठा। एक दिन मैं वेश्या के कथन से रानी के कुण्डल चुराने के लिये राजमहल मे प्रविष्ट हुआ और छिप कर खडा हो गया—मैं इस फिराक मे था कि राजा सो जाय तो रानी के कुण्डल हस्तगत करूं! पर विचारमग्न राजा को नींद न आने से रानी ने पूछा तो राजा ने कहा मैं दशपुर के राजा वज्रजंघ को मारूंगा जो मुझे प्रणाम नहीं करता। मेरे मन में स्वधर्मी वन्धु को चेतावनी देकर उपकृत करने का विचार आया और मैं वहाँ से आपके पास आकर गुप्त खवर दे रहा हूं, आप अपनी रक्षा का यथोचित उपाय करें। राजा ने

उसका आभार स्वीकार किया। वज्रजंघ ने अन्न पानी का संचय करके नगर के द्वार बन्द कर लिये। सीहोदर की सेना ने आकर नगर को घेर लिया। सीहोदर ने दूत भेज कर वज्रजंघ को कहलाया कि तुम मुझे नमस्कार करो और राज भोगो। पर वज्रजंघ ने कहा—मैं अपना नियम भंग नहीं कर सकता। इसीलिये दोनों राजा एक बाहर और एक भीतर अकड़े बैठ हैं, यही कारण है कि यह देश अभी अभी सूना हो गया है। ऐसा कह कर वह व्यक्ति जाने लगा तो राम ने उसे कटि का कंदोरा इनाम देकर बिदा किया।

राम की वज्रजंघ की सहायता

राम लक्ष्मण स्वधर्मी बन्धु वज्रजंघ की सहायता करने के उद्देश्य से दशपुर के बाहर चन्द्रप्रभ जिनालय में आये और जिन वदमान्तर लक्ष्मण नगर में जाकर राजा से मिला। राजा ने उसे भोजन करने को कहा तो लक्ष्मण के यह कहने पर कि मेरे भ्राता नगर के बाहर हैं, राजाने तैयार मिष्टान्न भोजन भेज दिया। भोजनान्तर लक्ष्मण सीहोदर के पास गया और उससे कहा कि मैं भरत का भेजा हुआ दूत हूं, तुमने अन्यायपूर्वक वज्रजंघ पर घेरा डाल रखा है अब भरत की आज्ञा से विरोध त्याग दो अन्यथा काल कृतान्त के हस्तगत हुआ समझो। सीहोदर ने क्रुद्ध होकर सुभटों को संकेत किया। लक्ष्मण के साथ युद्ध छिड़ गया अकेले वीर ने सीहोदर की सेना को परास्त कर सीहोदर को बांधकर रामके सामने उपस्थित किया, रामने वज्रजंघ को आधा राज्य दिला कर उसका मेल करा दिया और उपकारी विद्यु को रामी के कुण्डल दिलाये। सीहोदर ने ३०० कन्याएं एवं वज्रजंघ ने

८ कन्याएं लक्ष्मण को दी जिन्हे देशाटनकी अवधि पर्यन्त वहीं रखने का आदेश दिया।

राजा वालिखिल कथा प्रसंग

राम-सीता और लक्ष्मण वहाँ से विदा होकर कूपचण्ड उद्यान मे पहुचे जहाँ सीता को भूख प्यास लग गई। लक्ष्मण सरोवर की पाल पर गया, जहाँ राजकुमार पहले से आया हुआ था। राजकुमार के पुरुप लक्ष्मण को बुला ले गए और सम्मानपूर्वक राजकुमार ने परिचय पूछा तो लक्ष्मण ने कहा मेरे भ्राता वाहर बैठे हैं, उनके पास जाने पर सारी वातें करूंगा। राजकुमार ने रामको बुलाकर आदर पूर्वक भोजनादि से भक्ति की फिर राजकुमार ने कहा—इस नगरी मे वालिखिल और उसकी पटरानी पृथ्वी राज्य करते थे। एक बार राजा को युद्ध मे म्लेच्छाधिप बन्दी बनाकर ले गये तब राजा सीहोदर ने कहा कि गर्भवती रानी के यदि पुत्र होगा तो उसे राज्य दिया जायगा। रानी के मैं पुत्री हुई पर राज्य की रक्षा के लिए मुझे पुत्र घोषित कर कल्याण माली नाम रखा गया। मेरी माता और मन्त्री के सिवा इस भेद को कोई नहीं जानता। मुझे पुरुष वेश पहना कर राजगद्दी पर बैठा दिया। मैंने यह गुप्त वात आपके समक्ष इसलिए प्रकट की है कि अब मैं तरुणी हो गई, आप कृपया मुझे अंगीकार करें। लक्ष्मण ने कहा—कुछ दिन तुम पुरुष वेश में राज्य संचालन करो, तुम्हारे पिता को हम विन्ध्याटवी जाकर म्लेछाधिप से छुडालाते हैं। इसके बाद राम सीता और लक्ष्मण विन्ध्याटवी की ओर रवाना हुए। सीता ने कौए के शकुन से भावी विजय की सूचना दी। विन्ध्याटवी पहुँच कर लक्ष्मण

ने बाणों की वर्षा द्वारा म्लेच्छाधिप इन्द्रभूति को परास्त कर दिया, राम के आदेश से उसने वालिखिल्ल को बन्धनमुक्त कर दिया।

ब्राह्मण कपिल कथा प्रसंग

वालिखिल्ल को अपने नगर पहुँचा कर एक अटवी में जाने पर सीता को प्यास लग गई। राम लक्ष्मण उसे अरुण गाँव में कपिल ब्राह्मण के घर ले गये जहाँ ब्राह्मणी ने शीतल जलादि से सत्कार कर ठहराया। इतने ही में ब्राह्मण ने आकर स्त्री को गाली देते हुए उसा हना दिया कि इन म्लेच्छोंको ठहराकर मेरा घर अपवित्र कर दिया। लक्ष्मण उसकी गालियों से क्रुद्ध होकर टाँग पकड़ कर घुमाने लगा तो राम ने उसे छुड़ा दिया और तीनों ने जंगल का मार्ग लिया।

सुदूर अटवी में पहुँचने पर घनघोर घटा गाज बीज के साथ मूसलधार वर्षा होने लगी। ठंड के मारे जब शरीर कांपने लगा तो राम सीता, लक्ष्मण ने एक घनी छाया वाले वट-वृक्ष का आश्रय लिया। इस वृक्ष में एक यक्ष रहता था जो राम-लक्ष्मण के तेज को न सह सका और बड़े यक्ष के पास जाकर शिकायत करने लगा। बड़े यक्ष ने अवधिज्ञान से पहिचान कर पलंग-शय्या आदि सुख सुवि धाएं सोने के लिए प्रस्तुत कर दी। प्रातःकाल जब उठे तो यक्ष द्वारा निर्मित समृद्धिशाली नगर सीता राम लक्ष्मण ने साश्चर्य देखा। इसमें राजभवन मन्दिर और कोट्याधीशों के मकान सुशोभित थे। यक्ष निर्मित रामपुरी में इन्होंने वर्षाकाल व्यतीत किया।

एक दिन जंगल में घूमते हुये कपिल ब्राह्मण ने इस भव्य नगरी को देखा तो एक महिला से उसने इस नगरी का परिचय पूछा।

यक्षिणी ने कहा यह राम की नगरी है राम लक्ष्मण यहाँ आनन्दपूर्वक रहते है और दीन हीन को प्रचुर दान देते है, स्वधर्मी भाई की तो विशेष प्रकार से भक्ति की जाती है। ब्राह्मण ने कहा—मैं राम का दर्शन कैसे करूं, यक्षिणी ने कहा—रात मे इस नगरी मे कोई प्रवेश नहीं करता, तुम पूर्वी दरवाजे के बाहर वाले जिनालय मे जाकर भक्ति करो व मिथ्यात्व त्याग कर साधुओं से धर्म श्रवण करो जिससे तुम्हारा कल्याण होगा। ब्राह्मण यक्षिणी की शिक्षानुसार धर्माराधन करता हुआ पक्का श्रावक हो गया। सरल स्वभावी भली ब्राह्मणी भी प्रतिबोध पाकर श्राविका हो गई। एक दिन कपिल अपनी स्त्री के साथ राजभुवन की ओर आया और लक्ष्मण को देखकर वापस पलायन करने लगा तो लक्ष्मण के बुलाने से आकर नमस्कार पूर्वक कहने लगा—मे वही पापी हूँ जिसने आपको कर्कशता पूर्वक घर से बाहर निकाल दिया था। आप मेरा अपराध क्षमा करें। राम ने मिष्ट वचनों से कहा—तुम्हारा कोई दोष नहीं, उस अज्ञानता का ही दोष है, अब तो तुमने जिनधर्म स्वीकारकर लिया अत. हमारे स्वधर्मी बन्धु हो गए। तदन्तर उसे भोजन कराके प्रचुर द्रव्य देकर बिदा किया। कालान्तर मे कपिल ने संयम मार्ग स्वीकार कर लिया।

वर्षाकाल बीतने पर जब राम अटवी की ओर जाने लगे तो यक्ष ने राम को स्वयंप्रभ हार, लक्ष्मण को कुण्डल व सीता को चडामणि हार भेंट किया एवं एक वीणा प्रदान कर अविनयादि के लिए क्षमा याचना की। राम के विदा होते ही नगरी इन्द्रजाल की भाँति लुप्त हो गई।

भूल। अहंकार त्याग कर भरत की आज्ञा स्वीकार करो। राजा ने कुपित होकर खड्ग निकाली तो नर्तकी ने राजा की चोटी पकड़ ली। लक्ष्मण अतिवीर्य को राम के पास ले गया, सीता ने उसे छुड़ाया। अतिवीर्य ने विरक्त होकर राम की आज्ञा से पुत्र को राज्य देकर दीक्षा ले ली। पुत्र विजयरथ भरत का आज्ञाकारी हो गया।

जितपद्मा के लिए लक्ष्मण का शक्ति-सन्तुलन

राम लक्ष्मण कुछ दिन विजयपुर जाकर रहे फिर वनमाला को वहीं छोड़ कर क्षेमंजलि नगर गये। रामाज्ञा से लक्ष्मण नगर में गया तो उसने सुना कि शत्रुदमन राजा ने यह प्रतिज्ञा कर रखी है—जो मेरा शक्ति प्रहार सहन करेगा उसे अपनी पुत्री दूंगा। लक्ष्मण ने राजसभा में जाकर भरत के दूत के रूप में अपना परिचय देते हुए राजा को पंचशक्ति प्रहार करने को कहा। जितपद्मा ने लक्ष्मण पर मुग्ध होकर शक्ति प्रहार के प्रपंच में न पड़ने की प्रार्थना की। लक्ष्मण ने उसे निश्चिन्त रहने का संकेत कर दिया। राजा ने क्रमशः पंच शक्ति छोड़ी जिसे लक्ष्मण ने दोनों हाथ दोनों काख और दाँतों द्वारा ग्रहण कर ली। देवों ने पुष्पवृष्टि की। लक्ष्मण ने जब कहा—राजा! अब तुम भी मेरा एक प्रहार सहो! तो राजा काँपने लगा जितपद्मा की प्रार्थना से लक्ष्मण ने उसे छोड़ दिया। राजा के पुत्री ग्रहण करने की प्रार्थना पर लक्ष्मण ने कहा—मेरे ज्येष्ठ भ्राता जानें। राजा रामचन्द्र को प्रार्थना कर नगर में लाया और लक्ष्मण के साथ जितपद्मा का ब्याह कर दिया। कुछ दिन वहाँ रह कर राम लक्ष्मण ने फिर वन की राह ली।

मुनिराज उपसर्ग तथा वंशस्थल नगर कथा प्रसंग

जब ये लोग वंशस्थल नगर पहुचे तो राजा प्रजा सबको भयभीत हो भागते देखा और पूछने पर पर्वत पर महाभय ज्ञात कर महासाहसी राम, लक्ष्मण और सीता के साथ पहाड पर गये। उन्होंने देखा एक मुनिराज ध्यान में निश्चल खड़े है, जिन्हें सांप, अजगर आदि ने चतुर्दिग् घेर रखा है। राम धनुषाग्र द्वारा उन्हें हटा कर मुनिराज के आगे गीत, वाद्य, नृत्यादि द्वारा भक्ति करने लगे। पूर्वभव के वैर को स्मरण करके भूत पिशाचों ने नाना उपसर्गों द्वारा भयानक दृश्य उपस्थित कर दिया। राम लक्ष्मण ने उन्हें भगा कर निरुपद्रव वातावरण कर दिया। मुनिराज को उसी रात्रि मे शुक्लध्यान ध्याते हुए केवलज्ञान प्रकट हो गया। देवों ने केवली भगवान की महिमा की, राम के पूछने पर मुनिराज ने उपद्रव का कारण इस प्रकार बतलाया।

अमृतसर के राजा विजयपर्वत के उपभोगा नामक रानी थी। जिससे वसुभूति नामक विप्र लुब्ध रहता था। राजा ने एक बार दूत के साथ वसुभूति को विदेश भेजा। वसुभूति ने मार्ग में दूत को मार दिया और वापस आकर राजा से कहा—दूत ने कहा कि मैं अकेला जाऊँगा, अत. मैं लौट आया हूं। ब्राह्मण रानी के साथ लिप्त था ही, उसने एक दिन रानी के आगे प्रस्ताव रखा कि तुम्हारे उदित, मुदित दोनों पुत्र अपने सुख मे अन्तरायभूत है अत इन्हें मार्ग लगा दो। ब्राह्मणी ने राजकुमारों को भेद की बात बतला दी जिससे राजकुमारों ने ब्राह्मण को तलवार के घाट उतार दिया। संसार के स्वरूप से विरक्त राजकुमारों ने मतिवर्द्धन मुनि के पास दीक्षा ले ली। ब्राह्मण मर कर

वनमाला और लक्ष्मण कथा प्रसंग

अटवी पार करके विजयापुरी के बाहर पहुँचकर वट वृक्ष के पास राम ने रात्रिवास किया। लक्ष्मण ने वट वृक्ष के नीचे किसी विरहिणी स्त्री का विलाप सुनकर कान लगाया तो सुना कि—हे वन देवी! मैं बड़ी भाग्यहीन हूँ जो इस भव में लक्ष्मण को वर रूप में न पा सकी, अब पर भव में मुझे वे अवश्य प्राप्त हों। ऐसा कह कर वह गले में फाँसी लगाने लगी तो लक्ष्मण ने शीघ्रतापूर्वक अपना आगमन सूचित कर फाँसी का फंदा काटा। लक्ष्मण उसे राम के पास लाये, और सीता के पूछने पर कहा कि यह तुम्हारी देवरानी है। सीता के परिचय पूछने पर उसने कहा—इसी नगरी के राजा महीधर की पटरानी इन्द्राणी की मैं वनमाला नामक पुत्री हूँ। बाल्यकाल में राजसभा में बैठे हुए लक्ष्मण की बिरुदावली श्रवण कर मैंने लक्ष्मण को ही पति रूप में स्वीकार करने की प्रतिज्ञा कर ली। पिताजी अन्यत्र सम्बन्ध कर रहे थे पर मैंने किसी की वांछा नहीं की। जब पिताजी ने दशरथजी की दीक्षा और राम लक्ष्मण का वनवास सुना तो उन्होंने खिन्न होकर मेरा सम्बन्ध इन्द्रपुरी के राजकुमार से कर दिया। मैं अपनी प्रतिज्ञा पर अटल थी अतः नजर बचा कर निकल भागी और वट वृक्ष के नीचे ज्योंही फाँसी लगाई मेरे पुण्योदय से लक्ष्मण ने आकर मुझे बचा लिया।

वनमाला सीता के साथ उपर्युक्त वार्तालाप कर रही थी इतने ही में राजा के सुभट आ पहुँचे और वनमाला को देखकर राजा को सारा वृत्तान्त सूचित कर दिया। महीधर राजा ने प्रसन्नतापूर्वक आकर

साक्षात्कार किया और उन सबको अपने महलों मे लाकर ठहराया। वनमाला को लक्ष्मण की प्राप्ति होने से सर्वत्र आनन्द छा गया।

अतिवीर्य का आक्रमण आयोजन और पराजय

इसी अवसर पर नन्दावर्त नगर से अतिवीर्य राजा का भेजा हुआ दूत महीधर के पास आया और सूचना दी कि हमारे भरत के साथ विरोध हुआ है अत युद्ध के लिये सैन्य सहित शीघ्र आओ। लक्ष्मण द्वारा पूछने पर दूत ने कहा राम लक्ष्मण की अनुपस्थिति का अवसर देख कर हमारे स्वामी ने भरत से अधीनता स्वीकार करने के लिये कहलाया। भरत ने कुपित होकर दूत को अपमानित करके निकाल दिया। अतिवीर्य इसीलिये सैन्य एकत्र कर भरत से युद्ध करेगा और महीधर महाराज को बुला रहा है। महीधर ने—हम आ रहे हैं, कह कर दूत को विदा किया।

राम ने महीधर से कहा भरत हमारा भाई है, अत' हमे सहाय्य करने का यह समय है, आप अपने पुत्र को हमारे साथ दें ताकि अतिवीर्य को हाथ दिखाया जाय। महीधर ने अपने पुत्र को राम लक्ष्मण के साथ भेज दिया और नंद्यावर्त्त नगर के बाहर पहुँच कर सन्ध्या समय डेरा डाला। प्रात'काल जिनालय मे वन्दन पूजनोपरान्त अधिष्ठाता देव द्वारा कार्य सिद्धि की सूचना के साथ-साथ सक्रिय सहयोग का वचन मिला।

देवी ने सुभटों का नर्त्तकी रूप बना दिया। राम ने राजाज्ञा से नर्त्तकी द्वारा नृत्य प्रारम्भ करवाया। नर्त्तकी ने अपने रूप कला से सबको मुग्ध कर दिया। अवसर देख कर नर्तकी ने राजा से कहा—

मूल। अहंकार त्याग कर भरत की आज्ञा स्वीकार करो। राजा ने कुपित होकर खड्ग निकाली तो नर्तकी ने राजा की चोटी पकड़ ली। लक्ष्मण अतिवीर्य को राम के पास ले गया, सीता ने उसे छुड़ाया। अतिवीर्य ने विरक्त होकर राम की आज्ञा से पुत्र को राज्य देकर दीक्षा ले ली। *पुत्र विजयरथ भरत का आज्ञाकारी हो गया।*

जितपद्मा के लिए लक्ष्मण का शक्ति-सन्तुलन

राम लक्ष्मण कुछ दिन विजयपुर जाकर रहे फिर वनमाला को वहीं छोड़ कर *क्षेमंजलि नगर गये। रामाज्ञा से लक्ष्मण नगर में गया* तो उसने सुना कि शत्रुदमन राजा ने यह प्रतिज्ञा कर रखी है—जो मेरा शक्ति प्रहार सहन करेगा उसे अपनी पुत्री दूंगा। लक्ष्मण ने राजसभा में जाकर भरत के दूत के रूप में अपना परिचय देते हुए राजा को पंचशक्ति प्रहार करने को कहा। जितपद्मा ने लक्ष्मण पर मुग्ध होकर शक्ति प्रहार के प्रपंच में न पड़ने की प्रार्थना की। लक्ष्मण ने उसे निश्चिन्त रहने का संकेत कर दिया। राजा ने क्रमशः पंच शक्ति छोड़ी जिसे लक्ष्मण ने दोनों हाथ दोनों काख और दाँतों द्वारा ग्रहण कर ली। देवों ने पुष्पवृष्टि की। लक्ष्मण ने जब कहा—राजा! अब तुम भी मेरा एक प्रहार सहो। तो राजा काँपने लगा जितपद्मा की प्रार्थना से लक्ष्मण ने उसे छोड़ दिया। राजा के पुत्री ग्रहण करने की प्रार्थना पर लक्ष्मण ने कहा—मेरे ज्येष्ठ भ्राता जानें। राजा रामचन्द्र को प्रार्थना कर नगर में लाया और लक्ष्मण के साथ जितपद्मा का ब्याह कर दिया। कुछ दिन वहाँ रह कर राम लक्ष्मण ने फिर वन की राह ली।

मुनिराज उपसर्ग तथा वंशस्थल नगर कथा प्रसंग

जब ये लोग वंशस्थल नगर पहुचे तो राजा प्रजा सबको भयभीत हो भागते देखा और पूछने पर पर्वत पर महाभय ज्ञात कर महा-साहसी राम, लक्ष्मण और सीता के साथ पहाड पर गये। उन्होंने देखा एक मुनिराज ध्यान में निश्चल खड़े हैं, जिन्हें सांप, अजगर आदि ने चतुर्दिग् घेर रखा है। राम धनुपाग्र द्वारा उन्हें हटा कर मुनिराज के आगे गीत, वाद्य, नृत्यादि द्वारा भक्ति करने लगे। पूर्वभव के वैर को स्मरण करके भूत पिशाचों ने नाना उपसर्गो द्वारा भयानक दृश्य उपस्थित कर दिया। राम लक्ष्मण ने उन्हें भगा कर निरुपद्रव वातावरण कर दिया। मुनिराज को उसी रात्रि मे शुक्ल-ध्यान ध्याते हुए केवलज्ञान प्रकट हो गया। देवों ने केवली भगवान की महिमा की, राम के पूछने पर मुनिराज ने उपद्रव का कारण इस प्रकार वतलाया।

अमृतसर के राजा विजयपर्वत के उपभोगा नामक रानी थी। जिससे वसुभूति नामक विप्र लुब्ध रहता था। राजा ने एक बार दूत के साथ वसुभूति को विदेश भेजा। वसुभूति ने मार्ग मे दूत को मार दिया और वापस आकर राजा से कहा—दूत ने कहा कि मैं अकेला जाऊँगा, अत· मैं लौट आया हूं। ब्राह्मण रानी के साथ लिप्त था ही, उसने एक दिन रानी के आगे प्रस्ताव रखा कि तुम्हारे उदित, मुदित दोनों पुत्र अपने सुख मे अन्तरायभूत है अतः इन्हें मार्ग लगा दो। ब्राह्मणी ने राजकुमारों को भेद की वात वतला दी जिससे राजकुमारों ने ब्राह्मण को तलवार के घाट उतार दिया। संसार के स्वरूप से विरक्त राजकुमारों ने मतिवर्द्धन मुनि के पास दीक्षा ले ली। ब्राह्मण मर कर

म्लेच्छपल्ली में उत्पन्न हुआ। उदित मुदित मुनिराज समेतशिखर यात्रार्थ जाते हुए म्लेच्छपल्ली के मार्ग से निकले तो वह म्लेच्छ इन्हें खड्ग द्वारा मारने को प्रस्तुत हुआ। मुनि भ्राताओं ने सागारी अनशन ले लिया। पल्लीपति ने करुणापूर्वक म्लेच्छ द्वारा मारने से मुनिराजों को बचा लिया। समेतशिखर पहुँच कर मुनिराजों ने अनशन आराधना पूर्वक देह त्यागा और प्रथम देवलोक में देव हुए। म्लेच्छ ने संसार भ्रमण करते हुए मनुष्य भव पाया और तापसी दीक्षा लेकर अज्ञान तप किये जिससे दुष्ट परिणामी ज्योतिषी देव हुआ। उदित, मुदित के जीव अरिष्टपुर नरेश प्रियबन्धु की रानी पद्माभाके कुक्षि से उत्पन्न हुए। ब्राह्मण का जीव भी राजा की दूसरी रानी कनकाभा के उदर से अनुद्धर नामक पुत्र उत्पन्न हुआ। प्रियबन्धु राजाने बड़े पुत्र को राज देकर दीक्षा ले ली और यथासमय स्वर्गवासी हुए। अनुद्धर दोनों भ्राताओं के प्रति मात्सर्य धारण कर देश को लूटने लगा। राजा द्वारा निर्वासित होकर उसने तापसी दीक्षा लेली। रत्नरथ और विचित्ररथ भी दीक्षा लेकर प्रथम देवलोक में गये और वहांसे च्यव कर सिद्धारथ पुर के राजा क्षेमंकर के यहाँ विमला रानी की कुक्षिसे देशभूषण कुलभूषण नामक पुत्र हुये। जिन्हें राजा ने विद्योपार्जनार्थ गुरुकुल में भेज दिया पीछे से रानी के कमलुसवा नामक पुत्री हुयी। राजकुमार जब कला भ्यास करके लौटे तो कमलुसवा को देख कर इस अनुमान से कि हमारे लिये पिताजी किसी राजकुमारी को यहाँ लाये हैं, उसके प्रति आसक्त हो गये। थोड़ी देर में जब विरुदावली सुन कर उन्हें अपनी ही बहिन होने का ज्ञान हुआ तो दोनों ने विरक्त चित्त से सुव्रतसूरि के पास चारित्र ग्रहण कर लिया। राजा क्षेमंकर पुत्र वियोग से दुःखी

होकर उदासीन रहने लगा। अन्त मे मर कर गरुडाधिप देव हुआ। अणुद्धर एक वार अज्ञान तप करता हुआ कौमुदीनगर आया। वहाँ का राजा वसुधारा तापस का भक्त था किन्तु उसकी रानी शुद्ध जिन-धर्म परायणा थी। एक दिन राजा को तापस की प्रशंसा करते देख रानी ने कहा—ये अज्ञान तपस्वी हैं, सच्चे साधु तो निर्ग्रंथ होते हैं। राजा ने कहा—तुम असहिष्णुता से ऐसा कहती हो। रानी ने कहा—परीक्षा की जाय। रानी ने अपनी तरुण पुत्री को रात्रि के समय तापस के पास भेजा। उसने नमस्कार पूर्वक तापस से निवेदन किया कि मुझे माता ने निरपराध घर से निकाल दिया है, अब आपके शरणागत हूँ, कृपया मुझे दीक्षा दें। अणुद्धर उसके लावण्य को देख कर मुग्ध होकर काम प्रार्थना करने लगा। कन्या ने कहा—यह अकार्य मत करो। मैं अभी तक कुमारी कन्या हू। यदि तुम्हें मेरी चाह है तो तापस-धर्म त्याग कर मेरी मा से मुझे मांग लो। इसमें कोई दोप की बात नहीं है। तापस कन्या के साथ हो गया, वह उसे किसी गणिका के यहाँ ले गई। तापस गणिका के चरणों में गिर कर वार-बार पुत्री की माग करने लगा, राजा ने गुप्त रूप से सारी घटना स्वयं देख ली और उसे बाँध कर निर्भ्र छना पूर्वक देश से निकाल दिया। राजा ने प्रतिबोध पाकर श्रावक-धर्म स्वीकार कर लिया। लोगों में निन्दा पाता हुआ तापस कुमरण से मर कर भव भ्रमण करने लगा। एक वार उसने फिर मानव भव पाकर तापसधर्म स्वीकार किया और काल करके अनलप्रभ नामक देव हुआ। उसने पूर्व भव का वैर याद कर हमारे को उपसर्ग किया है। यह वृतान्त सुन कर सीता, राम, लक्ष्मण ने केवली भगवान की भक्तिपूर्वक पूजा स्तुति की।

गरुड़ाधिप देव ने प्रगट होकर वर मांगने को कहा। राम ने कहा— कभी आपत्तिकाल में हमें सहाय्य करना। वंशस्थलपुर नरेश सुरप्रभ ने आकर राम सीता, लक्ष्मण की बहुत सी आदर भक्ति की। राम की आज्ञा से पर्वत पर जिनालय बनवा कर रत्नमय प्रतिमा विराजमान की गई, इस पर्वत का नाम रामगिरि प्रसिद्ध हुआ।

राम का दण्डकारण्य प्रस्थान

रामगिरि से चल कर राम सीता, और लक्ष्मण दण्डकारण्य पहुँचे और कर्नरवा के तट पर बांस की कुटिया बना कर सुखपूर्वक रहने लगे। इस वन में जंगली गाय का दूध एवं अकृष्ट धान्य, आम्र, कटहल दाडिम, केला व जंभीरी प्रचुरता से उपलब्ध थी। एक बार दो आकाशगामी तपस्वी मुनिराज पधारे। सीता राम लक्ष्मण ने अत्यन्त भक्तिपूर्वक आहार दान किया। देवों ने दुन्दुभिनाद पूर्वक वसुधारा वृष्टि की। एक दुर्गन्धित पक्षी ने आकर मुनिराजों को वन्दन किया जिससे उसकी देह सुगन्धित और निरोग हो गई। राम के पूछने पर त्रिगुप्ति साधु ने उसके पूर्व जन्म का वृतान्त इस प्रकार सुनाया :—

जटायुध कथा प्रसंग

कुम्भकपुर का राजा दण्डकी बड़ा उद्दण्ड था। उसकी रानी मस्करि विवेकी भाविका थी। एकबार राजा ने वन में कायोत्सर्ग स्थित मुनिराज के गले में मृतक सांप डाल दिया। मुनिराज ने अभिग्रह कर लिया कि जहाँ तक गलेमें सांप विद्यमान है कायोत्सर्ग नहीं पारूँगा। दूसरे दिन जब राजा ने मुनिराज को उसी अवस्था में देखा तो उसे अपने कृत्य पर बड़ा पश्चाताप हुआ और वह साधु भक्त हो गया।

रुद्र नामक एक तापस उस नगरी मे रहता था, राजा को साधुओं का भक्त हुआ ज्ञात कर मात्सर्यपूर्वक साधुओं को मरवाने के अभिप्राय से उसने साधु का वेष किया और अन्त:पुर में जाकर रानी की विडम्बना की। राजा ने कुपित होकर केवल उसे ही नहीं, सभी साधुओं को घानी में पीला कर मार डाला। एक शक्तिशाली मुनि ने आकर तेजोलेश्या छोडी जिससे सारा नगर जल कर स्मशान हो गया और दण्डकारण्य कहलाने लगा। राजा दण्डकी भव भ्रमण करता हुआ इसी वन मे दुर्गन्धित गृद्ध पक्षी हुआ। हमे देखकर इसे जातिस्मरण ज्ञान हो गया और वन्दन, प्रदिक्षणान्तर धर्म प्रभाव से सुगन्धित शरीर हो गया। गृद्ध पक्षी मास और रात्रिभोजनादि त्याग कर धर्माराधन करने लगा। मुनिराज अन्यत्र चले गये, पक्षी सीता के पास रहने लगा। उसके शरीरपर सुन्दर जटा थी इससे उसका नाम जटायुध हो गया। साधु-दान के प्रभाव से राम के पास मणिरत्नादि की समृद्धि हो गई एवं देवों ने राम को चार घोडों सहित रथ दिया। राम, सीता, लक्ष्मण सुखपूर्वक रहने लगे।

दण्डकारण्य मे घूमते हुए राम, सीता और लक्ष्मण एक नदी तट-वर्ती वनखंड मे गए। समृद्ध रत्नखान वाले पर्वत, फल फूलों से लदे वृक्ष और निर्मल नदी जल को देखकर राम ने वहीं निवास करना प्रारम्भ कर दिया।

लङ्काधिप रावण कथा प्रसंग

उस समय लंकागढ में रावण राज्य करता था। लंका के चतुर्दिक समुद्र था। रावण का नाम दशमुख भी कहलाता था, जिसकी उत्पत्ति इस प्रकार है—

वैताढ्य पर्वत पर रथनेवर नगर में मेघवाहन विद्याधर राज्य करता था, जिसके इन्द्र से शत्रुता थी। अजितनाथ स्वामी की भक्ति से प्रसन्न होकर राक्षसेन्द्र ने मेघवाहन से कहा कि राक्षसद्वीप में त्रिकूटगिरि पर लंकानगरी है, वहाँ जाकर निरुपद्रव राज्य करो। पातालपुरी जो लंकागिरि के नीचे है, वह भी मैं तुम्हें देता हूँ। मेघवाहन विद्याधर वहाँ राज्य करने लगा। राक्षसद्वीपके कारण वे विद्याधर राक्षस कहलाने लगे। उसी के वंश में रत्नाश्रव का पुत्र रावण हुआ। बचपन में पिता ने उसे दिव्यहार पहनाया, जिसमें नौ मुंह प्रतिबिम्बित होने से वह दशमुख कहलाने लगा। एकबार अष्टापद पर्वत पर भरत चक्रवर्ती द्वारा बनवाये चैत्यों को उल्लंघन करते दशमुख का विमान रुक गया। उसने ध्यानस्थ वालि मुनि को इसका कारण समझ कर अष्टापद को ऊँचा उठा लिया। चैत्य रक्षा के लिए वालि मुनि ने पहाड़ को दबा दिया जिससे दशमुख ने रव (रुदन) किया तो वह रावण नाम से प्रसिद्ध हो गया। रावण ने अपनी बहिन चन्द्रनखा खरदूषण को ब्याह कर उसे पाताल लंका का राज्य दे दिया।

दिव्य खड्ग का पतन और लक्ष्मण का परिताप

चन्द्रनखा के संब और सुबुक्क नामक दो पुत्र थे सबुक विद्या साधन के निमित्त दण्डकारण्य में कुंचुरवा के तटस्थित वंशजाल में उल्टे लटक कर विद्या साधन करता था। उसे बारह वर्ष चार मास बीत गए विद्या सिद्ध होने में तीन दिन अवशिष्ट थे। भवितव्यता वश लक्ष्मण ने वंशजाल में लटकते हुए दिव्य खड्गको देखा तो उसने ग्रहण कर वंशजाल पर वार किया जिससे संबुक का कुण्डल युक्त मस्तक

छिन्न होकर आ गिरा। लक्ष्मण को इस घटना से अपार दुख हुआ। उसने सोचा—मेरे पौरुष को धिक्कार है। मैंने एक निरपराध विद्याधर को मार कर भयंकर पाप उपार्जन कर लिया। उसने राम के समक्ष सारी बात कही तो राम ने कहा—इस प्रकार जिन प्रतिषिद्ध अनर्थ-दण्ड कभी नहीं करना चाहिए, भविष्य मे ख्याल रखना। जब चन्द्रनखा पुत्र को संभालने आई और उसे मरा हुआ देखा तो पुत्र शोक से अभिभूत होकर नाना विलाप करने लगी। अन्त मे रोने पीटने से कुछ हृदय हलका होने से संबुक्क को मारने वाले की खोज मे दण्डकारण्य में घूमने लगी।

रूपगर्विता चन्द्रनखा का पतन

चन्द्रनखा ने घूमते हुए जब दशरथनन्दन को देखा तो सौन्दर्यासक्त होकर पुत्र शोक को भूल कर कन्या का रूप धारण करके राम के पास पहुँची। वह नाना हाव-भाव, विभ्रम से राम को मुग्ध करने की चेष्टा करने लगी। राम ने उसे वन मे अकेली घूमने का कारण पूछा तो उसने कहा—मैं वंशस्थल की वणिकपुत्री हू, मेरे माता-पिता मर गए, अब मैं आपकी शरणागत हूं, मुझे ग्रहण करें। निर्विकार राम ने जब मौन धारण कर लिया और उसकी मोहिनी न चली तो उसने क्षुब्ध होकर स्वयं अपने शरीर को नख-दांतों से क्षत विक्षत कर लिया और वह रोती कलपती अपने पति के पास पहुँची।

खरदूषण सैन्य पतन और सीता-हरण

चन्द्रनखा ने खरदूपण से कहा—किसी भूचर ने चन्द्रहास खड्ग लेकर संबुक्क को मार डाला और मेरी यह दुर्दशा कर दी, में किसी

प्रकार आपके पुण्यों से शील-रक्षा करके यहाँ लौटी हूँ। खरदूषण चौदह हजार सुभटों के साथ चल कर दण्डकारण्य पहुँचा, एवं रावण को भी दूत भेजकर सहायतार्थ आने को सूचित कर दिया। राम ने जब धनुष संभाला तो लक्ष्मण ने कहा—मेरे रहते आप मत जाइये, आप सीता की रक्षा करें। यदि आवश्यकता पड़नेपर सिंहनाद करूं तो आप मेरी सहायता करें। शूरवीर लक्ष्मण ने अकेले खरदूषण की सेना को परास्त कर दिया। चन्द्रनखा की पुकार से रावण पुष्पविमान में बैठकर आया और राम के पास सीता को देख कर उसके रूप से मुग्ध हो गया। उसने अवलोकनी विद्या के बल से लक्ष्मण का संकेत जान लिया और लक्ष्मण के स्वर में सिंहनाद किया। राम ने जटायुध से कहा—मैं लक्ष्मण की तरफ जाता हूँ तुम सीता की रक्षा करना। राम के जाने पर रावण सीता को हरण कर तुरन्त पुष्पविमान में बैठाकर ले चला। जटायुध पक्षी ने इसका घोर विरोध किया और रावण को घायल कर डाला पर रावण के सामने उसकी शक्ति कितनी ? रावण ने जटायुध को धनुष से पीट कर भूमिसात् कर दिया। उसकी हड्डी पसली सब टूट गई। रावण के साथ जाते हुए सीता नाना विलाप करती हुई रो रही थी। रावण ने सोचा अभी यह दुखी है पीछे मेरी रिद्धि देख कर स्वयं अनुकूल हो जायगी। मैंने मुनिराज के पास प्रन लिया था कि बलात्कार से किसी भी स्त्री को नहीं मागूंगा। अत: मेरा प्रन अविचल रहूंगा।

सीता-शोध प्रसंग

राम जब संग्राम में लक्ष्मण के पास पहुँचे तो लक्ष्मण ने कहा—सीता को छोड़ कर आप यहाँ क्यों आये ? राम ने सिंहनाद की बात

कही तो लक्ष्मण ने कहा—धोखा हुआ है, आप शीघ्र लौट कर सीता की रक्षा करें। राम ने जब लौट कर सीता को न देखा तो वह मूर्च्छित होकर गिर पड़े। थोडी देरी में सचेत होने पर मरणासन्न जटायुध ने उन्हें सीताहरण की बात कही। राम ने उसे करुणावश नवकार मंत्र सुनाया जिससे वह मर कर देव हो गया। राम ने सीता को दण्डकारण्य मे सर्वत्र खोजा पर कोई अनुसन्धान न मिला।

इसी समय चन्द्रोदय-अनुराधानन्दन बिरहिया नामक विद्याधर रणक्षेत्र में लक्ष्मण के पास आया। वह भी खरदूषण का शत्रु था, अतः लक्ष्मण का सेवक होकर युद्ध करने लगा। खरदूषण ने लक्ष्मण को फट-कारा तो लक्ष्मण ने उसे युद्ध के लिए ललकारा। वह लक्ष्मण पर खड्ग प्रहार करने लगा तो लक्ष्मण ने चन्द्रहास खड्ग से उसका शिरोच्छेद कर डाला। खरदूषण के मरने से उसकी सेना तितिर बितिर हो गई। विजेता लक्ष्मण बिरहिया के साथ राम के पास पहुँचा। उसने सीता को न देख कर सारा वृतान्त ज्ञात किया और सीता के अनुसन्धान निमित्त विरहिया को भेजा। विरहिया को आगे जाते एक रत्नजटी नामक विद्याधर मिला जिसने रावण को सीता को हर ले जाते देखा था। उसके घोर विरोध करने पर रावण ने उसकी विद्याएँ नष्ट कर दी थी जिससे वह मूर्च्छित होकर कंबुशैल पर्वत पर गिर गया। समुद्री हवा से सचेत होकर रत्नजटी ने विरहिया को सीताहरण की खबर बताई। विरहिया ने राम को पाताललंका पर अधिकार करने की राय दी, जहाँ से सीता को प्राप्त करने का उपाय सुगम हो सकता है। फिर विरहिया के साथ रथारूढ होकर राम पातालपुरी गए और चन्द्रनखा के पुत्र सुन्द को जीत कर पातालपुरी पर अधिकार कर लिया।

कामासक्त रावण की व्याकुलता

रावण ने सीता को हरण करके ले आते हुए उसे प्रसन्न करने के लिए नाना प्रकार के वचन प्रयोग किये पर सीता ने उसे करारी फटकार बता कर निराशा-सा कर दिया। फिर भी वह उसे लंका ले गया और देवरमण उद्यान में छोड़ दिया। जब रावण राजसभा में आकर बैठा तो मदोदरी आदि को साथ लेकर रोती हुई चन्द्रनखा आई और कहने लगी कि—मुझे पति खरदूषण और पुत्र संबुक का दुःख उपस्थित हो गया, तुम्हारे जैसे भाई के विद्यमान रहते ऐसा हो जाय तो फिर क्या कहा जाय ? रावण ने कहा सहोदरे। भावी प्रबल है, आयुष्य कोई घटा बढ़ा नहीं सकता पर मैं थोड़े दिनों में तुम्हारे शत्रु को यम का मेहमान बना कर छोड़ूंगा। इस प्रकार बहिन को आश्वस्त कर जब रावण मदोदरी के पास गया तो उसने उससे गहन उदासी का कारण पूछा। रावण ने कहा—मैं सीता को अपहरण करके लाया हूं पर वह मुझे स्वीकार नहीं करती। उसके बिना मैं हृदय फट कर मर जाऊंगा। मन्दोदरी ने कहा—सीता या तो निरी मूर्ख है जो तुम्हारे जैसा पति स्वीकार नहीं करती अथवा वह सती शिरोमणि है। पर तुम उससे जबरदस्ती भी तो कर सकते हो ? रावण ने कहा—मैं अनन्तवीर्य मुनि के पास नियम ले चुका हूं अतः मैं नियम भंग कदापि नहीं करूंगा। मैं आशापूर्वक आया हूं यदि तुम कुछ उपाय कर सको तो करो।

सीता का आत्मबल तथा मन्दोदरी माद प्रसंग

मन्दोदरी ने सीता के पास आकर न करने योग्य दूती कार्य किया। सीता ने कहा—कोई भी सती स्त्री इस प्रकार की शिक्षा दे

सकती है ? तुम्हारे योग्य यह कार्य है ? मन्दोदरी ने कहा—तुम्हारा कथन यथार्थ है पर पति की प्राण-रक्षा के लिए अयुक्त कार्य भी करना पड़ता है। रावण ने भी स्वयं आकर सीता को बहुत समझाया। नाना प्रलोभन, भय दिखाये पर सीता ने उसे निर्भर्त्छना कर निकाल दिया। रावण ने सिंह, वैताल, राक्षसादि रूप विकुर्वण करके उसे डराने की चेष्टा की पर उसकी सारी चेष्टाएँ निष्फल गई। प्रातःकाल जब विभीषण को ज्ञात हुआ तो उसने सीता को आश्वासन देकर कहा कि—मैं रावण को समझाकर तुम्हें राम के पास भिजवा दूँगा। उसने रावण को इस परनारीहरण के अनर्थ से बचने की प्रार्थना की पर रावण ने एक न सुनी। रावण सीता को पुष्प-विमान मे बैठाकर पुष्पगिरि स्थित सुन्दर उद्यान ले गया और नृत्य, गीत, वाजित्रादि के आयोजन द्वारा उसे प्रसन्न करने की चेष्टा की। सीता ने स्नान भोजनादि त्यागकर एकान्त धारण कर लिया। उसने अभिग्रह किया कि जब तक राम लक्ष्मण के कुशल समाचार न मिले, अन्न का सर्वथा त्याग है। नर्त्तकी ने जब रावण से यह समाचार कहा तो रावण सीता के विरह मे विक्षिप्त चेष्टाएँ करने लगा।

राम-सुग्रीव मिलन प्रसंग

जब किष्किन्धा नरेश सुग्रीव ने खरदूषण को मारनेवाले राम, लक्ष्मण की वीरता का यशोगान सुना तो वह अपना दुःख दूर करने के लिए पातालपुरी आया। राम द्वारा कुशल समाचार पूछने पर जम्बूनन्द मन्त्री ने कहा—ये किष्किन्धापति आदित्यरथ के पुत्र महाराजा सुग्रीव हैं। इनके ज्येष्ट भ्राता बालि बड़े वीर और मनस्वी थे, जिन्होंने

रावण की भी आधीनता स्वीकार नहीं की। उनके वैराग्य से दीक्षित हो जाने पर सुग्रीव राजा हुए। एक बार कोई विद्याधर सुग्रीव का रूप करके तारा के पास आया। तारा ने उसकी चेष्टाओं से कपट जानकर मन्त्री को सूचित किया। कपट-सुग्रीव राज्यासन पर आ बैठा। असली सुग्रीव के आने पर दोनों में भिड़ंत हो गई। मन्त्री ने असली राजा को न पहिचानकर दोनों को मना किया। रानी के शील रक्षार्थ बालि के पुत्र चन्द्ररश्मि को प्रधान स्थापित किया। असली सुग्रीव हनुमान के पास सहायतार्थ गया पर उसे भी दोनों को एकसे देखकर सन्देह हो गया अतः अब आपके शरणागत है। राम ने कहा—तुम निश्चिन्त रहो तुम्हारा काम हम कर देंगे यह साधारण बात है। पर हम अभी दुखी हो रहे हैं क्योंकि सीता को कोई दुष्ट छल करके अपहृत कर ले गया है यदि तुम्हारे से कुछ बन सके तो अनुसन्धान लगाओ। सुग्रीव ने कहा—मैं एक सप्ताह में सीता का पता न लगा सका तो अग्निप्रवेश कर जाऊँगा।

सुग्रीव नामधेयी विद्याधर का अन्त

राम प्रसन्न होकर सुग्रीव के साथ किष्किन्धा आए। नकली सुग्रीव ने युद्ध में उतरकर असली सुग्रीव को गदा के प्रहार से मूर्च्छित कर दिया। फिर सचेत होकर सुग्रीव ने राम से कहा—मैं आपके पास ही था आपने मेरी सहायता नहीं की? राम ने कहा—मैं भी तुम दोनों में असली नकली का निर्णय न कर सका अब मैं अकेला ही तुम्हारे शत्रु को मारूँगा। राम के तेज प्रताप से उसकी विद्या नष्ट हो गई और उसे अपने प्रकृत रूप में लोगों ने पहचान लिया कि—यह साहसगति विद्याधर है। सुग्रीव के साथ उसका युद्ध होने लगा। वानर

दल भग्न होते देख राम ने उसे पकडकर यमपुरी पहुँचा दिया। सुग्रीव ने हर्षित होकर राम लक्ष्मण को उद्यान मे ठहराया और अश्वरत्न आदि भेंट कर स्वयं तारा रानी के पास जाने के पश्चात् रामसे की हुई अपनी प्रतिज्ञा विस्मृत हो गया। सुग्रीव की चन्द्रप्रभादि तेरह कन्याएँ पति वरने की इच्छा से राम के आगे आकर नाटक करने लगी। राम तो सीता के विरह मे दुखी थे अत. उन्हें आँख उठाकर भी नहीं देखा। राम ने लक्ष्मण से कहा—कार्य सिद्ध होने पर सुग्रीव प्रतिज्ञाभ्रष्ट और निश्चिन्त होकर बेठ गया। लक्ष्मण ने सुग्रीव के पास जाकर उसे करारी फटकार वताई। सुग्रीव क्षमायाचना-पूर्वक राम के पास आया और उन्हें आश्वस्त करके सीता की शोध के लिए चल पडा। भामण्डल को भी सीताहरण का सम्वाद भेज दिया गया।

सुग्रीव द्वारा सीता-शोध

सुग्रीव अपने सेवकों के साथ नगर, पहाड, कन्दराओं मे खोज करता हुआ कम्बुशैल पर्वत पर पहुचा तो उसने रत्नजटी को कराहते हुए देखा। उसने सुग्रीव से कहा—जब मैंने रावण को सीता को हरण कर ले जाते देखा तो उसका पीछा करके ललकारा। रावण ने मेरी विद्याएँ छेदन कर मुझे अशक्त कर दिया। अब तो राम के पास जाकर खवर देने में भी असमर्थ हूँ। सुग्रीव उसे उठाकर राम के पास ले गया। उसने सीता की खबर सुनाकर रामचन्द्र को प्रसन्न कर दिया। राम ने उसे अंग के सारे आभूषण देकर पूछा कि लंकानगरी कहाँ है? यह हमें वतलाओ।

लंका की शक्ति और रावण-मृत्यु रहस्य

विद्याधर रत्नजटी ने कहा—लवण समुद्र के बीच राक्षसों के द्वीप में त्रिकूट पर्वत पर लंकानगरी बसी हुयी है। वहाँ राजा रावण-दशानन अपने विभीषण कुम्भकरण भ्राता व इन्द्रजीत, मेघनाद पुत्रों सहित राज करता है। वह बड़ा भारी शक्तिशाली है, उसने नौ ग्रहों को अपना सेवक बना रखा है और विधि उसके यहाँ कोतूल करती है। उस त्रैलोक्य कंटक रावण के समकक्ष कोई नहीं। राम-लक्ष्मण ने कहा—पर स्त्री हरण करने वाले की क्या प्रशंसा करते हो हम उसे दमन कर व लंका को लूटकर सीता को लीला मात्र में ले आवेंगे। उसे ऐसी सीख देंगे कि भविष्य में कोई परस्त्री हरण करने का साहस नहीं करेगा। जंबुवंत ने कहा—ये आपसे प्रीति धारण करने वाली विद्याधर कन्या प्रस्तुत है इसे स्वीकार करो और सीता को लाने की बात छोड़ो। अन्यथा महान कष्ट में पड़ोगे। लक्ष्मण ने कहा—उद्यम से सब कुछ सिद्ध होता है। हम सीता को निश्चय प्राप्त कर लेंगे। सुग्रीव के मन्त्री जंबुवन्त ने कहा—एक बार रावण ने अनन्तवीर्य मुनि को पूछा था कि मुझे कौन मारेगा तो उन्होंने कहा था कि जो कोटिशिला को उठावेगा उसी से तुम्हें मरने का भय है। यह सुन कर राम लक्ष्मण और सुग्रीव सिन्धु देश गये।

कोटिशिला प्रसंग तथा लक्ष्मण द्वारा शक्ति प्रदर्शन

कोटिशिला एक योजन उत्सेधांगुल ऊँची और इतनी ही पृथुल है, यहाँ भारत की अधिष्ठाता देवी का निवास है। शान्तिनाथ स्वामी के चक्रायुध गणधर और उसके ३२ पाट कुन्थुनाथ तीर्थंकर के ९८

अरनाथ स्वामी के २४, मल्लिनाथ के २० पाट, मुनिसुव्रत स्वामी और नमिनाथ स्वामी के तीर्थ के भी करोड़ों मुनिराज यहा से निर्वाण पद प्राप्त हुए अत इसका कोटिशिला नाम प्रसिद्ध हुआ। प्रथम वासुदेव इसे बायी भुजा से ऊँची उठाते है, दूसरे मस्तक तक, तीसरे कण्ठ तक, इस तरह छाती, हृदय, कटि, जाघ, जानु पर्यन्त आठवा व नवम वासुदेव चार अगुल ऊँची उठाते है। लक्ष्मण ने सबके समक्ष बायी भुजा से ऊँची उठा दी, देवों ने पुष्पवृष्टि की। कोटिशिला तीर्थ की वन्दना कर सम्मेतशिखर तीर्थ गये, वहाँ से विमान मे बैठ कर सब लोग किष्किन्धा आ पहुंचे।

आक्रमण मन्त्रणा

राम ने कहा—अब निश्चिन्त न बैठ कर लंका पर शीघ्र चढाई कर देना ही ठीक है। सुग्रीव ने कहा—रावण विद्या बल से परिपूर्ण है अत' पहले युद्ध न छेड कर यदि उसके भाई विभीषण जो कि न्याय-वान और परम श्रावक है—दूत भेज कर प्रार्थना की जाय, ऐसी मेरी राय है। रामचन्द्र ने कहा—ऐसा दूत कौन है जो यह कार्य कर सके ? सबका ध्यान पवन के पुत्र हनुमन्त की ओर गया और श्री-भूति दूत को भेज कर हनुमन्त को बुलाया। उसने जब सारी बातें कही तो हनुमन्त की स्त्री अनंगकुसुमा जो खरदूषण की पुत्री थी, पिता और भाई की मृत्यु का दु ख करने लगी जिसे सबने धीरज बँधाया। दूसरी स्त्री कमला सुग्रीव की पुत्री थी जिसकी माता तारा और सुग्रीव को सुखी करने के कारण उसने दूत का बहुत आदर किया।

हनुमान का दौत्य और शक्ति प्रदर्शन तथा सीता-सन्तुष्टि

हनुमन्त भी राम के गुणों से रंजित होकर तुरंत विमान द्वारा किष्किन्धा गया। राम लक्ष्मण से आदर पाकर हनुमन्त राम की

मुद्रिका और मन्देशा लेकर लंका की ओर ससैन्य आकाशमार्ग से चला। राक्षसों ने ऊँचा गढ़ प्राकार व कूटयन्त्र में असालिया व अग्निविष वाला वाला महासर्प रख छोड़ा था। हनुमान ने वज्र कवच पहिन कर कूट यंत्र को चकचूर कर डाला और मुख में प्रविष्ट होकर उदर विदीर्ण कर निकला। उसने असालिया विद्या के मारक वज्रमुख के भिड़ने पर उसका मस्तक उड़ा दिया। पिता का बदला लेने लंकासुन्दरी आकर हनुमान से लड़ने लगी। हनुमान उसके हाथ से धनुष छीनने लगा तो वे परस्पर एक दूसरे के प्रति मुग्ध हो गये। युद्ध प्रणय रूप में परिणत हो गया। हनुमान एक रात वहाँ रह कर प्रातःकाल लंका जाकर विभीषण से मिला और उसे सीता को लौटाने के लिये रावण को समझाने का भार सौंपा। इसके अनन्तर हनुमान सीता के पास गया वह अत्यन्त दुर्बल चिन्तित और करुण अवस्था में बैठी हुयी थी। हनुमान ने श्री राम की मुद्रिका उसके अंक में गिरा कर प्रणाम किया और अपना परिचय देते हुवे राम-लक्ष्मण के सारे समाचार सुनाये मन्दोदरी ने कहा—ये हनुमान बड़े वीर हैं इन्होंने रावण के सामने वरुण को हराया जिससे उसने अपनी बहिन चन्द्रनखा की पुत्री अनंगकुसुमा को इन्हें परणाया है, पर इन्होंने भूचर की सेवा स्वीकार की यह शोभनीय नहीं! हनुमान ने कहा—हमने उपकारी के प्रत्युपकार रूप को दूतपना किया यह हमारे लिये भूषण है पर तुम सीता के बीच दूती पना करने आई तो यह महादूषण है। मन्दोदरी रावण की बड़ाई करती हुई राम की बुराई करने लगी। सीता के साथ बोलचाल हो जाने से वह मुष्टि प्रहार करने लगी तो हनुमान ने उसे खूब फटकारा। सीता ने ससैन्य हनुमान को भोजन करवा के स्वयं अभिग्रह पूर्ण होने

से पारणा किया। हनुमान ने उसे स्कन्ध पर बैठा कर ले जाने का कहा पर सीता ने पर पुरुष स्पर्श अस्वीकार करते हुये अपना चूडामणि चिन्ह स्वरूप दिया और शीघ्र राम को आने की प्रार्थना पूर्वक हनुमान को विदा कर दिया ताकि मन्दोदरी की शिकायत से रावण हनुमान के प्रति कुछ उपद्रव न करे।

मेघनाद द्वारा नागपाश प्रक्षेप और हनुमान बन्धन

हनुमान सीता को नमस्कार करके रवाने हुआ तो रावण के भेजे हुये राक्षसों ने उसे घेर लिया। उसने वृक्षों को उखाड कर प्रहार करते हुये राक्षसों को भगा दिया और वानर रूप से लोगों को त्रास पहुंचाता हुआ रावण के निकट आया। रावण ने लंका को नष्ट करते देख सुभटो को तैयार होने की आज्ञा दी। इन्द्रजित और मेघनाद सेना सहित हनुमान से युद्ध करने लगे। हनुमान ने अपनी सेना को भगते देखा तो स्वयं युद्ध करने लगा। जब राक्षस लोग भगने लगे तो इन्द्रजित ने तीरों की बौछार लगा दी, हनुमान ने उन्हें अर्द्धचन्द्र बाण से छिन्न कर दिये। इन्द्रजित् द्वारा प्रक्षिप्त शक्ति को जब हनुमान ने लघु-लाघवी कला से निष्फल कर दिया तो उसने नागपाश से हनुमान को बाँध कर रावण के समक्ष प्रस्तुत किया और कहा कि इसने सुग्रीव की प्रेरणा से दूत रूप मे लंका मे सीता के पास आने से पूर्व वज्रमुख राजा को मार कर लकासुदरी ले ली एवं पद्मवन को नष्ट कर लका मे उपद्रव मचाकर लोगों को त्रस्त किया है, अब इसे क्या दंड दिया जाय?

हनुमान रावण विवाद और लका में उपद्रव

रावण ने उसके अपराध सुन कर कहा—तुम पवनंजय-अंजना

के पुत्र म होकर अधमशिरोमणि वानर हो, जो भूचर के दूत बने। हनुमान ने उसे कहा—अधम और पापी तुम हो, उत्तम पुरुष परनारी सहोदर होते हैं। तुम्हारे में रत्नाश्रव के पुत्र होने के लक्षण नहीं पर कुलांगार हो! रावण ने उसे साँकलों से बाँध कर सारे नगर में घुमाने का आदेश दिया। हनुमान ने क्षण मात्र में बन्धन मुक्त होकर सहस्र स्तम्भों वाले भुवन को धराशायी कर दिया और आकाश मार्ग से उड़ कर किष्किन्धा नगर आ पहुँचा। सीता की पुष्पांजलि और स्नेहपूर्ण आशीर्वाद हनुमान का संबल था। सुग्रीव उसे बड़े आदर के साथ राम के पास ले गया। हनुमान ने चूड़ामणि सौंपते हुए सीता के संदेश और मार्ग के सारे वृत्तान्त सुनाये।

लंका पर आक्रमण आयोजन

राम को यह बात अधिक खटकती थी कि उसकी प्रिया शत्रु के यहाँ है। लक्ष्मण ने सुग्रीवादि सुभटों को बुला कर शीघ्र लंका पर चढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। वे लोग भामण्डल की प्रतीक्षा में थे। समुद्र पार कैसे किया जाय यह भी समस्या थी। किसी ने रावण के कोप की शंका की तो चन्द्ररश्मि ने कहा—हमारे पास पर्याप्त सेना है, भय का कोई कारण नहीं। राम की सेना में धनरति सिंहनाद, पवनरह प्रस्हाद सुत, भीमकूट, असनिवेग, नल नील अंगद वज्र वदन मन्दरमाल चन्द्रज्योति सिंहरथ, वज्रदत्त, लांगूल दिनकर सोमदत्त मृगुकीर्ति उल्कापात सुग्रीव हनुमान, प्रभामण्डल, पवन गति इन्द्रकेतु महसमकीर्ति आदि सुभट थे। राम के सिंहनाद को सुनकर सेना में उत्साह की लहर आ गई। मार्गशीर्ष कृष्ण ५ को

विजय योग मे शुभ शकुनों से सूचित होकर राम ने सैन्य सहित लंका की ओर प्रयाण किया। रामचन्द्र तारागण से वेष्टित चन्द्र की भांति सुशोभित थे। सुग्रीव, हनुमान, नल, नील, अंगद की सेना का चिन्ह वानर था। विरोहिय के हार, सिंहरथ के सिंह, मेघकान्ति के हाथी, ध्वज एव गज, रथ, घोडा, आदि के चिन्ह थे। उन चिन्हयुक्त विमानों में वैठकर वे समुद्र तट पर पहुचे। एक राजा ने युद्ध मे आधीनता स्वीकार कर लक्ष्मण को चार कन्याएँ समर्पित कर दी। हंसद्वीप जाने पर राजा हंसरथ ने राम की बडी सेवा की। इधर भामंडल को बुलाने के लिए दूत भेजा गया।

हंसद्वीप प्रसंग और लङ्का प्रयाण

रामचन्द्र की सेना जब हंसद्वीप पहुँची तो लंका में भगदड मच गई। रावण ने भी रणभेरी बजा कर सेना एकत्र की। विभीषण ने रावण को युद्ध मे न उतरनेकी समयोचित शिक्षा दी किन्तु उसे किसी प्रकार भी सीता को लौटाना स्वीकार नहीं था। विभीषण की शिक्षाओं ने रावण की कोपाग्नि में घृत का काम किया। जब दोनों में परस्पर युद्ध छिड गया, तो कुम्भकरण ने बीच मे पडकर दोनों को अलग किया। विभीषण अपनी तीस अक्षौहिणी सेना लेकर हंसद्वीप गया। वानर सेना मे खलबली मचने से राम अपने धनुष और लक्ष्मण रविहास खड्ग को धारण कर सावधान हो गए। विभीषण ने राम के पास दूत भेज कर कहलाया कि सीता के विषय मे हित शिक्षा देते हुए मेरा रावण से विरोध हो जाने से मैं आपका दासत्व स्वीकार करने आया हू। राम ने मन्त्री लोगों की सलाह लेकर विभी-पण को सम्मानपूर्वक अपने पास बुला लिया जिससे हनुमान आदि

के पुत्र न होकर अधमशिरोमणि वानर हो जो भूचर के दूत बने। हनुमान ने उसे कहा—अधम और पापी तुम हो, उत्तम पुरुष परनारी सहोदर होते हैं। तुम्हारे में रत्नाश्रव के पुत्र होने के लक्षण नहीं पर कुलांगार हो। रावण ने उसे सांकलों से बांध कर सारे नगर में घुमाने का आदेश दिया। हनुमान ने क्षण मात्र में बन्धन मुक्त होकर सहस्र स्तम्भों वाले भुवन को धाराशायी कर दिया और आकाश मार्ग से उड़ कर किष्किन्धा नगर आ पहुँचा। सीता की पुण्यांजलि और स्नेहपूर्ण आशीर्वाद हनुमान का सबल था। सुग्रीव उसे बड़े आदर के साथ राम के पास ले गया। हनुमान ने चूड़ामणि सौंपते हुए सीता के संदेश और मार्ग के सारे वृत्तान्त सुनाये।

लंका पर आक्रमण आयोजन

राम को यह बात अधिक खटकती थी कि उसकी प्रिया शत्रु के यहाँ है। लक्ष्मण ने सुग्रीवादि सुभटों को बुला कर शीघ्र लंका पर चढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। वे लोग भामण्डल की प्रतीक्षा में थे। समुद्र पार कैसे किया जाय यह भी समस्या थी। किसी ने रावण के कोप की शंका की तो चन्द्ररश्मि ने कहा—हमारे पास पर्याप्त सेना है भय का कोई कारण नहीं। राम की सेना में भमरति सिंहनाद, *प्रबलरह प्रस्ताव सुक, भीमकूट, असमिरोग नल, नील अंगद, बज्र* वदन मन्दरमाल चन्द्रज्योति सिंहरथ, बज्रदत्त लांगूल विमलर सोमदत्त भूमुकीर्ति वक्रापाद सुग्रीव हनुमान, प्रभामण्डल, पवन गति इन्द्रकेतु महसमकीर्ति आदि सुभट थे। राम के सिंहनाद को सुनकर सेना में उत्साह की लहर आ गई। मार्गशीर्ष कृष्ण ५ को

विजय योग मे शुभ शकुनों से सूचित होकर राम ने सैन्य सहित लंका की ओर प्रयाण किया। रामचन्द्र तारागण से वेष्टित चन्द्र की भाति सुशोभित थे। सुग्रीव, हनुमान, नल, नील, अंगद की सेना का चिन्ह बानर था। विरोहिय के हार, सिंहरथ के सिंह, मेघकान्ति के हाथी, ध्वज एव गज, रथ, घोडा, आदि के चिन्ह थे। उन चिन्हयुक्त विमानों मे बैठकर वे समुद्र तट पर पहुंचे। एक राजा ने युद्ध में आधीनता स्वीकार कर लक्ष्मण को चार कन्याएँ समर्पित कर दी। हंसद्वीप जाने पर राजा हसरथ ने राम की बडी सेवा की। इधर भामंडल को बुलाने के लिए दूत भेजा गया।

हंसद्वीप प्रसंग और लङ्का प्रयाण

रामचन्द्र की सेना जब हंसद्वीप पहुँची तो लंका मे भगदड मच गई। रावण ने भी रणभेरी बजा कर सेना एकत्र की। विभीषण ने रावण को युद्ध में न उतरनेकी समयोचित शिक्षा दी किन्तु उसे किसी प्रकार भी सीता को लौटाना स्वीकार नहीं था। विभीषण की शिक्षाओं ने रावण की कोपाग्नि में घृत का काम किया। जब दोनों मे परस्पर युद्ध छिड गया, तो कुम्भकरण ने बीच मे पड़कर दोनों को अलग किया। विभीषण अपनी तीस अक्षौहिणी सेना लेकर हंसद्वीप गया। बानर सेना में खलबली मचने से राम अपने धनुष और लक्ष्मण रविहास खड्ग को धारण कर सावधान हो गए। विभीषण ने राम के पास दूत भेज कर कहलाया कि सीता के विषय में हित शिक्षा देते हुए मेरा रावण से विरोध हो जाने से मैं आपका दासत्व स्वीकार करने आया हूं। राम ने मन्त्री लोगों की सलाह लेकर विभी-षण को सम्मानपूर्वक अपने पास बुला लिया जिससे हनुमान आदि

सभी वीरों में प्रसन्नता छा गई। इतने में ही भामंडल भी ससैन्य आ पहुँचा, राम ने उसका बड़ा सत्कार किया। कुछ दिन हंसद्वीप में रहकर राम लक्ष्मण ने ससैन्य लंका की ओर प्रयाण किया। बीस योजन की परिधि वाले रणक्षेत्र में सेना के पड़ाव डाले गये।

लंका युद्ध प्रसंग

कुम्भकर्णादि सभी सामन्त अपनी-अपनी सेना के साथ रावण के पास गए। रावण के पास ४ हजार अक्षौहिणी सेना तथा एक हजार अक्षौहिणी वानरों की सेना थी। अक्षौहिणी सेना में २१८७० हाथी रथ १०९३५० पैदल ६५६१० अश्वारोही होते थे। मेघनाद, इन्द्रजित गजारूढ थे। ज्योतिप्रभ विमान में राजा कुम्भकरण सुभटों के साथ एवं रावण पुष्पक विमान में बैठकर चला। भूकम्पादि अपशकुन होने पर भी रावण ने भवितव्यता वश उन्हें अमान्य कर दिया। राक्षस और वानर सेना के वीर परस्पर एक दूसरे पर टूट पड़े। राम की सेना में जयमित्र हरिमित्र सबल महाबल, रथवद्दन रथनेता दृढरथ, सिंहरथ सूर महासूर, सूरमवर सूर्कंत सूरप्रभ, चन्द्राभ चन्द्रानन दमितारि दुदन्त, देववल्लभ मनवल्लभ अतिबल, मीतिकर काली सुभकर, सुप्र सनचन्द्र फणिगर्चंद्र क्षोभ विमल गुणमाली अमतिघात सुजात अमितगति, भीम महाभीम भानु कील महाकील विकल तरंगगति विजय सुसेन रत्नजटी मनहरण विरोदिम जलवाहन वायुवेग सुग्रीव हनुमन्त नल नील अंगद अनल आदि सुभट थे। अनेक विद्याधरों के साथ विभीषण भी सन्नद्धबद्ध थे। रामचन्द्र स्वयं सब से आगे थे। रणभेरी व वाजिंत्रों तथा सेना के कोलाहल व सिंहनाद

से कानों में किसी का शब्द तक सुनाई नहीं पडता था, सैन्य पदरज से सर्वत्र अन्धकार-सा व्याप्त था। नाना प्रकार के शस्त्रास्त्रों से सुसज्जित बानरों ने रावण की सेना के छक्के छुडा दिए। राक्षसों को भागते देख हस्थ, विहस्थ आ डटे, जिन्हें राम द्वारा प्रेरित नील और नल ने मार भगाया। सूर्यास्त होते ही युद्ध बन्द हो गया।

विषम युद्ध और शक्ति हेतु लक्ष्मण का देवाराधन

दूसरे दिन युद्ध करते हुए जब वानर सेना के पैर उखडने लगे तो पवन पुत्र हनुमान तुरन्त रणक्षेत्र में कूद पडा। राजा वज्रोदर ने हनुमान का कवच व सन्नाह भेद डाला तो हनुमान ने उसका खड्ग द्वारा शिरोच्छेद कर दिया। रावण के पुत्र जंबुमालि को जब हनुमान मारने लगा तो कुम्भकरण त्रिशूल लेकर दौडा। उसे आते देख चन्द्ररश्मि, चन्द्राभ, रत्नजटी और भामण्डल आगे आये जिन्हें दर्शनावरणी विद्या से कुम्भकरण ने निद्रा घूर्मित कर दिया। सुग्रीव ने पडिबोहिणी विद्या से उन्हें जागृत कर दिया जिससे उन्होंने युद्धरत होकर कुम्भकर्ण को विकल कर दिया। इन्द्रजित् जब आगे आया तो सुग्रीव भामण्डल उससे आ भिडे। उसके द्वारा प्रक्षिप्त कक्रपत्र को सुग्रीव ने छेद डाला। मेघवाहन भामडल से युद्ध करने लगा। उसने भामण्डल को, इन्द्रजित् ने सुग्रीव को तथा कुभकरण ने हनुमान को नागपाश से बाँध लिया। विभीषण ने राम लक्ष्मण से कहा—रावण के पुत्रों ने हमारे प्रधान वीरों को बाँध लिया, राक्षसों का पलडा भारी हो रहा है। राम ने अंगद को संकेत किया तो वह कुभकरण से युद्ध करने लगा। इतने ही में हनुमान ने अपना नागपाश तोड डाला। लक्ष्मण और

सभी वीरों में प्रसन्नता छा गई। इतने में ही भामंडल भी सदलबल आ पहुँचा, राम ने उसका बड़ा सत्कार किया। कुछ दिन हंसद्वीप में रहकर राम लक्ष्मण ने ससैन्य लंका की ओर प्रयाण किया। बीस योजन की परिधि वाले रणक्षेत्र में सेना के पड़ाव डाले गये।

लंका युद्ध प्रसंग

कुम्भकर्णादि सभी सामन्त अपनी-अपनी सेना के साथ रावण के पास गए। रावण के पास ४ हजार अक्षौहिणी सेना तथा एक हजार अक्षौहिणी वानरों की सेना थी। अक्षौहिणी सेना में २१८७० हाथी, रथ १०६३५० पैदल ६५६१० अश्वारोही होते थे। मेघनाद, इन्द्रजित गजारूढ़ थे। ज्योतिप्रभ विमान में राजा कुम्भकरण सुभटों के साथ एवं रावण पुष्पक विमान में बैठकर चला। भूकम्पादि अपशकुन होने पर भी रावण ने भवितव्यता वश इन्हें असामान्य कर दिया। राक्षस और वानर सेना के वीर परस्पर एक दूसरे पर टूट पड़े। राम की सेना में जयमित्र हरिमित्र सबल महाबल, रथवर्द्धन रथनेता दृढ़रथ सिंहरथ सूर महासूर, सूरप्रवर, सूरकंत सूरप्रभ चन्द्राभ चन्द्रानन, दमितारि दुर्दन्त, देववल्लभ मनवल्लभ अतिबल प्रीतिकर काली, सुभकर, सुप्र सनचन्द्र कलिमलचंद्र लोल विमल गुणमाली, अप्रतिघात सुजात, अमितगति भीम महाभीम भानु, कील महाकील विकल तरंगगति विजय सुसेन रत्नजटी मनहरण विरोहित जलवाहन वायुवेग सुग्रीव हनुमन्त नल नील अंगद अनल आदि सुभट थे। अनेक विद्याधरों के साथ विभीषण भी सन्नद्धबद्ध थे। रामचन्द्र स्वयं सब से आगे थे। रणभेरी व वाजित्रों तथा सेना के कोलाहल व सिंहनाद

है और मैने न्याय का पक्ष लिया है, तुम अन्यायी हो जो परस्त्री को हरण कर लाये। अब भी मेरा कथन मानकर सीता लौटा दो। रावण विभीषण पर क्रुद्ध होकर उसके साथ युद्ध करने लगा। इन्द्रजित् से लक्ष्मण, कुम्भकरण से राम और दूसरे योद्धाओं से अन्यान्य सुभट भिड गये। थोडी ही देर में इन्द्रजित्, मेघवाहन और कुम्भकरण को नागपाश से बांधकर बानर कटक में ला रखा। रावण ने विभीषण पर जब त्रिशूल फेंकी तो लक्ष्मण के वाण ने उसे निष्फल कर दिया और स्वयं गजारूढ़ होकर रावण से युद्ध करने लगा। रावण ने अग्नि-ज्वालायुक्त शक्ति का प्रहार किया, जिसकी असह्य वेदना से लक्ष्मण मूर्च्छित होकर धराशायी हो गया।

राम ने भाई को भूमिसात् देखते ही रावण के साथ घनघोर संग्राम छेड दिया। राम ने उसके छत्र, धनुष और रथ को छिन्न-भिन्न करके कठोर प्रहार किये जिससे लंकापति भयभीत होकर कांपने लगा। नये-नये वाहनों पर युद्ध करने पर भी राम ने उसे ६ वार रथ-रहित कर दिया और अन्त में धिक्कार खाता हुआ भग कर लंकानगरी मे प्रविष्ठ हो गया। उसके हृदय मे लक्ष्मण को मारने का अपार हर्ष था।

लक्ष्मण हित राम का शोक

राम जब लक्ष्मण के पास आये तो उसे मृतकवत् देखकर भ्रातृ विरह के असह्य दु ख से मूर्च्छित हो गये। जव उन्हें शीतल जल से सचेत किया तो नाना प्रकार से करुण-क्रन्दन और विलाप करते हुए उसके गुणों को स्मरण कर अन्त मे हताश हो गये और सबको अपने

विरोही विद्याधर रणक्षेत्रमें उतर पड़े और पारावद्ध वीरों को आश्वस्त किया। विभीषण इन्द्रजित् से जब आ भिड़ा तो वह अपने पितृतुल्य चाचा से युद्ध न कर भामंडल और सुग्रीव को बांधकर ले गया। लक्ष्मण ने चिन्तित होकर राम से कहा—इन वीरों के बिना विद्यावली रावण को कैसे जीतेंगे ? राम की आज्ञा से लक्ष्मण ने देव को स्मरण किया। देव ने प्रकट होकर राम को सिंह दिया व हल, मूसल एवं लक्ष्मण को गरुड़ दिया व वज्रवदन गदा के साथ-साथ शस्त्रास्त्र व कवच पूरित दो रथ दिये। इन रथों पर हनुमान के साथ आरूढ़ होकर जब राम लक्ष्मण संग्राम में उतरे तो गरुड़ध्वज देखकर नागपाश पलायन कर गए जिससे सुग्रीव भामंडलादि मुक्त हो गए। उन्होंने राम के चरणों में नमस्कार कर पूछा कि यह शक्ति कहाँ से प्रादुर्भूत हुई ? राम ने कहा—पर्वत शृंग पर उपसर्ग सहते हुए देशभूषण मुनिराज को केवल-ज्ञान हुआ उस समय गरुड़ाधिप ने हमें वर दिया था वही वर आज माँगने पर हमें यह सब प्राप्ति हुई है। सब लोग राम के पुण्य की प्रशंसा करने लगे।

युद्धरत रावण, लक्ष्मण की मूर्छा और राम रोष

सुग्रीव ने युद्धरत होकर राक्षसों को जीत लिया तो रावण रोष पूर्वक रथारूढ़ होकर संग्राम में उतरा और उसने वानर सेना को पीछे धकेल दिया। जब विभीषण सन्नद्धबद्ध होकर रावण के सामने आया तो उसने कहा—भाई को मारना अयुक्त है अतः मेरी दृष्टि से हट जाओ। तुमने शत्रु की सेवा स्वीकार कर रत्नाश्रव के वंश को त्याग दिया। विभीषण ने कहा—शत्रु के भय से पीठ देना कायर का काम

है और मैंने न्याय का पक्ष लिया है, तुम अन्यायी हो जो परस्त्री को हरण कर लाये। अब भी मेरा कथन मानकर सीता लौटा दो। रावण विभीषण पर क्रुद्ध होकर उसके साथ युद्ध करने लगा। इन्द्रजित् से लक्ष्मण, कुम्भकरण से राम और दूसरे योद्धाओं से अन्यान्य सुभट भिड गये। थोडी ही देर में इन्द्रजित्, मेघवाहन और कुम्भकरण को नागपाश से बाँधकर वानर कटक मे ला रखा। रावण ने विभीषण पर जब त्रिशूल फेंकी तो लक्ष्मण के बाण ने उसे निष्फल कर दिया और स्वयं गजारूढ होकर रावण से युद्ध करने लगा। रावण ने अग्नि-ज्वालायुक्त शक्ति का प्रहार किया, जिसकी असह्य वेदना से लक्ष्मण मूर्च्छित होकर धराशायी हो गया।

राम ने भाई को भूमिसात् देखते ही रावण के साथ घनघोर संग्राम छेड दिया। राम ने उसके छत्र, धनुष और रथ को छिन्न-भिन्न करके कठोर प्रहार किये जिससे लंकापति भयभीत होकर कांपने लगा। नये-नये वाहनों पर युद्ध करने पर भी राम ने उसे ६ वार रथ-रहित कर दिया और अन्त में धिक्कार खाता हुआ भग कर लंकानगरी में प्रविष्ठ हो गया। उसके हृदय मे लक्ष्मण को मारने का अपार हर्ष था।

लक्ष्मण हित राम का शोक

राम जब लक्ष्मण के पास आये तो उसे मृतकवत् देखकर भ्रातृ विरह के असह्य दु:ख से मूर्च्छित हो गये। जब उन्हें शीतल जल से सचेत किया तो नाना प्रकार से करुण-क्रन्दन और विलाप करते हुए उसके गुणों को स्मरण कर अन्त मे हताश हो गये और सबको अपने

अपने घर आने का कहते हुए करुणान्त रुदन करने लगे। जांबवन्त विद्याधर ने कहा—आप महासत्त्वशील हैं, सूर्य कभी उदय और अस्तकाल में अपना वेश नहीं छोड़ता इस वज्रपात को पृथ्वी की भाँति सहन करें। लक्ष्मण अभी मरा नहीं है यह तो शक्ति प्रहार की मूर्च्छा है, जिसे उपचार द्वारा रातोरात ठीक किया जा सकता है। यदि प्रातःकाल तक ठीक न हुआ तो यह शरीर सूर्य किरण लगते ही प्रातःकाल के बाद निष्प्राण हो जायेगा। राम ने धैर्यधारण किया उनके आदेश से विद्याधरों ने विद्या-बल से सात प्राकार बनाकर सात सेनाओं से सुरक्षित किया। नल नील अतिबल, कुमुद प्रचण्डसेन, सुग्रीव और भामंडल सातों द्वारों पर शस्त्रास्त्रों से सुसज्जित होकर लक्ष्मण की रक्षा के लिए तैनात हो गए और उधर कुम्भकरण इन्द्रजित और मेघनाद वानर सेना में कैद थे जिनके लिए रावण को दुःख करते व लक्ष्मण के शक्ति द्वारा मूर्च्छित होने की बातें सीता के कानों में पड़ी तो वह देवर के लिए करुण स्वर से आक्रन्दन करने लगी। उसे विलाप करते देख विद्याधरों ने धैर्य बँधाया और मंगल कामना व आशीर्वाद देने के लिए प्रेरित किया।

रामचन्द्रजी की सेना में एक विद्याधरने आकर लक्ष्मण को सचेत करने का उपाय बतलाने के लिए मिलने की इच्छा प्रकट की। भामण्डल ने उसे राम से मिलाया उसने कहा—

लक्ष्मणोपचार आयोजन तथा विशल्या का कथा प्रसंग

मैं सुरगीत नगर के राजा शशिमंडल-शशिप्रभा का पुत्र चन्द्रमण्डल हूँ। एक बार गगन मंडल में भ्रमण करते हुए पूर्ववैरवश

सहस्रविजय ने मेरे पर शक्ति प्रहार किया जिससे मैं मूर्छित होकर अयोध्या के उद्यान में जा गिरा। भरत ने मुझे किसी विशिष्ट जल के प्रभाव से सचेत कर उपकृत किया, उस जल की माहात्म्य कथा आपको बतलाता हूँ।

भरत के मामा द्रोणमुख की नगरी मे महामारी का उपद्रव था, कोई भी उपाय से रोग शान्त नहीं होता था। द्रोण राजा भी रुग्ण था, जब वह स्वस्थ हो गया तो भरत ने उसे पूछा कि आपके यहाँकी बीमारी कैसे गई? तो उसने कहा—मेरी पुत्री विशल्या अत्यन्त पुण्यवान है, उसके गर्भ मे आते ही माता का रोग ठीक हो गया, स्नान करते धायके उसके स्नानजल के छींटे लग गए तो स्नानजलप्रभाव से वहभी निरोग हो गई। जब इस बात की नगर मे ख्याति हुई तो उसका स्नानजल सभी नागरिकों ने ले जाकर स्वास्थ्य लाभ किया। भरत ने मन पर्यवज्ञानी मुनिराज के पधारने पर इस आश्चर्यजनक चमत्कार का कारण पूछा। मुनिराज ने कहा—विजय पुण्डरीकणी क्षेत्र के चक्रनगर मे तिहुणाणंद नामक चक्रवर्ती राजा था, जिसके अनंगसुन्दरी नामक अत्यन्त सुन्दर पुत्री थी। एक बार जब वह उद्यान मेंक्रीडा कर रही थी, तो प्रतिष्ठनगरी के राजा पुणवसु विद्याधर ने उसे अपहरण कर लिया। चक्रवर्ती के सुभटों ने प्रबल युद्ध किया जिससे वह जर्जर हो गया। उसका विमान भग्न हो जाने से वह अनंगसुन्दरी ऊडाकार अटवी मे जा गिरी। उस भयानक जंगल मे अकेली रहते हुए उसने अष्टम और दशम तप प्रारम्भ कर दिया। वह पारणे के दिन फलाहार कर फिर तप प्रारम्भ कर देती। इस प्रकार तीन सौ वर्ष पर्यन्त उसने कठिन तप किया। अन्त मे जब उसने संलेखण पूर्वक चौविहार अनशन ले लिया। मेरु पर्वत के

अपने घर जाने का कहते हुए करुणान्त दुःख करने लगे। जाँबवन्त विद्याधर ने कहा—आप महासत्त्वशील हैं, सूर्य कभी उदय और अस्तकाल में अपना तेज नहीं छोड़ता इस वज्रपात को पृथ्वी की भाँति सहन करें। लक्ष्मण अभी मरा नहीं है, यह तो शक्ति प्रहार की मूर्च्छा है जिसे उपचार द्वारा रातोरात ठीक किया जा सकता है। यदि प्रातःकाल तक ठीक न हुआ तो यह शरीर सूर्य किरण लगते ही प्रातःकाल के बाद निष्प्राण हो जायेगा। राम ने धैर्यधारण किया उनके आदेश से विद्याधरों ने विद्या-बल से सात प्राकार बनाकर सात सेनाओं से सुरक्षित किया। नल नील, अतिबल, कुमुद प्रचण्डसेन, सुग्रीव और भामंडल सातों द्वारों पर शस्त्रास्त्रों से सुसज्जित होकर लक्ष्मण की रक्षा के लिए तैनात हो गए और उधर कुम्भकरण इन्द्रजित और मेघनाद वानर सेना में कैद थे, जिनके लिए रावण को दुःख करते व लक्ष्मण के शक्ति द्वारा मूर्च्छित होने की बातें सीता के कानों में पड़ी तो वह देवर के लिए करुण स्वर से आक्रन्दन करने लगी। उसे विलाप करते देख विद्याधरों ने धैर्य बँधाया और मंगल कामना व आशीर्वाद देने के लिए प्रेरित किया।

रामचन्द्रजी की सेना में एक विद्याधरने आकर लक्ष्मण को सचेत करने का उपाय बतलाने के लिए मिलने की इच्छा प्रकट की। भामण्डल ने उसे राम से मिलाया उसने कहा—

लक्ष्मणोपचार आयोजन तथा विशल्या का कथा प्रसंग

मैं सुरगीत नगर के राजा शशिमंडल-शशिप्रभा का पुत्र चन्द्र मण्डल हूँ। एक बार गगन मंडल में भ्रमण करते हुए पूर्ववैरवश

सहसविजय ने मेरे पर शक्ति प्रहार किया जिससे मैं मूर्छित होकर अयोध्या के उद्यान मे जा गिरा। भरत ने मुझे किसी विशिष्ट जल के प्रभाव से सचेत कर उपकृत किया, इस जल की माहात्म्य कथा आपको बतलाता हूँ।

भरत के मामा द्रोणमुख की नगरी मे महामारी का उपद्रव था, कोई भी उपाय से रोग शान्त नहीं होता था। द्रोण राजा भी रुग्ण था, जब वह स्वस्थ हो गया तो भरत ने उसे पूछा कि आपके यहाँकी बीमारी कैसे गई? तो उसने कहा—मेरी पुत्री विशलया अत्यन्त पुण्यवान है, उसके गर्भ में आते ही माता का रोग ठीक हो गया, स्नान करते धायके उसके स्नानजल के छींटे लग गए तो स्नानजल प्रभाव से वह भी निरोग हो गई। जब इस बात की नगर मे ख्याति हुई तो उसका स्नानजल सभी नागरिकों ने ले जाकर स्वास्थ्य लाभ किया। भरत ने मन पर्यवज्ञानी मुनिराज के पधारने पर इस आश्चर्यजनक चमत्कार का कारण पूछा। मुनिराज ने कहा—विजय पुण्डरीकणी क्षेत्र के चक्रनगर मे तिहुणाणद नामक चक्रवर्ती राजा था, जिसके अनंगसुन्दरी नामक अत्यन्त सुन्दर पुत्री थी। एक बार जब वह उद्यान मेंक्रीडा कर रही थी, तो प्रतिष्ठनगरी के राजा पुणवसु विद्याधर ने उसे अपहरण कर लिया। चक्रवर्ती के सुभटों ने प्रवल युद्ध किया जिससे वह जर्जर हो गया। उसका विमान भग्न हो जाने से वह अनंगसुन्दरी ऌडाकार अटवी मे जा गिरी। उस भयानक जंगल मे अकेली रहते हुए उसने अष्टम और दशम तप प्रारम्भ कर दिया। वह पारणे के दिन फलाहार कर फिर तप प्रारम्भ कर देती। इस प्रकार तीन सौ वर्ष पर्यन्त उसने कठिन तप किया। अन्त मे जब उसने संलेखण पूर्वक चौविहार अनशन ले लिया। मेरु पर्वत के

जिन मन्दिरों को वन्दनकर लौटते हुए किसी विद्याधर ने उससे कहा कि मैं तुम्हें पिता के यहां पहुंचा दूं ? अनंगसुन्दरी के अस्वीकार करने पर उसने चक्रवर्ती को आकर कहा। चक्रवर्ती जब तक पहुंचा उसे अजगर निगल चुका था। चक्रवर्ती को पुत्री के दुख से वैराग्य हो गया, उसने बाईस हजार पुत्रों के साथ संयम मार्ग ग्रहण कर लिया। अनंगसुन्दरी यदि चाहती तो आत्मशक्ति से अजगर को रोक सकती थी पर उसने शान्ति से उपसर्ग सहा और अनशन आराधना से मर कर देवी हुई। पुनर्वसु विद्याधर भी विरक्त परिणामों से दीक्षित हो कर तप के प्रभाव से देव हुआ। वही देवी च्यवकर द्रोणमुख की पुत्री विशल्या और देव च्यवकर लक्ष्मण के रूप में उत्पन्न हुआ है। पूर्व तपश्चर्या के प्रभाव से उसके स्नानोदक से सभी प्रकार के रोग दूर हो जाते हैं। भरत द्वारा महामारी रोग पैदा होने का कारण पूछने पर मुनिराज ने कहा— गजपुर के विन्ध्य वणिक का भैंसा अतिभार से रुग्ण होकर गिर पड़ा। पर किसी ने उसकी सार सम्भार नहीं की। वह अकाम निर्जरा से मर कर वायुकुमार देव हुआ। वह जातिस्मरण से पूर्वभव का वृत्तान्त ज्ञात कर कुपित हुआ और महामारी रोग फैला दिया। किन्तु कन्या के न्हवण से जैसे सब के रोग गए वैसे ही विद्याधर ने कहा कि लक्ष्मण भी जीवित हो जायगा। रामचन्द्र ने जाम्बुवदादि मन्त्रियों की सलाह से भामंडल को तुरन्त अयोध्या भेजा।

भामंडल से जब भरत ने लक्ष्मण के शक्ति लगने की बात सुनी तो वह रावण पर कुपित होकर तलवार निकाल कर मारने दौड़ा। भामंडल ने कहा—रावण यहां कहां ? वह तो समुद्र पार है। तब

भरत ने स्वस्थ होकर विशल्या के स्नानजल के लिये आने का कारण ज्ञात किया और जल ले जाने मे जोखम है अतः विशल्या को ही भिजवाना तय किया। भरत को मुनिराज के ये वचन याद आ गये कि विशल्या लक्ष्मण की स्त्रीरत्न होगी। उसने द्रोणमुख से विशल्या को भेजने का कहलाया। पर जब वह विशल्या को भेजने के लिये राजी नहीं हुआ तो कैकेयी ने जाकर भाई को समझाया और विशल्या को सहेलियों के साथ विमान मे बैठा कर लंका की रणभूमि में भेजा। रामचन्द्र ने सहेलियों से परिवृत्त विशल्या का स्वागत किया। उसने लक्ष्मण का अंग-स्पर्श किया तो 'शक्ति' हृदय से निकल कर अग्नि ज्वाला फेंकती हुई बाहर जाने लगी। हनुमान ने जब शक्ति को पकडा तो उसने स्त्री रूप में प्रकट होकर कहा—मैं अमोघ विजया शक्ति हूॅं। एक वार अष्टापद पर प्रभु के सन्मुख मन्दोदरी के नृत्य करते हुए वीणा का तांत टूट जाने से रावण ने अपनी भुजा की नस निकाल कर साध दी जिससे नागराज ने उसे यह अजेय शक्ति दी थी। आज तक इस शक्ति को किसीने नहीं जीता पर विशल्या के तप प्रभाव से मैं पराजित हुई। शक्ति के क्षमा याचना करने पर हनुमान ने उसे मुक्त कर दिया। लक्ष्मण जब सचेत हुआ तो उसने रामसे शक्ति प्रहार और विशल्या द्वारा जीवनदान का सारा वृतान्त ज्ञात किया। मंदिर आदि सुभट लोग उत्सव मनाने लगे तो लक्ष्मण ने कहा– वैरी रावण के जीवित रहते यह उत्सव कैसा ? राम ने कहा—तुम्हारे केसरी सिंह के गूजते रावण मृतक जैसा ही है। विशल्या ने सब सुभटों को भी स्वस्थ कर दिया, मन्दिर आदि सुभटों ने विशल्या का लक्ष्मण के साथ पाणिग्रहण करवा दिया।

जिन मन्दिरों को वन्दनकर लौटते हुए किसी विद्याधर ने उससे कहा कि मैं तुम्हें पिता के यहाँ पहुँचा दूँ ? अनंगसुन्दरी के अस्वीकार करने पर उसने चक्रवर्ती को आकर कहा। चक्रवर्ती जब तक पहुँचा उसे अजगर निगल चुका था। चक्रवर्ती को पुत्री के दुःख से वैराग्य हो गया उसने बाईस हजार पुत्रों के साथ संयम मार्ग ग्रहण कर लिया। अनंगसुन्दरी यदि चाहती तो आत्मशक्ति से अजगर को रोक सकती थी पर उसने शान्ति से उपसर्ग सहा और अनशन आराधना से मर कर देवी हुई। पुनर्वसु विद्याधर भी विरक्त परिणामों से दीक्षित हो कर तप के प्रभाव से देव हुआ। वही देवी च्यवकर द्रोणमुख की पुत्री विशल्या और देव च्यवकर लक्ष्मण के रूप में उत्पन्न हुआ है। पूर्व तपश्चर्या के प्रभाव से उसके स्नानोदक से सभी प्रकार के रोग दूर हो जाते हैं। भरत द्वारा महामारी रोग पैदा होने का कारण पूछने पर मुनिराज ने कहा— गजपुर के विन्ध्य वणिक का भैंसा अतिभार से रुग्ण होकर गिर पड़ा। पर किसी ने उसकी सार सम्भार नहीं की। वह अकाम निर्जरा से मर कर वायुकुमार देव हुआ। वह जातिस्मरण से पूर्वभव का वृत्तान्त ज्ञात कर कुपित हुआ और महामारी रोग फैला दिया। किन्तु कन्या के न्हवण से जैसे सब के रोग गए वैसे ही विद्याधर ने कहा कि लक्ष्मण भी जीवित हो जायगा। रामचन्द्र ने जम्बुवदादि मन्त्रियों की सलाह से भामंडल को तुरन्त अयोध्या भेजा।

भामंडल से जब भरत ने लक्ष्मण के शक्ति लगने की बात सुनी तो वह रावण पर कुपित होकर तलवार निकाल कर मारने दौड़ा। भामंडल ने कहा—रावण यहाँ कहाँ ? वह तो समुद्र पार है। तब

भरत ने स्वस्थ होकर विशल्या के स्नानजल के लिये आने का कारण ज्ञात किया और जल ले जाने में जोखम है अतः विशल्या को ही भिजवाना तय किया। भरत को मुनिराज के ये वचन याद आ गये कि विशल्या लक्ष्मण की स्त्रीरत्न होगी। उसने द्रोणमुख से विशल्या को भेजने का कहलाया। पर जब वह विशल्या को भेजने के लिये राजी नहीं हुआ तो कैकेयी ने जाकर भाई को समझाया और विशल्या को सहेलियों के साथ विमान मे बैठा कर लंका की रणभूमि में भेजा। रामचन्द्र ने सहेलियों से परिवृत्त विशल्या का स्वागत किया। उसने लक्ष्मण का अंग-स्पर्श किया तो 'शक्ति' हृदय से निकल कर अग्नि ज्वाला फेंकती हुई बाहर जाने लगी। हनुमान ने जब शक्ति को पकडा तो उसने स्त्री रूप मे प्रकट होकर कहा—मैं अमोघ विजया शक्ति हूँ। एक बार अष्टापद पर प्रभु के सन्मुख मन्दोदरी के नृत्य करते हुए वीणा का तात टूट जाने से रावण ने अपनी भुजा की नस निकाल कर साध दी जिससे नागराज ने उसे यह अजेय शक्ति दी थी। आज तक इस शक्ति को किसीने नहीं जीता पर विशल्या के तप प्रभाव से मैं पराजित हुई। शक्ति के क्षमा याचना करने पर हनुमान ने उसे मुक्त कर दिया। लक्ष्मण जब सचेत हुआ तो उसने रामसे शक्ति प्रहार और विशल्या द्वारा जीवनदान का सारा वृतान्त ज्ञात किया। मंदिर आदि सुभट लोग उत्सव मनाने लगे तो लक्ष्मण ने कहा—वैरी रावण के जीवित रहते यह उत्सव कैसा? राम ने कहा—तुम्हारे केसरी सिंह के गूजते रावण मृतक जैसा ही है। विशल्या ने सब सुभटों को भी स्वस्थ कर दिया, मन्दिर आदि सुभटों ने विशल्या का लक्ष्मण के साथ पाणिग्रहण करवा दिया।

रावण की मन्त्रणा और शक्ति संचय का प्रयत्न

रावण ने जब लक्ष्मण के जीवित होने का सुना तो मृगांक मन्त्री को बुला कर मंत्रणा की। मन्त्री ने राम लक्ष्मण के प्रताप और बढ़ती हुई शक्ति को देखते हुए सीता को लौटा कर सन्धि कर लेने की राय दी। रावण ने सीता को लौटाने के अतिरिक्त राम से मेल करने की आंशिक राय मान कर राम से कहलाया कि—सीता तो यहाँ रहेगी, आपको लंका के दो भाग दे दू गा मेरे पुत्र व भ्राता को मुक्तकर सन्धि कर लो। राम ने कहा—मुझे सीता के सिवाय राज्यादि से कोई प्रयोजन नहीं, तुम्हारे पुत्रादि को छोड़ने को प्रस्तुत हूँ। दूत ने कहा—रावण की शक्ति के समक्ष राज्य और सीता दोनों गँवाओगे। दूत के वचनों से क्रुद्ध भामण्डल ने खड्ग उठाई तो लक्ष्मण ने दूत को अवध्य कह कर छुड़ा दिया। दूत अपमानित होकर रावण के पास गया और आकर कहा कि राम जीते जी सीता को नहीं छोड़ेगा। रावण ने बहुरूपिणी विद्या सिद्ध करके दुर्जेय राम को जीतने का निर्णय किया। रावण मन्दोदरी ने शान्तिनाथ जिनालय में बड़े ठाठ से अष्टान्हिका महोत्सव प्रारम्भ किया। नगर में सर्वत्र अमारि और शील व्रत पालन करने की आज्ञा देकर आयंबिल तप पूर्वक रावण जिनालय के कुट्टिम तल पर बैठ कर निश्चल ध्यान पूर्वक जाप करने लगा। वानर सेनाको जब रावण के विद्या सिद्ध करने की बात मालूम हुई तो इसके लिये उनमें चिन्ता व्याप्त हो गई। विभीषण ने राम से कहा—रावण को अभी कब्जे में करने का अच्छा अवसर है। नीति निपुण राम ने कहा—युद्ध के बिना और फिर शान्तिनाथ जिनालय में स्थित होने से उसे मारना योग्य नहीं। हां विद्या सिद्ध न हो इसके लिये अन्य उपाय कर्त्तव्य है।

रावण तप भंग प्रयत्न

विभीषण ने वानर सेना को लंका में जाकर उपद्रव करने का आदेश दिया। उद्वेग पाकर लंका के नागरिक कोलाहल करने लगे। देवों ने राम को इसके लिये उपालंभ दिया कि आप जैसे न्यायप्रिय व्यक्ति को ऐसा करना उचित नहीं। लक्ष्मण ने कहा—बहुरूपिणी विद्या सिद्ध न हो, इसी उद्देश्य से यह उपद्रव किया जा रहा है। हे देव! आप अन्यायी का पक्ष न लेकर मध्यस्थ वृत्ति रखें। देव-प्रजा को कष्ट न देने का निर्देश करके चले गए।

राम ने अंगद आदि वीरों को रावण को क्षुब्ध करने के उद्देश्य से लका में भेजा। अंगद ने शान्तिनाथ जिनालय मे जाकर रावण को फटकारते हुए कहा कि—सीता का अपहरण करके यहाँ दम्भ कर रहे हो। मैं तुम्हारे देखते तुम्हारे अन्तःपुर की दुर्दशा करके ले जाऊँगा। अंगद ने मन्दोदरी के वस्त्राभरण छीन लिए और चोटी पकड कर खींचना प्रारम्भ किया। मन्दोदरी नाना विलाप करती हुई रावण से पुकार-पुकार कर छुडाने की प्राथना करने लगी। पर रावण अपने ध्यान मे निश्चल बैठा था। उसके साहस और ध्यान से बहुरूपिणी विद्या सिद्ध होकर उसकी आज्ञाकारिणी हो गई।

रावण का सीता पर असफल सिद्ध-शक्ति प्रयोग

रावण विद्यासिद्ध होकर परीक्षा करने के लिये पद्मोद्यान में गया और नाना रूप धारण करने लगा। सीता रावण का कटक देखकर यही चिन्ता करने लगी कि इस दुष्ट राक्षस से कैसे छुटकारा होगा? रावण ने सीता से कहा—मैं तुम्हें प्रेम मे अभिभूत होकर यहाँ लाया था पर व्रत

रावण की मन्त्रणा और शक्ति संचय का प्रयत्न

रावण ने जब लक्ष्मण के जीवित होने का सुना तो सुयोग्य मन्त्री को बुला कर मंत्रणा की। मन्त्री ने राम लक्ष्मण के प्रताप और बढ़ती हुई शक्ति को देखते हुए सीता को लौटा कर सन्धि कर लेने की राय दी। रावण ने सीता को लौटाने के अतिरिक्त राम से मेल करने की आंशिक राय मान कर राम से कहलाया कि—सीता तो यहाँ रहेगी, आपको लंका के दो भाग दे दूंगा, मेरे पुत्र व भ्राता को मुक्तकर सन्धि कर लो। राम ने कहा—मुझे सीता के सिवाय राज्यादि से कोई प्रयोजन नहीं, तुम्हारे पुत्रादि को छोड़ने को प्रस्तुत हूँ! दूत ने कहा—रावण की शक्ति के समक्ष राज्य और सीता दोनों गवाओगे। दूत के वचनों से क्रुद्ध भामण्डल ने खड्ग उठाई तो लक्ष्मण ने दूत को अवध्य कह कर छुड़ा दिया। दूत अपमानित होकर रावण के पास गया और जाकर कहा कि राम जीते जी सीता को नहीं छोड़ेगा। रावण ने बहुरूपिणी विद्या सिद्ध करके दुर्जेय राम को जीतने का निर्णय किया। रावण मन्दोदरी ने शान्तिनाथ जिनालय में बड़े ठाठ से अष्टान्हिका महोत्सव प्रारम्भ किया। नगर में सवत्र अमारि और शील व्रत पालन करने की आज्ञा देकर आयंबिल तप पूर्वक रावण जिनालय के कुट्टिम तल पर बैठ कर निश्चल ध्यान पूर्वक जाप करने लगा। वानर सेनाको जब रावण के विद्या सिद्ध करने की बात मालूम हुई तो इसके लिये उनमें चिन्ता व्याप्त हो गई। विभीषण ने राम से कहा—रावण को अभी कब्जे में करने का अच्छा अवसर है। नीति निपुण राम ने कहा—युद्ध के बिना और फिर शान्तिनाथ जिनालय में स्थित होने से उसे मारना योग्य नहीं! हाँ विद्या सिद्ध न हो इसके लिये अन्य उपाय कर्त्तव्य हैं।

वल से उसे नया रथ दे दिया उसने जव भामण्डल, हनुमान और सुग्रीव को रथ रहित कर दिया तो विभीषण आगे आया। रावण के ससुर ने जव उसे भी तीरों से विद्ध कर दिया तो रामने विभीषण की सहायता के लिए वाण वर्षा करके रावण के ससुर को भगा दिया। रावण क्रुद्ध होकर आगे आया तो लक्ष्मण ने उसे जा ललकारा। रावण के की हुई वाण-वर्षा को लक्ष्मण ने कंकपत्र द्वारा निष्फल कर दिया। रावण जव नि शस्त्र हो गया तो उसने वहुरूपिणी विद्या को स्मरण किया। रावण के मेह शस्त्र को लक्ष्मण ने पवन से, अन्धकार को सूर्य तेज से, साप को गरुड से हटा दिया तव वहुरूपिणी विद्यावल से रावण ने उसे छलना प्रारम्भ कर दिया। कहीं, रावण मृतक पडा दीखता तो कभी हजारों भुजाओं से युद्ध करता हुआ, इस प्रकार, नाना प्रकार के अगणित रूप करनेवाले रावण द्वारा प्रक्षिप्त शस्त्रों को भी जव लक्ष्मण ने निष्फल कर दिया तो उसने अपने अन्तिम उपाय चक्ररत्न को स्मरण किया। चक्ररत्न सहस्त्र आरोंवाला मणिरत्नमय ज्योतिपूर्ण और अमोघ था। रावण ने लक्ष्मण के सामने चक्र फैंका, लक्ष्मण के पास सभी सुभट उपस्थित थे, उनके द्वारा दूसरे सभी हथियारों को छिन्न-भिन्न कर देने पर भी चक्ररत्न अवाध गति से लक्ष्मण के पास आकर उसके हाथों पर स्थित हो गया। सारी सेना मे लक्ष्मण के वासुदेव प्रकट होने से आनन्द की लहर छा गई। अनन्तवीर्य मुनि के वचन सत्य हुए।

अहंकारी रावण का पतन

रावण जो प्रतिवासुदेव था, लक्ष्मण के वासुदेव रूप मे प्रकट होने से अपनी करणी पर मन-ही-मन पश्चाताप प्रकट करने लगा। विभीषण

भंग के भय से तुम्हें भोग न सका पर अब भी नहीं मानोगी तो मैं बल प्रयोग करूँगा। सीता ने कहा—यदि मेरे पर तुम्हारा स्नेह है तो परमार्थ की बात कहती हूं कि जब तक राम लक्ष्मण और भामण्डल जीवित हैं तभी तक मैं जीवित रहूँगी। सीता यह कहते हुए मरणासन्न हो गिर पड़ी। रावण के मन में बड़ा पश्चात्ताप हुआ। वह कहने लगा—मुझे धिक्कार है, मैंने राम सीता का वियोग कराके बहुत ही बुरा किया। भाई विभीषण से भी विरोध हुआ। मैंने वास्तव में ही कुमतिवश रत्नाश्रव के कुल को कलंकित किया है। अब यदि सीता को लौटाता हूं तो लोग कहेंगे कि लंकापति ने राम लक्ष्मण के भय से सीता को लौटा दिया। अब मुझे युद्ध तो करना ही होगा पर राम लक्ष्मण को छोड़कर दूसरों का ही संहार करूँगा।

युद्ध-कृत संकल्प रावण की वीरता

रावण युद्ध के लिए कृत संकल्प होकर लंका से निकला। मार्ग में उसे नाना अपशकुन हुए। मन्त्री सेनापति और महाजन लोगों के वारण करने पर भी बहुरूपिणी विद्या के बल से वह अपने आगे हजार हाथी और दस हजार अपने जैसे विद्याधरों की रचना करके रणक्षेत्र में उतरा। केशरीरथ पर राम और गरुड़ पर लक्ष्मण आरूढ़ हो गये। भामण्डल, हनुमान आदि सभी सुभट सन्नद्ध होकर उत्तम शकुनों से सूचित हो राक्षस सेना से आ भिड़े। राक्षस और वानर सेना में भयंकर युद्ध छिड़ा। रक्त की नदियाँ बहने लगी। हनुमान द्वारा राक्षसों को हत विक्षत होते देख मन्दोदरी का पिता आगे आया हनुमान ने उसे तीरों से बींध कर रथ का चकनाचूर कर डाला। रावण ने विद्या

बल से उसे नया रथ दे दिया उसने जब भामण्डल, हनुमान और सुग्रीव को रथ रहित कर दिया तो विभीषण आगे आया। रावण के ससुर ने जब उसे भी तीरों से विद्ध कर दिया तो रामने विभीषण की सहायता के लिए बाण वर्षा करके रावण के ससुर को भगा दिया। रावण क्रुद्ध होकर आगे आया तो लक्ष्मण ने उसे जा ललकारा। रावण के की हुई बाण-वर्षा को लक्ष्मण ने कंकपत्र द्वारा निष्फल कर दिया। रावण जब नि शस्त्र हो गया तो उसने बहुरूपिणी विद्या को स्मरण किया। रावण के मेह शस्त्र को लक्ष्मण ने पवन से, अन्धकार को सूर्य तेज से, साप को गरुड से हटा दिया तब बहुरूपिणी विद्याबल से रावण ने उसे छलना प्रारम्भ कर दिया। कहीं, रावण मृतक पडा दीखता तो कभी हजारों भुजाओं से युद्ध करता हुआ, इस प्रकार, नाना प्रकार के अगणित रूप करनेवाले रावण द्वारा प्रक्षिप्त शस्त्रों को भी जब लक्ष्मण ने निष्फल कर दिया तो उसने अपने अन्तिम उपाय चक्ररत्न को स्मरण किया। चक्ररत्न सहस्त्र आरोंवाला मणिरत्नमय ज्योतिपूर्ण और अमोघ था। रावण ने लक्ष्मण के सामने चक्र फेंका, लक्ष्मण के पास सभी सुभट उपस्थित थे, उनके द्वारा दूसरे सभी हथियारों को छिन्न-भिन्न कर देने पर भी चक्ररत्न अबाध गति से लक्ष्मण के पास आकर उसके हाथों पर स्थित हो गया। सारी सेना में लक्ष्मण के वासुदेव प्रकट होने से आनन्द की लहर छा गई। अनन्तवीर्य मुनि के वचन सत्य हुए।

अहंकारी रावण का पतन

रावण जो प्रतिवासुदेव था, लक्ष्मण के वासुदेव रूप मे प्रकट होने से अपनी करणी पर मन-ही-मन पश्चाताप प्रकट करने लगा। विभीषण

ने अवसर देखकर फिर रावण को समझाया, पर उसने अहंकार के वशीभूत होकर कहा—चक्ररत्न का भय दिखाते हो ? लक्ष्मण ने उसकी धृष्टता चरम सीमा पर पहुँची देखकर उस पर चक्ररत्न छोड़ा जिसके प्रहार से रावण मरकर धराशायी हो गया। रावण के मरते ही उसकी सारी सेना राम की सेना में मिल गई। राम विजयी हुए।

विभीषण शोक तथा रावण की अन्त्येष्टि

रावण को मरा देखकर विभीषण भ्रातृ-शोक से अभिभूत होकर विलाप करता हुआ आत्म घात करने लगा जिसे राम ने समझा-बुझाकर शान्त किया। मन्दोदरी आदि रानियों को भी करुण-क्रन्दन करते देख रामचन्द्र ने आकर समझाया और रावण के दाह संस्कार की तैयारी की। इन्द्रजित् व कुम्भकरण आदि को मुक्त कर दिया गया। राम, लक्ष्मण ने रावण की अन्त्येष्टि में शामिल होकर उसे पद्मसरोवर पर जलांजलि दी।

रावण परिवार का चारित्र-ग्रहण

दूसरे दिन लंकापुरी के उद्यान में अप्रमेयबल नामक मुनि छप्पन हजार मुनियों के साथ पधारे, जिन्हें वहाँ अर्द्धरात्रि के समय केवल ज्ञान उत्पन्न हो गया। राम लक्ष्मण, इन्द्रजित् कुम्भकरण, मेघनाद आदि सभी लोग केवली भगवान को वन्दनार्थ आए। केवली भगवान की वैराग्यवासित देशना श्रवण कर कुम्भकरण मेघनाद इन्द्रजित् ने उनके पास चारित्र-ग्रहण कर लिया। मन्दोदरी पति पुत्रादि के वियोग से दुःख विह्वल थी उसे संयमश्री प्रवर्तिनी ने प्रतिबोध देकर अठावन हजार चन्द्रनखादि स्त्रियों के साथ दीक्षित किया।

राम का लंका प्रवेश

सुग्रीव हनुमान और भामण्डलादि के साथ राम लक्ष्मण लंका-नगरी मे प्रविष्ट हुए। उनके स्वागत मे सारा नगर अभूतपूर्व ढङ्ग से सजाया गया। राम पुष्पगिरि पर्वत के पास पद्मोद्यान मे जाकर सीता से मिले। राम के दर्शन से सीता का विरह दु ख दूर हुआ, देवों ने पुष्पवृष्टि की। सवत्र सीता सती के शील की प्रशंसा होने लगी। लक्ष्मण ने सीता का चरण स्पर्श किया, भाई भामण्डल, सुग्रीव, हनुमान आदि सबसे मिलने के पश्चात् गजारूढ होकर सीता, राम, लक्ष्मण रावण के भवन मे आये। सर्वप्रथम शान्तिनाथ जिनालय में पूजन स्तवन करके शोक सन्तप्त रत्नाश्रव, सुमालि विभीपण, मालवन्त आदि को आश्वस्त किया। राम ने विभीपण को लका का राज्य दिया। विभीषण ने सबको अपने यहाँ बुलाकर खूब भक्ति की। सबने मिल कर राम का राज्याभिपेक करने की इच्छा व्यक्त की तो राम ने कहा—मुझे राज्य से प्रयोजन नहीं, भरत राज्य करता ही है। सीता के साथ राम और विशल्या के साथ लक्ष्मण लंका मे सानन्द रहे। लक्ष्मण की अन्य सभी परिणीताओं को भी बुला लिया गया। राम लक्ष्मण के साथ सहस्रों विद्याधर पुत्रियों का पाणिग्रहण हुआ।

नारद मुनि द्वारा अयोध्या का वर्णन

एक दिन नारद मुनि आकाश मार्ग से घूमते हुए लंका आये। राम ने उन्हें अयोध्या से आये ज्ञातकर भरत के कुशल समाचार पूछे। नारद ने कहा—और तो सब कुशल है पर सीताहरण और लक्ष्मण के संग्राम मे मूर्च्छित होने के बाद विशल्या को अयोध्या से ले जाने

के पश्चात् आपका कोई सम्वाद न मिलने से भरत और माताओं को अपार चिन्ता हो रही है। अयोध्या के समाचारों से राम लक्ष्मण ने नारद मुनि का आभार मानते हुए उन्हें सत्कार पूर्वक विदा किया। तदनन्तर राम ने बिभीषण से अयोध्या जाने के लिए पूछा तो बिभीषण ने सोलह दिन और ठहरने की प्रार्थना की। भरत के पास दूत भेजकर कुशल समाचार कहलाया। भरत दूत को माता के पास ले गया माता ने कुशल समाचार सुनकर दूत को वस्त्राभरणों से सत्कृत किया। अयोध्या नगर में राम लक्ष्मणादि के स्वागत की जोरदार तैयारियाँ होने लगी।

अयोध्याका स्वागत आयोजन और राम का प्रवेश

बिभीषण के आग्रह से १६ दिन और लंका में रह कर राम लक्ष्मण, सीता और विशल्यादि सारा परिवार पुष्पक विमान में बैठकर अयोध्या आया। मार्ग में रामचन्द्रजी ने हाथ के इशारे से अपने प्रवास स्थानों को घटनाचक्र सहित बतलाये। अयोध्या पहुँचने पर चतुरंगिणी सेना के साथ भरत स्वागत करने के लिए सामने आये। नाना प्रकार के वादित्र ध्वनि व मानव-मेदिनी के जय-जयकार युक्त वातावरण में अयोध्या में राम लक्ष्मण सपरिवार प्रविष्ट हुए।

अयोध्या की वीथिकाएँ सुगन्धित जल से छींटी गई। गृह द्वार केशर से लींपे गये पचवर्ण के पुष्प बरसाये गये। मुक्ताओं से चौक पूरा कर तोरण बांधे गए। ध्वजा-पताकाएँ और रत्नमालाएँ लटकाई गई। जिनालयों में सतरह प्रकारी पूजा व महोत्सव प्रारम्भ हुए। बिभीषण की आज्ञा से विद्याधरों ने मणिरत्नादि की वृष्टि की। स्थान

स्थान पर नाटक होने लगे। सधवा स्त्रियाँ पूर्ण कुम्भ धारण कर वधा रही थीं। सब लोग राम लक्ष्मण, सीता, विशल्या, हनुमान, भामंडल आदि के गुणों की भूरि-भूरि प्रशंसा कर रहे थे। सर्वप्रथम राम जब सपरिवार माताओं के महल मे गए तो सुमित्रा, अपराजिता और कैकयी ने पुत्रों व पुत्र-बधुओं का स्वागत किया, राम, लक्ष्मण सपरिवार माताओं के चरणों में गिर पडे। सर्वत्र हर्ष और उत्साह की लहरें उमडने लगी। भरत शत्रुघ्न ने भ्राताओं के चरणों मे नमस्कार किया। राम लक्ष्मणादि की रानियाँ भिन्न-भिन्न महलो मे आनन्द-पूर्वक रहने लगी।

भरत चारित्र-ग्रहण

एक दिन भरत ने प्रबल वैराग्यवश राम के पास आकर दीक्षा लेने की आज्ञा मागते हुए कहा—यह राजपाट संभालिये, मैं असार संसार को त्याग कर मुनि-दीक्षा लूँगा। मेरी पहले से ही मुनि बनने की इच्छा थी, पर माता के आग्रह से राज्य भार स्वीकार करना पडा अब कृपा कर मुझे अपने चिर मनोरथ पूर्ण करने का अवसर दें। राम ने भरत को बहुत समझाया पर उसकी आत्मा संयम रग मे रंजित थी। कुलभूषण केवली के अयोध्या पधारने पर भरत ने हजार राजाओं के साथ चारित्र ग्रहण कर लिया। निर्ग्रन्थ राजर्षि भरत तप संयम से आत्मा को भावित करते हुए विचरने लगे।

राम-राज्याभिषेक

सुग्रीव आदि विद्याधरों ने राम को राज्य ग्रहण करने की प्रार्थना की तो राम ने कहा—लक्ष्मण वासुदेव है, उसका राज्याभिषेक करो,

उसके राजा होनेसे मैं स्वत ही राजा हो गया क्योंकि यह मेरा विनीत व आज्ञाकारी है। तदनन्तर विद्याधरों ने राम लक्ष्मण का अभिषेक किया। राम बलदेव व लक्ष्मण वासुदेव हुए। सीता और विशल्या पट्टरानियां हुईं। राम ने विभीषण को लंका का राज्य सुग्रीव को किष्किन्धा हनुमान को श्रीपुर चन्द्रोदर के पुत्र को पाताल लंका, रत्नजटी को गीतनगर, भामण्डल को दक्षिण वैताढ्य का राज्य देकर सन्तुष्ट किया। अर्द्ध भरत को साधकर राम लक्ष्मण सुखपूर्वक अयोध्या का राज्य करने लगे।

सीता कलंक उपक्रम व सीता की सौतों का विद्वेष

एक दिन सीता ने स्वप्न में सिंह को आसमान से उतर के अपने मुख में प्रविष्ट होते देखा एवं अपने को विमान से गिरकर पृथ्वी पर पड़ते देखा। उसने तुरत राम से अपने स्वप्न की बात कही। राम ने उसके पुत्र युग्म होने का फलादेश बतलाते हुए विमान से गिरने का फल कुछ अशुभ प्रतीत होता है, बतलाया। सीता ने सोचा न मालूम मैंने पूर्व जन्म में कैसे पाप किये थे जिनका अभी तक अन्त नहीं आया। तदनन्तर वसन्त ऋतु आने से सब लोग फाग खेलने के लिए प्रस्तुत हुए। राम सीता और लक्ष्मण विशल्या को फाग खेलते देख प्रभावती आदि सीता की सपत्नियां सौतिया डाह से जलने लगी। उन्होंने परस्पर विमर्श करके सीता को राम के मन से उतार देने का षड्यंत्र रचा और सरल स्वभावी सीता को बुलाकर पूछा कि—रावण का कैसा रूप था? तुमने पद्मवाड़ी में बैठे अवश्य ही उसे देखा होगा? सीता ने कहा—मैं तो नीचा मुख किये अश्रुपात करती रहती थी, मैंने उसके सामने

नजर उठा के भी नहीं देखा। सौतने पूछा—कोई तो रावण का अगोपांग दृष्टिगोचर हुआ ही होगा? सीता ने कहा—नीची दृष्टि किये होने से उसके पाँव तो अनायास ही दीख गये थे। सौत ने कहा—हमे चरण ही आलेखन कर दिखाओ, हमारे मन मे उसे देखने का वडा औत्सुक्य है। इस प्रकार सीता को भ्रमा कर उससे चित्रालेखन करवा के राम को दिखाते हुए कहा कि आप जिसके प्रेम मे लुब्ध हैं वह सीता तो अहर्निश रावण के ध्यान मे, चरण-सेवा मे निमग्न रहती है। हमने कई वार उसे ऐसा करते हुए देखा पर सोचा कौन किसीकी बुराई करे, आज अवसर पाकर आप से कहा है। स्त्री-चरित्र वडा विकट है, यदि विश्वास न हो तो ये चरणों के चित्र का प्रत्यक्ष प्रमाण देख लें। राम के मन मे सीता के शील की पूरी प्रतीति थी, अत. उन्होंने सीता पर लेश मात्र भी सन्देह न लाकर अन्य रानियों के कथन को केवल सौतिया डाह ही समझा।

एक दिन गर्भ के प्रभाव से सीता को दोहद उत्पन्न हुआ कि मैं जिनेश्वर की पूजा करूं, शास्त्र श्रवण करूं, मुनिराजों को दान दूँ। इस दोहद के पूर्ण न होने से उसे दुर्बल और उदास देख कर राम ने कारण ज्ञात किया और वडे समारोह के साथ उसका दोहद पूर्ण किया। एकदा सीता की दाहिनी आँख फरकने लगी। उसने राम के समक्ष भावी चिन्ता व्यक्त कर राम के कथनानुसार दान पूजा आदि का उपचार किया।

सीता कलंक कथा प्रसंग एव राम विकल्प तथा सीता का अरण्य निष्काशन

भावी प्रबल है। राम के अन्त:पुर मे और वाहर भी सीता के

सम्बन्ध में आशंकाएं फैल गई कि परस्त्रीलंपट रावण के यहां इतने दिन रह कर अवश्य ही वह शील बचा नहीं सकी होगी, पर राम ने केवल प्रेम व अभिमानवश ही उसे पुनः स्वीकार किया है। इस प्रकार नगर की नाना अफवाहें सेवक द्वारा राम ने सुनी और दुःखी होकर स्वयं रात्रिचर्या के छिपे नगर में निकल पड़े। राम किसी कारू के गृह द्वार पर कान लगा कर सुनने लगे। उस गृहस्वामी की पत्नी विलम्ब से घर में लौटी थी और वह उसे गाली देते हुए कहने लगा कि मुझे राम जैसा मत समझ लेना, मैं तुम्हें घर में नहीं प्रविष्ट होने दूंगा। राम ने अपने प्रति मेहणा सुन कर बड़ा खेद किया और जले पर नमक छिड़कने जैसा अनुभव किया। राम ने सोचा, लोग कैसे तुच्छ बुद्धि और अवगुणग्राही होते हैं? दुष्ट व दुर्जनों का काम ही पराया घर मांगने का है! उल्लू को सूर्य नहीं सुहाता। सर्वत्र सीता का अपयश हो रहा है भले ही झूठ ही हो पर लोगों में निन्दा तो हो ही रही है अतः अब भी मैं सीता को छोड़ दूं तो अच्छा ही है। इस प्रकार विकल्प जाल में राम को चिन्तातुर देखकर लक्ष्मण ने चिन्ता का कारण पूछा। राम ने नगर में फैले हुए सीता के अपयश की बात कही तो लक्ष्मण ने कुपित होकर कहा—जो सीता का अपवाद करेगा उसका मैं विनाश कर दूंगा। राम ने कहा—लोक लोक है, किस किस का मुंह पकड़ोगे? लक्ष्मण ने कहा—लोग भख मारें सीता सच्ची शीलवती है, परमात्मा साक्षी है। राम ने कहा—तुम्हारा कहना ठीक है पर अब सीता का त्याग किये बिना अपयश दूर नहीं होगा। लक्ष्मण ने बहुत मना किया पर राम ने उसकी एक न सुनी और सारथी कृतान्तमुख को बुला कर आज्ञा दी कि तुम तीर्थयात्रा की दोहद पूर्ति के बहाने सीता

को ले जाकर डंडाकार अटवी मे छोड आओ। उसने सीता को रथ मे बैठा कर सत्वर अटवी का मार्ग लिया। रास्ते में नाना अपशकुनों के होते हुए भी ग्राम, नगर, पर्वतों को उल्लंघन कर सारथी ने सीता को डंडाकार अटवी मे लाकर पहुँचा दिया। वहाँ नाना प्रकार के फल फूलों के वृक्ष और घना जंगल था और सिंघ व्याघ्रादि हिंस्र पशु प्रचुरता से निवास करते थे। सीता ने सारथी से पूछा—राम आदि सब परिवार कहा रह गया व मुझे अकेली को यहाँ कैसे लाये ? सारथी ने कहा—चिन्ता न करें माताजी सब लोग पीछे आ रहे है। नदी पार होने के अनन्तर सारथी ने आँखों मे आँसू लाकर सीता को रथ से उतार कर राम के कुपित होकर त्यागने का सन्देश सुना दिया। सीता वज्राहत की भाँति सुनते ही मूर्च्छित हो गई। थोडी देर मे सचेत होकर कहा—मुझे अयोध्या ले जाकर सत्य प्रमाणित होने का अवसर दो। सारथी ने दुखित होकर अपनी असमर्थता प्रकट करते हुए सीता को रोते कलपते छोडकर अयोध्या की ओर रथ को घुमा लिया।

शोक संतप्त सीता की वज्रजंघ से भेट और सकुशल आवास प्राप्ति

सीता अकेली व असहाय अवस्था में भयानक अटवी मे बैठी हुई नाना विलाप करने लगी। कभी वह पति, देवर, पीहर, ससुराल वालों को उपालंभ देती और कभी अपने पूर्वकृत पापों को दोष देती हुई पश्चाताप करने लगती। अन्त मे वह वैराग्य परिणामों से नवकार मंत्र स्मरण करती हुई एक स्थान पर बैठ गई।

इधर पुण्डरीकपुर का राजा वज्रजंघ हाथियों को पकड़ने के लिये इस जंगल में आया हुआ था। उसने सीता को रोते हुए देखा। अद्भुत सौन्दर्यवाली महिला को इस अटवी में देख कर उसके आश्चर्य की सीमा नहीं रही। उसने अपने मन में विचार किया कि यह अवश्य ही किसी राजा की रानी है, और गर्भवती भी है न मालूम किस कष्ट में पड़ी हुई है? राजा ने अपने सेवकों को सीता के निकट भेजा। उसने भयभीत होकर आभरण फेंकते हुए कहा कि—मुझे स्पर्श न करना। सेवकों ने कहा—बहिन तुम कौन हो? हमें आभूषणों से कोई प्रयोजन नहीं हमारे स्वामी राजा वज्रजंघ ने तुम्हारी खबर करने भेजा है। इतने में ही वज्रजंघ स्वयं मन्त्री मतिसागर के साथ वहां आ पहुंचा। उसने सीता से परिचय पूछा तो उसने मौन धारण कर लिया। मंत्री ने कहा—विपत्ति किसमें नहीं आती, तुम निस्संकोच अपना दुःख कहो। ये मेरे स्वामी राजा वज्रजंघ आर्हत् धर्मोपासक सदाचारी और दृढ़ सम्यक दृष्टि हैं स्वधर्मी के प्रति अत्यन्त स्नेह रखते हैं। तुम निर्भय होकर अपने भाई से बोलो। मंत्री की बातों से आश्वस्त होकर सीता ने वज्रजंघ से अपनी सारी कथा कह सुनाई। वज्रजंघ ने सीता को धैर्य बंधाते हुए कहा—तुम मेरी धर्मबहिन हो मेरे नगर में चलकर आराम से अपने शील की रक्षा करते हुए धर्माराधन करो। इस समय स्वधर्मी बन्धु के शरण में जाना ही श्रेयस्कर समझकर राजा के साथ सीता पुण्डरीकपुर चली गई। राजा ने बड़े सम्मान से दास दासियों के सहित उसे अलग महल दे दिया जिसमें वह सुखपूर्वक काल निर्गमन करने लगी। सभी लोग सीता के शील की प्रशंसा और राम के अविचारपूर्ण दुर्व्यवहार की निन्दा करने लगे।

धीर एवं संयमी राम की गम्भीर विकलता

कृतान्तमुख सारथी ने सीता को वन मे छोडने और सीता द्वारा कहे हुए वाक्यों को राम के सन्मुख निवेदन किया। उसने कहा—सीता को नदी पार होने के पश्चात् जब मैने अटवी मे छोडा तो उसने रुदन और विलाप के द्वारा वन के मृगों तक को रुला दिया। उसने कह-लाया है कि मैने जान या अनजान मे कोई अपराध किया हो तो क्षमा करना व मुझे जैसे बिना परीक्षा किए हुए अटवी मे छोड दिया वैसे आर्हत धर्म रूपी रत्न को मत छोड देना। सीता का सन्देश सुन कर राम मूर्च्छित होकर गिर पड़े और थोडी देर मे सचेत होने पर सीता के गुणों को स्मरण कर नाना विलाप करने लगे। उनको नाना विलाप करते देख लक्ष्मण ने धैर्य बँधाया। राम ने कहा—उस भयंकर अटवी मे उसे हिंस्र पशुओं ने मार डाला होगा, किसी तरह उनसे बच भी गई तो वह मेरे विरह मे जीवित नहीं बची होगी।—अत· उसके निमित्त पुण्य कार्य व देव-गुरु वन्दन करके शोक त्यागो। राम सीता के गुणों को स्मरण करते हुए राजकाज मे लग गये।

लव-कुश जन्म और उनकी वीरता का कथा प्रसंग

वज्रजंघ राजा के यहाँ रहते हुए सीता ने गर्भकाल पूर्ण होने पर पुत्र युगल को जन्म दिया। राजा ने भानजों के जन्म का उत्सव किया और प्रचुर वधाईया बाँटी। दसूठन के दिन समस्त कुटुम्ब परिवार को भोजन कराके अनंगलवण और मदनांकुश यह कुमारों का नामकरण सस्कार किया। सिद्धारथ नामक क्षुल्लक जो ज्योतिष-निमित्तमे प्रवीण थे, तीर्थ यात्रा के निमित्त घूमते हुए सीता के यहाँ आये। सीता ने

उन्हें आहार पानी से प्रतिपाला। क्षुल्लक ने पुत्रों का परिचय प्राप्त कर भावी सुख की भविष्यवाणी की। दोनों कुमार बड़े होकर बहत्तर कलाओं में प्रवीण शूरवीर और साहसी हुए। राजा वज्रजंघ ने अनंगलवण को शशिचूलादि अपनी बत्तीस कन्याएँ दी एवं साथ ही मदनांकुश का पाणिग्रहण करने के लिये पृथिवीपुर के पृथु राजा के पास उसकी पुत्री कनकमाला की मांग की। राजा पृथु ने कुपित होकर अज्ञात कुलशील को अपनी पुत्री देना अस्वीकार करते हुए दूत को अपमानित करके निकाल दिया। वज्रजंघ ने पृथु के देश में लूट पाट व उत्पात मचा कर उसे युद्ध के लिये बाध्य किया। वज्रजंघ के पुत्र युद्ध के निमित्त तैयार हुए तो लवण और अंकुश भी सीता को समझा बुझा कर युद्ध के लिये साथ हो गये। ढाई दिन पर्यन्त कूच करते हुए पृथु से जा भिड़े। दोनों ओर की सेनाओं में तुमुल युद्ध हुआ। लव और अंकुश दोनों शेर की तरह टूट पड़े और अल्पकाल में शत्रु सेना को परास्त कर दिया—पृथु राजा ने कुमारों के प्रौढ़ पराक्रम से ही उनके कुलवंश की उच्चता का परिचय पाकर क्षमा याचना की।

नारद द्वारा लव-कुश का वास्तविक परिचय तथा लव-कुश की अयोध्या जिज्ञासा

इसी अवसर पर नारद मुनि आये और उनके द्वारा सीताराम के नन्दन दोनों कुमारों का परिचय प्राप्त कर सब लोग प्रसन्न हुए। तब अंकुश दोनों ने नारद से पूछा कि अयोध्या यहाँ से कितनी दूर है? नारद ने कहा—एक सौ योजन की दूरी पर अयोध्या है जहाँ तुम्हारे पिता राम और चाचा लक्ष्मण का राज्य है। अपनी माँ को

निरपराध छोडने की बात से कुपित होकर उन्होंने वज्रजंघ से अयोध्या पर चढाई करने के लिये सहाय्य मांगा। वज्रजंघ ने वैर लेने के लिये आश्वासन दिया। पृथु राजा ने अपनी पुत्री कनकमाला कुश को परणा दी। कुछ दिन वहाँ रह कर लव, कुश ससैन्य विजय के निमित्त निकल पडे। वज्रजघ की सहायता से गगा सिन्धु पार होकर काश्मीर काबुल, कैलाश पर्यन्त देशों को वशवर्ती कर लिया। फिर माता के पास विजेता लव कुश ने आकर चरण वंदना की। सीता भी पुत्रों की समृद्धि देखकर प्रसन्न हुई। नारद मुनि ने आकर राम लक्ष्मण का राज्य पाने का आशीर्वाद दिया। लव कुश के मन मे अयोध्या पर चढ़ाई करने की उत्कट तमन्ना होने से तुरंत रणभेरी बजा कर सेना को सुसज्जित कर लिया। सीता ने आँखों मे आँसू लाकर पिता व चाचा से युद्ध करने मे अनथ की आशंका बतलाई तो पुत्रों ने पिता व चाचा को युद्ध मे न मार, सैन्य संहार द्वारा मान भंग करने का निर्णयकहकर सीता को आश्वस्त किया।

लव कुश का अयोध्या प्रयाण

लव कुश की सेना के आगे दस हजार पुरुप पेड पौधे हटाकर जमीन समतल करने वाले चल रहे थे। योजनान्तर मे पडाव डालते हुए क्रमश सेना अयोध्या के निकट पहुची। राम ने कुपित होकर सिंह और गरुड वाहन तय्यार करवाये। नारद मुनि ने भामंडल के पास जाकर सीता वनवास, वज्रजंघ के संरक्षण में लव कुश के बड़े होकर प्रतापी होने का सारा वृतान्त सुनाते हुए उनके द्वारा अयोध्या पर चढाई होने की सूचना दी। भामंडल माता, पिता के साथ सीता

के पास गया और परस्पर मिलकर सब प्रसन्न हुए। फिर सीता को साथ लेकर लवकुश को समझाने के उद्देश से उसके पास आये। अब कुश ने सम्मानपूर्वक भामण्डलादि को अपने पक्ष में कर लिया।

लव कुश का राम से युद्ध

केसरीरथ पर रामचन्द्र व गरुड़रथ पर लक्ष्मण आरूढ़ होकर रणभेरी बजाते हुए ससैन्य निकले। उनके साथ वह्निसिख, वालि खिल, वरदत्त सीहोदर, कुलिस, श्रवण हरिदत्त सुरभद्र मित्रम आदि पांच हजार सुभट थे। लव कुश की सेना में अग कुलिंग कांबर सिंहल, नेपाल पारस मगध पानीपत और बब्बर देश के राजा थे। दोनों दल परस्पर भिड़ गये। खून की नदियां बहने लगीं गगनगामी विद्याधरों में भामण्डल लव कुश का सहायक हो गया और उसने विद्युत्प्रभ सुग्रीव पवनवेग आदि को लव कुश की उत्पत्ति बतलाकर सब को उदासीन कर दिया। लव कुश राम लक्ष्मण से युद्ध करने लगे। तीरों की वर्षा से अश्वों को मारकर व रथों को चकनाचूर करके उन्होंने राम लक्ष्मण को विस्मित कर दिया। वज्रजंघ और भामण्डल लव कुश की सहायता कर रहे थे। बलदेव वासुदेव के देवाधिष्ठित अस्त्र उस समय काष्ठ सदृश हो गए। लक्ष्मण जैसा वीर जिसने कोटिशिला उठाई व रावण को मारा था वह भी कुश के सामने निराश होकर अन्तिम उपाय चक्र-रत्न को छोड़ने के लिए प्रस्तुत हो गया। चक्र के छोड़ने पर वह तीन प्रदक्षिणा देकर वापस लक्ष्मण के पास लौट आया। लोगों ने कहा—साधु के वचन असत्य हो रहे हैं मालूम होता है कि भरतक्षेत्र में नये बलदेव

वासुदेव प्रगट हो रहे हैं। सिद्धार्थ ने कहा—चिन्ता की कोई बात नहीं अपने गोत्र मे कभी चक्ररत्न प्रभाव नहीं दिखाता। लक्ष्मण के पूछने पर नारद और सिद्धार्थ ने कहा कि ये दोनों महानुभाव राम के पुत्र हैं। राम ऐसा सुनकर तुरन्त अस्त्र त्याग कर पुत्रों से मिलने के लिए आगे बढ़े। इतने मे ही लव कुश ने रथ से उतर कर पिता को नमस्कार किया। राम ने प्रसन्नता पूवक पुत्रों को आलिंगन पूर्वक सीता के कुशल समाचार पूछे। लक्ष्मण के निकट आने पर कुमारों ने उन्हें प्रणाम किया। सर्वत्र मगलमय वाजित्र बजने लगे, बधाइया बंटने लगी। सीता भी पिता पुत्रों का मिलाप सुन कर विमान द्वारा वापस चली गई। सब ने वज्रजंघ का वडा भारी आभार माना। सारे परिवार के साथ परिवृत्त लव कुश वड़े समारोह के साथ अयोध्या मे प्रविष्ट हुए। सर्वत्र सीता और लव कुश की प्रशंसा होने लगी।

अयोध्या निवास के लिये सीता संकल्प

एक दिन राम के समक्ष सुग्रीव, विभीषण ने निवेदन किया कि पति और पुत्रों की वियोगिनी सीता जो पुडरीकनगरी मे बैठी है, महान दु ख होता होगा। राम ने कहा—मैं जानता हूँ और मेरा भी हृदय कम दु खी नहीं है पर क्या करूँ मैंने लोकापवाद के कारण ही प्राणवल्लभा सीता को छोडा तो अब किसी प्रकार उसका कलंक उतरे, ऐसा उपाय करो। राम की आज्ञा से भामंडल, सुग्रीव और विभीषण सीता के पास गये और उसे अयोध्या चलने के लिए कहा। सीता ने गद्गद् वाणी मे कहा—मुझ निरपराधिनी को छोडा, इस अपार दु ख से आज तक मेरा कलेजा जला रहा है। अब मुझे प्रियतम के साथ महलों में

नहीं रहना है अयोध्या में मेरा आना केवल धीज करके अपनी सत्यता प्रमाणित करने के लिए ही हो सकता है अन्यथा मेरे लिये धर्म ध्यान के अतिरिक्त दूसरा कोई प्रयोजन अवशिष्ट नहीं है। सुग्रीव द्वारा यह शर्त स्वीकार करने पर सीता उनके साथ आकर अयोध्या के उद्यान में ठहरी।

सीता-शील की अग्नि परीक्षा

दूसरे दिन प्रातःकाल अन्तःपुर की रानियों ने आकर सीता का स्वागत किया। राम ने आकर अपने अपराधों की क्षमायाचना की। सीता ने चरणों में गिर कर कहा प्रियतम! आपको मैं क्या कहूं। आप पर दुख कातर, दाक्षिण्यवान् और कलानिधि हैं, संसार में आप अद्वितीय महापुरुष हैं, पर मुझ निरपराधिनी को बिना परीक्षा किये आपने रण में छोड़ दिया। अग्नि, पानी आदि पांच प्रकार की परीक्षाएँ करा सकते थे पर ऐसा न किया और मुझे अपने भाग्य भरोसे अटवी में धकेल दिया। वहाँ मुझे हिंस्र पशु मार डालते तो मैं आर्त्त रौद्र ध्यान से मरकर दुर्गति में जाती। किन्तु आपका इसमें कोई दोष नहीं मेरे प्रारब्ध का ही दोष है। मेरा आयुष्य प्रबल था। पुंडरीकपुर नरेश ने भ्राता के रूप में आकर मेरी रक्षा की और आश्रय दिया। अब सुग्रीव मुझे यहां लाया है तो मैं कठिन अग्निपरीक्षा द्वारा अपने उभयकुल को उज्वल करूँगी। राम ने अश्रुपूर्ण नेत्रों से कहा—मैं जानता हूं कि तुम गंगा की भाँति पवित्र हो पर अपयश न सहन कर सकने के कारण ही मैंने तुम्हारा त्याग किया। अब तुम निर्सकोच जलती अग्नि में प्रविष्ट होकर अपने को निष्कलंक प्रमाणित करो।

सीता ने राम के वचनानुसार अग्निपरीक्षा द्वारा धीज करना स्वीकार किया।

राम ने एक सौ हाथ दीर्घ वापी खुदवा कर उसे अगर चन्दन के काष्ठ से भरवा दी और उसके चारों ओर से अग्नि प्रज्वलित कर दी गयी। सीता धीज करने के लिए प्रस्तुत हुई। सारे नगर के लोग मिलकर हाहाकार करते हुये राम के इस अन्याय की निन्दा करने लगे। निमित्त-प्रभावक सिद्धार्थ मुनि ने आकर कहा—शील गुणादि से सती सीता एकान्त पवित्र है। चाहे मेरु पर्वत पाताल में चला जाय, समुद्र सूख जाय तो भी सीता मे कोई लाछन नहीं। यदि मैं मिथ्या कहता हू तो मुझ प्रतिदिन पंचमेरु की चैत्य-वन्दना करके पारणा करनेवाले का पुण्य निष्फल हो। मैं निमित्त के बल पर कहता हू कि सीता के शील के प्रभाव से तुरन्त अग्नि जल रूप मे परिणत हो जायगी। सकलभूषण साधु के केवलज्ञान उत्पन्न होने पर इन्द्र वन्दनार्थ आया और उसने सीता की अग्निपरीक्षा की बात सुनकर हरिणेगमेषी देव को आज्ञा दी कि निर्मल शीलालंकारधारिणी सती सीता को अग्नि परीक्षा मे सहाय करना। इन्द्र की आज्ञा से हरिणेगमेषी देव सीता की सेवा में आकर उपस्थित हो गया।

राम के सेवकों ने वापी में अग्नि पूर्णतया प्रज्वलित होने की खबर दी। राम अग्नि ज्वाला को देखकर बड़े चिन्तित हुए और नाना विकल्प करने लगे। अग्नि की प्रचण्ड ज्वाला का प्रकाश एक-एक कोश तक फैल गया और धग-धगाट शब्द होने लगा, धूम्र घटा आसमान मे छा गई। लोगों के हाहाकार के बीच सीता ने स्नानादि

कर अर्हन्त् भगवान की पूजा की। नमस्कार मन्त्र का ध्यान करके तीर्थपति मुनिसुव्रत स्वामी को नमस्कार कर वापी के निकट आई और कहने लगी—हे लोकपालो मनुष्यों और देव-देवियों! मैंने श्री राम के सिवा अन्य किसी पुरुष की मन वचन, काया से स्वप्न में भी वांछा की हो राग दृष्टि से देखा हो तो मुझे अग्नि जला कर भस्म कर देना अन्यथा जल हो जाना! सीता ने अग्निप्रवेश किया उसके शील प्रभाव से द्रया मन्द हो गई, अग्नि ज्वाला में से जल का असह्य प्रवाह फूट पड़ा। पानी की बाढ़ से लोग डूबते हुए हाहाकार करने लगे। विद्याधर लोग तो आकाश में चढ़ गए भूचरों की पुकार सुनकर सती सीता ने अपने हाथ से जल-प्रवाह को स्तम्भित कर दिया। लोगों में सर्वत्र आनन्द उत्साह छा गया। लोगों ने देखा वापी के मध्य में देव निर्मित स्वणमणि पीठिका पर सहस्र दल कमलासन पर सीता विराजमान है! देव दुन्दुभि और पुष्प वृष्टि हो रही है। सीता के निर्मल शील की प्रसिद्धि सर्वत्र फैल गई, उभय कुल उज्ज्वल हुए।

सीता का चारित्र ग्रहण

राम ने सीता से क्षमायाचना करते हुए उसे सोलह हजार रानियों में प्रधान पट्टरानी स्थापन करने की प्रार्थना की। सीता ने कहा—नाथ! यह संसार असार और स्वार्थमय है अब मुझे सांसारिक भोगों से पूर्ण विरक्ति हो गई है। अब मुझे केवल चारित्र धर्म का ही शरण है। उसने अपने केशों का तुरन्त लोच कर लिया। सीता के लुंचित केशों को देखकर राम मूर्च्छित हो गए। शीतोपचार से सचेत होने पर विलाप करने लगे। सर्वगुप्ति मुनिराज ने सीता को दीक्षा देकर चरणश्री

प्रवर्त्तिनी को सौंप दिया और वह निर्मल चारित्र का पालन करने लगी। राम को लक्ष्मण ने समझा बुझा कर शान्त किया। राम सपरिवार सकलभूषण केवली को वन्दनार्थ गजारूढ़ होकर आये, साध्वी सीता भी वहाँ बैठी हुई थी। केवली भगवान ने राग, द्वेष का स्वरूप समझाते हुए धर्मदेशना दी। राजा विभीषण ने केवली भगवान से सीता के प्रसंग से राम लक्ष्मण और रावण के साथ संग्राम आदि होने का परमार्थिक कारण पूछा। केवली भगवान ने पूर्व जन्म की कथा इस प्रकार बतलाई।

सीता का पूर्वभव कथा प्रसंग

